

पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

नई दिल्ली, मंगलवार, 28 नवम्बर, 2023 | वर्ष-16 | अंक-233 | पृष्ठ-10 | मूल्य - 3.00 रुपए



तेलंगाना में पिछले दशक में हुए बदलाव पर करें विचार : केसीआर 02
■ अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले में खनन मंत्रालय को मिला...
■ केजरीवाल के मंत्रियों ने दिल्ली में गंदे पानी की... 03
■ ऑस्ट्रेलिया की सीनेट के लिए चुने गए भारतीय मूल के...
■ हौथी ने अमेरिकी नौसेना विध्वंसक पर मिसाइलें दागी 07
महिलाओं को मजबूत किरदार के रूप में पेश... 10

जगमगाहट



## 22 लाख दीयों से जगमगाए घाट

**वाराणसी।** वाराणसी में जैसे-जैसे शाम हुई शहर दीयों की रोशनी से जगमगाने लगा। दोपहर से ही लोग घाटों पर देवों की दिवाली देखने के लिए जम गए। दीयों से घाट जगमगा उठे। उत्तरवाहिनी गंगा के तट पर 85 घाटों पर 12 लाख और जन सहभागिता से लगभग कुल 22 लाख दीप काशीवासी के घाटों, कुंडों, तालाबों और सरोवरों पर जलाए गए। गंगा द्वार पर लेजर शो के माध्यम से श्री काशी विश्वनाथ धाम पर आधारित काशी का महत्व और कॉरिडोर के निर्माण संबंधित जानकारी लेजर शो के माध्यम से दिखाई गई।

खराब मौसम के बीच 16वें दिन बचाव अभियान जारी

# अब सिलक्यारा सुरंग के ऊपर से की जा रही ड्रिलिंग

■ खराब ऑगर मशीन के हिस्सों को बाहर निकाला जा रहा
■ अब तक की जा चुकी है 30 मीटर तक वर्टिकल ड्रिलिंग

**सिलक्यारा,** 27 नवम्बर (देशबन्धु)। उत्तराखंड के उत्तरकाशी जनपद अंतर्गत, सिलक्यारा सुरंग में फंसे 41 मजदूरों को सुरक्षित बाहर निकालने के लिए अब वर्टिकल ड्रिलिंग और हाथों से खुदाई का काम सोमवार शाम से शुरू कर दिया गया। सिलक्यारा सुरंग रेस्क्यू ऑपरेशन के संबंध में वहां बनाए गए अस्थाई मीडिया सेंटर में आज हुई प्रेस ब्रीफिंग में यह जानकारी दी गई। केंद्रीय सड़क परिवहन व राजमार्ग मंत्रालय के सचिव एवं एनएचआईडीसीएल के प्रबंध निदेशक महमूद अहमद ने बताया कि वर्टिकल ड्रिलिंग का कार्य तेजी से चल रहा है। उन्होंने बताया कि अब तक 30 मीटर वर्टिकल ड्रिलिंग कर ली गई है। आगे का कार्य भी पूरी तेज़ी एवं सावधानी से किया जा रहा है। उत्तराखंड शासन के सचिव डॉ. नीरज खैरवाल ने बताया कि पाइप में फंसे ऑगर मशीन की ब्लेड एवं साफ्ट को काटने का कार्य पूरा कर लिया गया है और ऑगर मशीन के हेड को निकालने का कार्य जारी है। जिसके लिए एक मीटर पाइप भी काटा का चुका है। आगे का कार्य मैन्युअली किया जाएगा।



**ऑपरेशन में जुटे श्रमिकों का हौसला बढ़ाया**

इस दौरान, महानिदेशक, सूचना, बंशीधर तिवारी, एसडीआरएफ कमांडेंट मणिकांत मिश्रा मौजूद थे।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रमुख सचिव डॉ.पीके मिश्रा एवं केंद्रीय गृह मंत्रालय के सचिव अजय भल्ला ने आज उत्तराखंड के सिलक्यारा (उत्तरकाशी) में सुरंग बचाव ऑपरेशन का जायजा लिया। इस दौरान, दोनों अधिकारियों ने ग्राफिकल प्रस्तुतीकरण एवं मैपिंग के माध्यम से टनल की भौगोलिक स्थिति को समझा। डॉ.पी के मिश्रा ने टनल के अंदर चल रहे रेस्क्यू कार्य की बारीकियों को समझा। उन्होंने अधिकारियों के साथ ही रेस्क्यू ऑपरेशन में जुटे श्रमिको, इंजीनियरों से भी जानकारी ली। उन्होंने रेस्क्यू ऑपरेशन में जुटे सभी श्रमिकों का हौसला भी बढ़ाया।

### पांच मोर्चों पर हो रहा काम

**प्लान 01**

**प्लान 01:** सिलक्यारा की तरफ से आठ सौ एमएम के पाइप में फंसी ऑगर मशीन को बाहर निकाला जा रहा है। इसके बाद आगे की खुदाई मैनुवल तरीके से की जाएगी।

**प्लान 02 :** बड़कोट छोर की ओर से टीएचडीसी ने चार ब्लॉस्ट कर 10.7 मीटर अंदर तक राह बना ली है। यहां दो मीटर चैड़ाई का पाइप 483 मीटर तक बिछाया जाना है।

**प्लान 03 :** एसजीवीएनएल ने सुरंग के ऊपर से वर्टिकल ड्रिलिंग कर एक मीटर चैड़ा पाइप 19.2 मीटर तक पहुंचा दिया है। यहां कुल 86 मीटर पाइप ड्रिल किया जाना है।

**प्लान 04 :** आरवीएनएल भी सुरंग के ऊपर एक अन्य स्थान पर वर्टिकल ड्रिलिंग कर रास्ता बनाएगी।

**प्लान 04 :** बड़कोट की तरफ से वर्टिकल ड्रिलिंग को ओएनजीसी ने फील्ड सर्वे कर लिया है। मशीनों को पहुंचाने के लिए 975 मीटर सड़क तैयार की है।

**सार संक्षेप**

### अमित शाह टिप्पणी मामले में राहुल को कोर्ट ने किया तलब



**सुल्तानपुर।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह पर आपत्तिजनक टिप्पणी कांग्रेस के नेता राहुल गांधी को भारी पड़ गई है। उन्हें कोर्ट ने तलब किया है। एमपी-एमएलए की विशेष कोर्ट के मजिस्ट्रेट योगेश कुमार यादव ने यह आदेश देते हुए 16 दिसंबर को अगली सुनवाई तय की है। सहकारी बैंक के पूर्व अध्यक्ष, भाजपा नेता विजय मिश्र ने राहुल गांधी पर पांच साल पहले विशेष न्यायालय में परिवाद दायर किया था, जिस पर अब निर्णय आया है।

### आयरिश लेखक पॉल लिंच ने जीता बुकर पुरस्कार



**डबलिन ।** आयरिश लेखक पॉल लिंच ने अपने उपन्यास 'प्रोफेट सॉन्ग' के लिए 2023 बुकर पुरस्कार जीता है। साहित्यिक पुरस्कार के आयोजकों ने सोमवार को यह जानकारी दी। उन्होंने एक बयान में कहा, सुश्री पॉल लिंच का पांचवां उपन्यास बुकर पुरस्कार 2023 का विजेता है। प्रॉफेट सॉन्ग को 26 नवंबर को लंदन में एक समारोह में बुकर पुरस्कार 2023 का विजेता घोषित किया गया। आयोजकों ने बताया कि सुश्री लिंच यह प्रतिष्ठित पुरस्कार जीतने वाली पांचवीं आयरिश लेखक भी बनीं।


### अत्याधुनिक युद्धपोत का आज होगा अनावरण

**नई दिल्ली।** नौसेना के अत्याधुनिक युद्धपोत इम्फाल की शिखा का मंगलवार को यहां अनावरण किया जाएगा। इस अवसर पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह तथा रक्षा मंत्रालय और मणिपुर के वरिष्ठ अधिकारीगण मौजूद रहेंगे।

## देशभर में ठंड ने दी दस्तक

■ राजस्थान, महाराष्ट्र और गुजरात में भी है बारिश के आसार
■ जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर में तापमान शून्य डिग्री दर्ज किया गया
■ दिल्ली में कई जगहों पर हुई बारिश, तामपान में आई गिरावट

**नई दिल्ली,** 27 नवम्बर (देशबन्धु)। देश में सर्दी ने दस्तक दे दी है। मध्य प्रदेश, राजस्थान, महाराष्ट्र, गुजरात और तमिलनाडु के कई शहरों में रविवार देर रात बारिश हुई है। कुछ राज्यों में बारिश अभी भी जारी है। इसके चलते इन राज्यों में अचानक से ठंड बढ़ गई है। राजस्थान में दिन का पारा 8 डिग्री और दिल्ली में 10 डिग्री तक लुढ़क गया है। दिल्ली में कई जगहों पर बारिश भी हुई है। मौसम विभाग के अनुसार पर्वतीय क्षेत्रों से आने वाली बर्फीली हवाओं से पारा और गिर सकता है। वहीं, जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर में रविवार को तापमान शून्य डिग्री दर्ज किया गया है। इससे एक दिन पहले यहां पारा शून्य से एक डिग्री नीचे था।



गुजरात के कई इलाकों में भारी बारिश के साथ ओले भी गिरे हैं। यहां बिजली गिरने से 24 लोगों की मौत हो गई। इनमें 4 दाहोद, 3-3 बनासकांठा और भरूच, 2 तापी, अहमदाबाद, अमरेली, आनंद, खेड़ा, द्वारका, पंचमहल, पाटन, बोटाद, मेहसाणा, साबरकांठा, सूरत और सुरेंद्रनगर में एक-एक व्यक्ति की मौत हुई है। मौसम विभाग ने मध्य प्रदेश, राजस्थान, महाराष्ट्र और गुजरात में अगले 24 घंटे में भारी बारिश की आशंका जताई है। यहां ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। दिल्ली, उत्तर प्रदेश उत्तराखंड और देश के दक्षिणी राज्यों में अगले दो-तीन दिन बारिश की आशंका है। मौसम विभाग ने इस हफ्ते के अंत तक देश भर में ठंड बढ़ने की संभावना जताई है।

## मैं तेलंगाना में बदलाव की बयार देख रहा हूं: मोदी

प्रधानमंत्री ने कहा, अगले पांच साल राज्य के विकास के लिए महत्वपूर्ण

**करीमनगर,** 27 नवम्बर (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को कहा कि वह तेलंगाना में बदलाव की बयार देख रहे हैं और अगले पांच साल राज्य के विकास के लिए महत्वपूर्ण हैं।

श्री मोदी ने कहा, पहली बार तेलंगाना में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार बनेगी और पिछड़ा वर्ग (बीसी) नेता मुख्यमंत्री होगा। करीमनगर के लोगों ने हुजूराबाद उपचुनाव में मुख्यमंत्री एवं भारत राष्ट्र समिति

■ डबल इंजन सरकार बनने से विकास तेज होगा

(बीआरएस) अध्यक्ष के.चंद्रशेखर राव को हार का ट्रेलर दिखाया। अब विधानसभा चुनाव में आप उन्हें घर भेजने जा रहे हैं। तेलंगाना में भाजपा सरकार बनाना बहुत जरूरी है, क्योंकि 2024 में भाजपा फिर से केंद्र की सत्ता में आएगी और डबल इंजन सरकार बनने से राज्य में विकास और प्रगति काम में



तेजी आएगी। उन्होंने कहा, हम दिखाएंगे कि तेलंगाना देश में नंबर वन कैसे बनेगा। आप तेलंगाना के भविष्य को भाग्य पर नहीं छोड़ सकते। हमें ध्यान रखना होगा। हमारे लिए हर राज्य सहित देश का विकास महत्वपूर्ण है। जब भी आप लोगों को बताएंगे आपने विकास के लिए, देश के गौरव के लिए, जन समर्थन के लिए और गरीबों के कल्याण के लिए वोट किया है, जनता के मन में एक ही नाम आता है वह है भाजपा। मैं बदलाव की बयार देख रहा हूं। उन्होंने कहा, तेलंगाना राष्ट्र समिति (टीआरएस) और कांग्रेस ने आपको धोखा देने का कोई मौका नहीं छोड़ा। भ्रष्टाचार और तुष्टिकरण दोनों पार्टियों का नाम आपके दिमाग में आएगा।

### बीआरएस सरकार ने तेलंगाना में बढ़ाई गरीबी : प्रियंका

**हैदराबाद।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने सोमवार को आरोप लगाया कि भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) केवल चुनाव प्रबंधन करती है और उन्होंने तेलंगाना के लोगों से सत्ताधारी पार्टी को यह दिखाने की अपील की कि वे बिक्री के लिए नहीं हैं। यदाद्री भोंगिर जिले के भोंगिर में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने बीआरएस पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि यह अमीर हो गया है, जबकि तेलंगाना के गरीब और गरीब हो गए हैं। उन्होंने कहा, चुनाव के समय, वे चुनाव प्रबंधन करते हैं लेकिन लोगों को उन्हें बताना चाहिए कि वे बिक्री के लिए नहीं हैं। कांग्रेस महासचिव ने लोगों से बीआरएस को यह दिखाने का आग्रह किया कि उन्होंने अपने अधिकारों के लिए पहले भी लड़ाई लड़ी थी और वे अब भी लड़ सकते हैं। उन्होंने दावा किया कि बीजेपी 10 साल में दुनिया की सबसे अमीर पार्टी बन गई और उसने देश की संपत्ति अपने बड़े उद्योगपति दोस्तों को सौंप दी।

## मणिपुर में कुकी समूह ने राष्ट्रीय राजमार्ग खोले

■ 12 दिन से ब्लॉक कर रखे थे राष्ट्रीय राजमार्ग
■ कानून व्यवस्था पर प्रशासन को घेर रहे थे

**इंफाल,** 27 नवम्बर (एजेंसियां)। मणिपुर में एक प्रभावशाली कुकी समूह ने सोमवार को दो नेशनल हाईवे को खोल दिया, जिन्हें 12 दिन से बंद कर रखा था। कांगपोकपी की कमेटी ऑन ट्राइबल यूनिटी



ने 15 नवबंर को इन हाईवे को बंद किया था। उनका कहना था कि कुकी-जो बहुल इलाकों में कानून व्यवस्था बहाल करने में प्रशासन का रैवया ढुलमुल रहा है। इस कम्युनिटी ने प्रशासन के रवैये के प्रति विरोध जताते हुए इस नगालैंड के शहर दीमापुर और असम के शहर सिलचर से इंफाल को जोड़ने वाले नेशनल हाईवे के कुछ हिस्सों को ब्लॉक कर रखा था, ताकि इंफाल और मणिपुर के बाकी शहरों तक सामान की सप्लाई न हो सके। लेकिन, बाद में कमेटी ने इन इलाकों में ट्राइबल्स की परेशानियों को समझते हुए अस्थायी तौर पर ये इकोनॉमिक ब्लॉकेज हटा दिया। हालांकि कमेटी ने कहा कि अगर जरूरत पड़ी तो वे बंद हटाने के फैसले का रिव्यू करेंगे और इसे दोबारा लागू करेंगे।


**'मणिपुर की समस्या राजनीतिक'**

भारतीय सेना के ईस्टर्न कमांड चीफ राणा प्रताप कलीता ने कहा है कि मणिपुर की समस्या राजनीतिक है, इसलिए इसका समाधान भी राजनीतिक होना चाहिए। कलीता ने ये बात 21 नवंबर को गुवाहाटी के प्रेस क्लब में पत्रकारों से बात करते हुए कही। उन्होंने कहा कि हमारी कोशिश है कि हिंसा रुके। राजनीतिक समस्या का शांतिपूर्ण समाधान निकालना होगा, इसके लिए दोनों पक्षों को प्रेरित किया जाना चाहिए। हिंसा काबू करने में हमें बड़े पैमाने पर कामयाबी भी मिली है। लेकिन कुकी और मैतेई का ध्रवीकरण हुआ है, इसलिए कुछ छिटपुट घटनाएं हो जाती हैं।

## भारतीय राजदूत के साथ खालिस्तानी समर्थकों ने की धक्का-मुक्की

**नई दिल्ली,** 27 नवम्बर (एजेंसियां)। खालिस्तानी समर्थकों के एक समूह ने न्यूयॉर्क में एक गुरुद्वारे के बाहर अमेरिका में भारतीय राजदूत तरणजीत सिंह संधू के साथ धक्का-मुक्की की और उन पर सिख कट्टरपंथी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या करने और प्रतिबंधित सिख फॉर जस्टिस (एसएफजे) संगठन के आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नून की 'हत्या की साजिश रचने' का आरोप लगाया।

■ न्यूयॉर्क के हिक्सविले गुरुद्वारे की है घटना



यह घटना 22 नवंबर को विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची के उस बयान के बाद हुई है, जिसमें उन्होंने कहा था कि अमेरिका ने संगठित अपराधियों, आतंकवादियों और अन्य लोगों के बीच सांठगांठ से संबंधित कुछ इनपुट साझा किए हैं और ये इनपुट दोनों देशों के लिए चिंता का कारण हैं और उन्होंने इस पर कार्रवाई करने का फैसला किया है। यह घटना न्यूयॉर्क के हिक्सविले गुरुद्वारे में हुई,जहां एक व्यक्ति को निज्जर की हत्या के आरोप में संधू पर चिल्लाते हुए सुना जा सकता है, जिसकी इस साल जून में कनाडा में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।

## आपराधिक मामलों पर स्थाई समिति को उपराज्यपाल ने किया भंग

2014 के सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों का बताया घोर उल्लंघन

**नई दिल्ली,** 27 नवम्बर (देशबन्धु)। दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने आपराधिक मामलों में जांच की गुणवत्ता और उनके अभियोजन को सुनिश्चित करने के लिए आप सरकार द्वारा गठित स्थाई समिति को यह कहते हुए भंग कर दिया है कि यह 2014 के उच्चतम न्यायालय के निर्देशों का घोर उल्लंघन है। राज निवास के एक आदेश में यह जानकारी दी गई। समिति को रद्द करने पर दिल्ली सरकार की ओर से तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। अधिकारी ने बताया कि सक्सेना ने कहा कि मौजूदा समिति को जारी रखने का कोई कारण या औचित्य नहीं है और यहां तक कि उनके पूर्ववर्ती ने भी बार-बार इस पर आपत्ति जताई थी।

**राजनीति** एडीआर व तेलंगाना इलेक्शन वॉच ने किया विश्लेषण

## तेलंगाना में दोबारा चुनाव लड़ रहे विधायकों की संपत्ति बढ़ी

**नई दिल्ली,** 27 नवम्बर (देशबन्धु)। तेलंगाना में विभिन्न दलों और निर्दलीय उम्मीदवारों द्वारा फिर से चुनाव लड़ रहे 103 विधायकों की औसत संपत्ति 23.87 करोड़ रुपए है, जो 2018 के 14.44 करोड़ रुपए से लगभग 9 करोड़ रुपए अधिक है, और 90 विधायकों की संपत्ति सोमवार को एक रिपोर्ट में दावा किया गया कि यह तीन फीसदी से लेकर 1,331 फीसदी तक बढ़ गई है।

13 विधायकों की संपत्ति एक फीसदी से 79 फीसदी तक घट गई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि भोंगिर निर्वाचन क्षेत्र से बीआरएस उम्मीदवार पैला शेखर रेड्डी ने 136.47 करोड़ रुपए की वृद्धि के साथ संपत्ति में अधिकतम वृद्धि की घोषणा की है। यह रिपोर्ट एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) और तेलंगाना इलेक्शन वॉच द्वारा तेलंगाना विधानसभा चुनाव 2023 में फिर से चुनाव लड़ रहे 103 विधायकों के स्व-शपथ पत्रों का विश्लेषण करने के बाद तैयार की



■ 103 विधायकों की औसत संपत्ति 9 करोड़ बढ़ी

गई है। रिपोर्ट में कहा गया है, फिर से चुनाव लड़ रहे 103 विधायकों में से 90 विधायकों की संपत्ति तीन फीसदी से लेकर 1,331 फीसदी तक बढ़ गई है और 13 विधायकों की संपत्ति माइनस एक फीसदी से माइनस 79 फीसदी तक घट गई है। इसमें कहा गया है कि 2018 में विभिन्न दलों और निर्दलीय उम्मीदवारों द्वारा फिर से चुनाव लड़ रहे इन 103 विधायकों की औसत संपत्ति 14.44 करोड़ रुपए थी। रिपोर्ट में कहा गया है, '2023 में फिर से चुनाव लड़ रहे इन 103 विधायकों की औसत संपत्ति 23.87 करोड़ रुपए है।' इन 103 फिर से चुनाव लड़ने वाले विधायकों की औसत संपत्ति वृद्धि 9.43 करोड़ रुपए है, जो प्रतिशत वृद्धि 65 प्रतिशत है।

### पैला शेखर रेड्डी की संपत्ति 136.47 करोड़ बढ़ी

रिपोर्ट में कहा गया है कि भोंगिर निर्वाचन क्षेत्र से बीआरएस पैला शेखर रेड्डी ने 136.47 करोड़ रुपए की वृद्धि के साथ संपत्ति में अधिकतम वृद्धि की घोषणा की है। 2018 में उनकी संपत्ति 91.04 करोड़ रुपए थी, जो 2023 में बढ़कर 227.51 करोड़ रुपए हो गई।

# देश

उवाच

प्रधानमंत्री मोदी ने मध्य प्रदेश में किसी को मुख्यमंत्री का चेहरा नहीं बनाया। बीस साल के मुख्यमंत्री पर भरोसा नहीं किया। दूसरे नंबर पर मुख्यमंत्री बनने में नरेंद्र सिंह तोमर का नाम था। अब वह मुख्यमंत्री नहीं बने इसकी सबसे ज्यादा चेष्टा कौन कर सकता हैं।

–जीतू पटवारी, कांग्रेस नेता



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 21.0 | 13.0 |
| मुंबई | 31.0 | 25.0 |
| कोलकाता | 27.0 | 19.0 |
| चेन्नई | 29.0 | 26.0 |

# नलगोंडा विधानसभा में अपना किला वापस पाने की जद्दोजहद में कांग्रेस

**हैदराबाद,** 27 नवम्बर (एजेंसियां)। अन्य बड़े जिलों की तरह ही नलगोंडा की 12 सीटों को भी नए जिलों नलगोंडा, सूर्यापेट और यदाद्रि भुवनगीर में बांट दिया गया है। ग्रामीण क्षेत्रों में कम्युनिस्टों का प्रभाव रहा है। इस बार कांग्रेस-सीपीआई का गठजोड़ भी है। वहीं, बीआरएस के कार्यकर्ता जगह-जगह बने चुनावी कैंपों में अपनी योजनाओं को गिना रहे हैं। उन्हें उम्मीद है कि हर वर्ग, खासतौर पर गांवों में इसी के नाम पर वोट बरसेंगे।

पिछले चुनाव में यहां की 12 सीटों में से कांग्रेस तीन ही सीटों पर जीत पाई थी। उसमें से भी दो विधायक बीआरएस में चले गए थे और एक के भाजपा में जाने के कारण उपचुनाव हुआ था। संयुक्त आंध्र प्रदेश में यह क्षेत्र कांग्रेस का ही गढ़ हुआ करता था। इस बार भी कांग्रेस को मजबूत प्रदर्शन की उम्मीद है। नलगोंडा विधानसभा क्षेत्र में बीआरएस विधायक भूपाल रेड्डी के सामने कांग्रेस ने चार बार के विधायक वेंकट रेड्डी को मैदान में उतारा है। भाजपा से कई शिक्षण संस्थान चलाने वाले निवास गौड़ मैदान में हैं। यहां पर पिछड़ी जातियों की संख्या अच्छी खासी है। इसी कारण फारवर्ड ब्लॉक से पी राजू यादव मैदान में हैं। यहां 30 प्रतिशत तक मुस्लिम हैं। जानकारों का कहना है कि वेंकट रेड्डी की पकड़ यहां काफी मजबूत है। जिस तरह से कर्नाटक में रेड्डी बंधुओं की ताकत रहती थी, वैसी ही इस क्षेत्र में कांग्रेस के इन कोमठ रेड्डी बंधुओं की है। कहा जाता है कि वह खुद तो लड़ते ही हैं, अधिकांश टिकट भी उनकी ही पसंद के दिलाए जाते हैं।



- पिछले चुनाव में कांग्रेस ने 12 सीटों में से तीन ही सीटों पर पाई थी जीत
- कांग्रेस ने चार बार के विधायक वेंकट रेड्डी व भाजपा ने निवास गौड पर लगाया दांव
- बीआरएस ने भूपाल रेड्डी को चुनावी मैदान में उतारा

### कांग्रेस व बीआरएस में मुख्य टक्कर

नागार्जुन सागर बांध सीट पर बीआरएस और कांग्रेस के बीच कई सालों से प्रतिद्वंद्विता है। यहां कांग्रेस के जयवीर रेड्डी और बीआरएस विधायक एन भगत आमने-सामने हैं। नकरेकल में भी कांग्रेस से जीतकर बीआरएस में जाने वाले सी लिंगैया के सामने कांग्रेस से वीवी रेशम हैं। हुजूरनगर में कांग्रेस एमपी कैप्टन उत्तम रेड्डी के सामने एमएलए बी सईदी रेड्डी हैं। कोदार, आलेर, देवारकोंडा, तुगातुर्की में भी कांग्रेस और बीआरएस के बीच ही मुख्य मुकाबला दिखाई देता है। अहम सीट सूर्यापेट से बीआरएस के दिग्गज नेता और मंत्री जगदीश रेड्डी के सामने कांग्रेस ने चार बार के विधायक दामोदर रेड्डी को मैदान में उतारा है। जगदीश रेड्डी के खास रहे बी जनैया यादव ने अब बसपा से ताल ठोक दी है। भाजपा ने टीडीपी से विधायक रहे सी वेंकटेश्वर राव को मैदान में उतारा है।

#### वारंगल ईस्ट की सीट पर भाजपा को भी उम्मीद

वारंगल ईस्ट की सीट पर सबसे ज्यादा घमासान है। यहां पर बीआरएस के विधायक नरेंद्र के सामने कांग्रेस के पूर्व मंत्री के सुरेगा हैं तो भाजपा के पी राव भी मजबूती से चुनावी मैदान में हैं। लगभग ढाई लाख वोटरों में 45 हजार मुसलमानों के साथ 20 से 25 हजार क्रिश्चियन वोटरों की भी अहम भूमिका रहेगी। नरसमपेट, मुलुग, पालाकुर्ती, महबूबाबाद, डेरनाकल, जनगांव, गणपुर और भूपालपल्ली में भी बीआरएस और कांग्रेस के बीच की प्रमुख लड़ाई दिखाई दे रही है। भाजपा को वेस्ट के साथ प्रकल से भी काफी उम्मीदें हैं। दक्षिण के अभिनेता पवन कल्याण की पार्टी से गठबंधन का भी भाजपा को यहां लाभ मिल रहा है। वारंगल में लगभग 12 सौ साल पहले काकरितया साम्राज्य रहा है। एक हजार पिलर का उसी दौर का मंदिर भी है। यह जिला काफी बड़ा है और नए जिले के बनने के दौरान वारंगल जिले में से वारंगल ईस्ट और वेस्ट सहित छह जिले बनाए गए। पिछली बार यहां की अधिकांश सीटों पर बीआरएस ने बाजी मारी थी।

## मतदान में रुकावट डालने पर प्रधान सहित तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**भरतपुर,** 27 नवम्बर (एजेंसियां)। राजस्थान के डीग जिले में कामा विधानसभा क्षेत्र के सांवलेर में शनिवार को मतदान में रुकावट डालने के मामले को लेकर राज्यमंत्री जाहिदा खान के प्रधान पुत्र साजिद सहित 30 लोगों के खिलाफ पुलिस में मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सांवलेर में 25 नवंबर को विधानसभा चुनाव के लिए मतदान के दौरान दौरान बूथ संख्या 98 पर पथराव एवं वोटिंग में हुए बबाल के बाद करीब 20 मिनट तक वोटिंग को रोकना पड़ा था। इस बबाल के बाद हेड कॉन्स्टेबल लेखराज की तरफ से दर्ज कराये गए मामले में बताया गया है कि शांतिपूर्ण मतदान के दौरान अपराह्न साजिद खान ने अपने समर्थकों के साथ बूथ संख्या 98, 99, 100 में बार-बार घुसकर मतदान में व्यवधान पैदा किया और टोकने पर पुलिसकर्मियों से उलझते हुए हेड कॉन्स्टेबल के साथ मारपीट शुरू कर दी। मोबाइल पार्टी, सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं पुलिस फोर्स ने मौके पर पहुंच साजिद खान और उसके समर्थकों को बूथ से बाहर निकाला। इसके बाद साजिद खान ने बूथ के बाहर खड़े लोगों को उकसा कर बूथ के अंदर पथराव कराया और कार में बैठकर भाग गया।

# मप्र के बाद छग में मतगणना की तैयारियों में जुटी कांग्रेस

**नई दिल्ली,** 27 नवम्बर (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश के बाद अब छत्तीसगढ़ में भी कांग्रेस पार्टी ने मतगणना के दिन के लिए अपनी तैयारियां शुरू कर दी हैं। एमपी की तर्ज पर अब छत्तीसगढ़ में भी विधानसभा क्षेत्र के हिसाब से मतगणना एजेंट्स की विशेष ट्रेनिंग शुरू होने जा रही है। 30 नवम्बर तक सभी जिला मुख्यालय संगठन में विधानसभा क्षेत्रवार मतगणना एजेंट्स की ट्रेनिंग होगी। इसके लिए सभी एजेंट्स को जानकारी दे दी गई है। सभी 90 विधानसभा के एजेंट्स को ये ट्रेनिंग दी जाएगी। इस ट्रेनिंग में मतगणना के दौरान कैसे निगरानी रखनी है, कैसे मशीनवार वोटिंग के नंबर लिखने हैं, कैसे मशीन और गिने गए मतों का मिलान करना है, यह सब सिखाया जाएगा।

जानकारी के अनुसार, सोमवार को कोंडागांव, जगदलपुर, बेमेतरा, दुर्ग शहर, सारंगढ़, रायगढ़ और मनेंद्रगढ़ में ट्रेनिंग दी गई। 28 नवम्बर को दंतेवाड़ा, राजनांदगांव, मरवाही और कुनकुरी में यह कार्यक्रम रखा गया है। 29 नवम्बर को कांकेर और अंबिकापुर जिले के अभिकर्ताओं की ट्रेनिंग होनी है। 30 नवम्बर को बालोद, राजिम, महासमुंद, भिलाई 3, रायपुर, जांजगीर-चांपा, सक्ती, बिलासपुर, कवर्धा, कोरबा और प्रतापपुर में ट्रेनिंग होगी। केवल धमतरी ऐसा जिला है, जहां 2 दिसम्बर को ट्रेनिंग होगी। कांग्रेस पार्टी ने राज्य में हर विधानसभा में 2 एआरओ और 14



**मतगणना से पहले एजेंट्स को दिया जाएगा प्रशिक्षण**

काउंटिंग एजेंट बनाया है। इनमें एक बैलेट पेपर एजेंट रहेगा, जो बैलेट पेपर की गिनती खत्म होने के बाद एआरओ की भूमिका में आ जाएगा। राजधानी रायपुर के सभी एआरओ और मतगणना एजेंटों को 30 नवम्बर को ट्रेनिंग की जाएगी। कांग्रेस भवन में होने वाली इस ट्रेनिंग में पीसीसी के पदाधिकारियों के अलावा जिला कांग्रेस के वरिष्ठ नेता भी मौजूद रहेंगे। दरअसल, दोनों पार्टियों के ओर से एजेंट्स काउंटिंग के दौरान मौजूद रहते हैं।

उन्हें पहले से ही उनकी मशीनें और टेबल का नंबर बता दिया जाता है, वो मतगणना की पूरी प्रक्रिया के दौरान वहां तैनात रहते हैं। सभी दलों की तरफ से ये एजेंट्स मतगणना वाले दिन के लिए खास नियुक्त किए जाते हैं।

## सार संक्षेप

### आपत्तिजनक पोस्ट डालने का मुकदमा दर्ज

**अजमेर।** राजस्थान में अजमेर उत्तर विधानसभा क्षेत्र से निर्दलीय उम्मीदवार ज्ञानचंद सारस्वत ने आज गंज थाने में अज्ञात के खिलाफ गोली मारने की धमकी तथा फेसबुक पर फर्जी आईडी बनाकर आपत्तिजनक पोस्ट डालने का मुकदमा दर्ज कराया है। अजमेर नगर निगम के पार्षद तथा भाजपा से बागी होकर विस चुनाव में अंत तक मैदान में डटे रहने वाले ज्ञानचंद सारस्वत ने बताया कि 25 तारीख को फर्जी आईडी बनाकर भ्रामक एवं आपत्तिजनक पोस्ट डालने की घटना हुई, साथ ही अज्ञात द्वारा गोली मारने की धमकी गम्भीर विषय है, जिसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। चुनाव के दौरान राजनैतिक आरोप-प्रत्यारोप लगते रहते है जो अनदेखी करने योग्य होते है और मैंने किए भी हैं। लेकिन फेसबुक आईडी का इस्तेमाल एवं धमकी नजरअंदाज नहीं की जा सकती। मुझे कानून और पुलिस पर पूरा भरोसा है। वे जल्दी ही दोषी आरोपी को ढूंढ़ निकाल कर सजा दिलाएंगे।

### कमलनाथ ने गुरुनानक देव जयंती पर दीं शुभकामनाएं

**भोपाल।** मध्य प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ ने श्री गुरुनानक देव जयंती के अवसर पर सभी को बधाई व शुभकामनाएं प्रेषित की हैं। कमलनाथ ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा है, सिख धर्म के प्रथम गुरु श्री गुरुनानक देव जी के प्रकाश पर्व की सभी को लख लख बधाई। गुरु नानक देव जी के मानवता, परोपकार, भलाई, समाज सुधार के लिए किए गए कार्य अविस्मरणीय होकर आज भी हमारे लिए प्रेरणादायी हैं। कांग्रेस के अन्य नेताओं ने भी गुरु नानक देव जयंती के अवसर पर सिख धर्मावलंबियों को शुभकामनाएं दी हैं।

### राजस्थान चुनाव के बाद भाजपा ने की समीक्षा बैठक

**जयपुर।** राजस्थान में भारतीय जनता पार्टी ने विधानसभा चुनाव के बाद सोमवार को यहां समीक्षा बैठक आयोजित की की गई। भाजपा प्रदेश कार्यालय में भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री एंव प्रदेश प्रभारी अरूण सिंह और भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी के नेतृत्व में इस बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान प्रदेश पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से चुनाव प्रबंधन के अनुभव से जुड़े सुझाव भी लिए गए, जिसमें पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने अपने कार्यानुभव से जुड़े विभिन्न सुझाव दिए। संह ने भाजपा प्रदेश पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए दावा किया कि राजस्थान विधानसभा चुनाव का प्रबंधन मजबूत और सुदृढ़ रहा। जोशी के नेतृत्व में पूरी टीम ने सकारात्मक रुख रखते हुए निरंतर काम किया है। सीपी जोशी का सरल व्यवहार और टीम मैनेजमेंट सहित संवाद और समन्वय बेहतर रहा।

# ओडिशा के पूर्व नौकरशाह कार्तिकेयन बीजद में शामिल

**भुवनेश्वर,** 27 नवम्बर (एजेंसियां)। ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक के 12 साल तक निजी सचिव के तौर पर सेवाएं दे चुके पूर्व नौकरशाह वी. कार्तिकेयन पांडियन अपनी राजनीतिक पारी शुरू करते हुए सोमवार को औपचारिक रूप से बीजू जनता दल (बीजद) में शामिल हो गए। पांडियन आज नवीन निवास पहुंचे, जहां उन्होंने पटनायक से आशीर्वाद लिया और पार्टी के वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में पार्टी में शामिल हो गए। पटनायक ने पांडियन के बीजद में शामिल होने पर स्वागत किया और कहा कि पार्टी को पांडियन के लंबे प्रशासनिक अनुभवों से लाभ मिलेगा। पांडियन ने बीजद में शामिल होने से पहले 5टी के सचिव और मुख्यमंत्री के निजी सचिव के तौर पर काम किया है। उन्होंने 23 अक्टूबर को स्वैच्छिक सेवानिवृत्त ले लिया था। बाद में मुख्यमंत्री ने उन्हें कैबिनेट मंत्री के पद पर 5टी और नबीन ओडिशा का अध्यक्ष नियुक्त किया गया था। वर्ष 2000 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) अधिकारी पांडियन ने अपना करियर ओडिशा में कालाहांडी जिले के धरमगढ़ में उप-जिलाधीश के रूप में शुरू किया और बाद में मयूरभंज तथा गंजम जिलों में कलेक्टर के रूप में कार्य किया। वह 2011 में मुख्यमंत्री के निजी सचिव के रूप में शामिल हुए और वीआरएस का विकल्प चुनने तक इस पद पर कार्यरत रहे। उल्लेखनीय है कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और कांग्रेस ने राज्य में कई सार्वजनिक बैठकों और समारोहों में भाग लेने को लेकर पांडियन की आलोचना की थी और कहा था कि यदि वह राजनीति में शामिल होने के इच्छुक हैं, तो उन्हें आईएएस की नौकरी छोड़ देनी चाहिए।

# तेलंगाना में पिछले दशक में हुए बदलाव पर करें विचार : केसीआर

**हैदराबाद,** 27 नवम्बर (देशबन्धु)। तेलंगाना के मुख्यमंत्री एवं भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) सुप्रीमो के चंद्रशेखर राव ने मतदाताओं से वोट डालने से पहले पिछले 10 वर्षों में तेलंगाना की प्रगति का आकलन करने के महत्व पर जोर दिया। राव ने शादनगर में आयोजित 'प्रजा आशीर्वाद सभा' नामक चुनाव अभियान बैठक के दौरान, मतदाताओं से वोट डालने से पहले विवेकपूर्ण ढंग से सोचने का आग्रह किया और उनसे समर्थन मांगने वाले उम्मीदवारों और पार्टियों का सावधानीपूर्वक मूल्यांकन करने का आग्रह किया क्योंकि यह सीधे राज्य के भविष्य को प्रभावित करता है।

उन्होंने ऐतिहासिक संदर्भ पर प्रकाश डालते हुए वर्ष 2004 की घटनाओं को याद किया जब कांग्रेस ने बीआरएस (जिसे पहले टीआरएस के नाम से जाना जाता था) के साथ गठबंधन किया और केंद्र और राज्य दोनों स्तरों पर सत्ता हासिल की। हालांकि, उन्होंने बताया कि 2005 में अपने आश्वासनों के बावजूद, कांग्रेस तेलंगाना को अलग राज्य का दर्जा देने के वादे को पूरा करने में विफल रही, जब तक कि राव के आंदोलन ने कार्रवाई के लिए मजबूर नहीं किया। वर्ष 1956 में कांग्रेस द्वारा तेलंगाना के आंध्र में विलय की ओर ध्यान आकर्षित करते हुए केसीआर ने तेलंगाना के मुद्दे पर कांग्रेस की प्रतिबद्धता पर सवाल उठाया। उन्होंने 'इंदिरम्मा राज्यम' लाने के कांग्रेस के दावे की विश्वसनीयता पर सवाल उठाया और इस बात पर जोर दिया कि पार्टी ने अपने शासन के दौरान केवल लोगों की भूख से प्रेरित आवाज सुनी थी। गौरतलब है कि तेलंगाना के मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव ने रविवार को खानापुर में आयोजित आशीर्वाद जनसभा में दावा किया था कि बीआरएस अच्छे बहुमत के साथ राज्य में सरकार बनाने जा रही है। पूर्व में 1956 तक यह राज्य हैदराबाद के नाम से हमारा ही था। कांग्रेस सरकार के दौरान हैदराबाद में सिटी कॉलेज के पास सात छात्रों को गोली मार दी गई और इस राज्य को जबर्दस्ती आंध्र में विलय कर दिया गया।

कांग्रेस के नेताओं ने इस पर चुप्पी साध ली। वे इस विषय पर कुछ नहीं बोले। कांग्रेस की गलती के कारण तेलंगाना के सभी लोग 58 वर्षों तक सूखा पीड़ित रहे। पिछली सरकारों के दौरान राज्य में न बिजली थी, न ताजा पानी, न सिंचाई का पानी। हमें अपना तेलंगाना दोबारा पाने में 58 साल लग गए। ये कोई सामान्य बात नहीं है। केसीआर ने कहा कि कांग्रेस नेता कहते हैं कि तीन घंटे बिजली काफी है। कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री शिवकुमार 24 घंटे बिजली देने वाले तेलंगाना में आकर कहते हैं कि हम कर्नाटक में किसानों को पांच घंटे बिजली दे रहे हैं। अगर तीन घंटे बिजली मिलेगी तो किसानों का नुकसान होगा। आप 24 घंटे बिजली चाहते हैं तो जॉनसन नाइक को खानापुर में जीतना चाहिए। कांग्रेस की सरकार आई तो धरणी को हटाकर बंगाल की खाड़ी में डाल दिया जाएगा। धरणी लागू होने से चोर, लुटेरे, रिश्वतखोरों की जेब खाली हो गई है। यदि आप अपनी जमीन बदलना चाहते हैं तो अंगूठे के अलावा मुख्यमंत्री को भी शक्तिहीन बना दिया गया है। यदि धरणी हटा दी गई तो किसान बंधु, किसान बीमा और फसल खरीद के पैसे कैसे मिलेंगे।



- तेलंगाना के मुद्दे पर कांग्रेस की प्रतिबद्धता पर उठाया सवाल

### दो रुपए प्रति किलोग्राम चावल योजना का किया जिक्र

केसीआर ने उस अवधि के दौरान एन टी रामा राव द्वारा शुरू की गई दो रुपए प्रति किलोग्राम चावल योजना का हवाला देकर कांग्रेस के शासन की कहानी को चुनौती दी। उन्होंने मतदाताओं को पिछले दशक में तेलंगाना के परिवर्तन पर विचार करने के लिए प्रोत्साहित किया और 30 नवम्बर को होने वाले आगामी विधानसभा चुनावों में बीआरएस का समर्थन करने की आवश्यकता पर जोर दिया।

# शुरू से ही आरक्षण की विरोधी रही है भाजपा : ललन सिंह



- भाजपा नेताओं पर लगाया गलत बयानबाजी का आरोप

**पटना,** 27 नवम्बर (देशबन्धु)। जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह ने आरक्षण का दायरा बढ़ने के बाद कोर्ट में शिकायत दर्ज करने को लेकर कहा कि यह तो जाना हुआ मामला है न। भाजपा शुरू से ही आरक्षण विरोधी है। उसको आरक्षण पसंद नहीं हैं। बिहार में जो जातीय गणना करवाई गई उसके आधार पर जो रिपोर्ट आई तो उसी के अनुसार आरक्षण तय किया गया। सबसे पहले तो उन्होंने ही कानून तोड़ा जब 50 प्रतिशत से अधिक 10 प्रतिशत सवर्ण का आरक्षण देकर इस नियम को तोड़ डाला। तो हम लोगों ने जाति आधारित गणना करवाई। इस गणना के आधार पर यह काम कर रहे हैं। न्यायालय में जाना तो भाजपा का पुराना काम है। लेकिन जितना न्यायालय गए हैं उतना बार हमारा काम हुआ या नहीं हुआ। हर बार उनको मूंह की खानी पड़ी है। वहीं, भाजपा ने जो बापू सभागार में मीटिंग बुलाई थी उसमें अनर्गल बयान बाजी नहीं करते तो कहीं उनकी खबर छपती।

### सुशील मोदी पर कसा तंज

वहीं, सुशील मोदी से जुड़े सवाल पर ललन सिंह ने कहा कि उनसे हमारी सहानुभूति है। सुशील बेचारे दो बात पहले बोल चुके हैं। जिसकी सजा वह आज तक भुगत रहे हैं। एक बात उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार में प्रधानमंत्री बनने के सारे गुण हैं। दूसरी बात उन्होंने कहा कि बिहार में एक मोदी है ही तो दूसरे मोदी की क्या जरूरत है। इन्हीं दोनों बातों का खामयाजा उन्हें आज तक भुगतना पड़ रहा है। ऐसे में जब तक कुछ बोलेंगे नहीं तब तक राज्यसभा में चुनाव करवाना है तो कैसे होगा। उनके साथ हमारी सहानुभूति है वह कुछ भी बोलते रहें हमें उनकी बातों पर कोई प्रतिक्रिया नहीं देनी है।

## कमलनाथ व कैलाश विजयवर्गीय के फर्जी वीडियो पर केस दर्ज

**इंदौर,** 27 नवम्बर (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश की व्यापारिक नगरी इंदौर में पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ और भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय के फर्जी वीडियो सामने आए हैं, डीपफेक के इन मामलों पर प्रकरण दर्ज कर लिए गए हैं।

पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ का फर्जी वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है, जिसमें लाडली बहना योजना बंद करने की बात कही गई है। इस वीडियो को लेकर कांग्रेस नेता राकेश यादव ने साइबर सेल में शिकायत दर्ज कराई है। वहीं, भाजपा के वरिष्ठ नेता और उम्मीदवार कैलाश विजयवर्गीय का भी एक फर्जी वीडियो वायरल हुआ है। पुलिस अधिकारी की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार डीप फेक मामले में चार प्रकरण दर्ज किया जा चुके हैं, इन मामलों की पुलिस जांच कर रही है। बता दें कि कनाड़िया थाने की पुलिस ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के फर्जी वीडियो जारी करने पर प्रकरण दर्ज किया है।

# परिवार के शासन को कायम रखेगा कांग्रेस-बीआरएस के लिए वोट : शाह

**हुजूराबाद/पेद्दापल्ली (तेलंगाना),** 27 नवम्बर (एजेंसियां)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने जनता से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को महत्वपूर्ण जनादेश देने की अपील की और भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) अध्यक्ष एवं मुख्यमंत्री के.चंद्रशेखर राव को जोरदार संदेश दिया कि लोग भाजपा के साथ खड़े हैं। शाह ने हुजूराबाद में एक सार्वजनिक बैठक को संबोधित करते हुए और पेद्दापल्ली में एक रैली में भाग लेते हुए, मतदाताओं से भाजपा उम्मीदवार एटाला राजेंदर के लिए भारी बहुमत से जीताने का आग्रह किया। साथ ही राव को स्पष्ट संदेश देने के महत्व पर जोर दिया कि अगले चुनाव में बीआरएस के किसी उम्मीदवार की जमानत सुरक्षित नहीं रहना चाहिए। शाह ने कहा कि कांग्रेस के लिए कोई भी वोट अनिवार्य रूप से बीआरएस को फायदा पहुंचाएगा। यदि आप सरकार में बदलाव चाहते हैं, तो अपना वोट भाजपा को दें। कांग्रेस या बीआरएस के लिए वोट केवल परिवार के शासन को कायम रखेगा। मैंने पूरे तेलंगाना का दौरा किया है, और वहां भाजपा के पक्ष में जनता से जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली। पार्टी के सत्ता में आने के बाद पिछड़ा वर्ग समुदाय से एक मुख्यमंत्री नियुक्त करने का वादा करते हुए शाह ने मुसलमानों को दिए गए चार प्रतिशत आरक्षण को वापस लेने और इसे एससी, एसटी तथा बीसी के लिए आरक्षण पुनर्निर्देशित करने का वादा किया। उन्होंने राव पर ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन के राष्ट्रीय अध्यक्ष असादुदीन ओवैसी के डर से मुक्ति दिवस के आयोजन से बचने का आरोप लगाया। शाह ने केंद्र की भाजपा सरकार द्वारा तेलंगाना को दी गई वित्तीय सहायता पर प्रकाश डाला।



**तेलंगाना में मतदाताओं से भाजपा को मजबूत जनादेश देने का किया आग्रह**

उम्मीद | *राजस्थान विधानसभा चुनाव में ऐतिहासिक मतदान से राजनीतिक दलों की धड़कने बढ़ी*

# मतदान के बाद कांग्रेस व भाजपा दोनों कर रहे जीत का दावा

**जयपुर, 27 नवम्बर (एजेंसियां)। राजस्थान में विधानसभा आम चुनाव-2023 के मतदान के बाद अब प्रमुख राजनीतिक दल कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) दोनों ही दल अपनी अपनी जीत का दावा कर रहे हैं। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने दावा करते हुए मीडिया से कहा कि इस चुनाव में कांग्रेस स्पष्ट बहुमत के साथ फिर सत्ता में आ रही हैं।**

इसी तरह भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सी पी जोशी ने भी दावा किया है कि भाजपा प्रचंड बहुमत के साथ यह चुनाव जीतेगी। उन्होंने कहा कि इस चुनाव में भाजपा को जनता का विश्वास एवं जोरदार समर्थन मिला है। जोशी ने कहा कि अब जनता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भाजपा के साथ चल पड़ी है और उसने मोदी और कमल पर विश्वास किया है। उन्होंने कहा कि कमल पर यही विश्वास वर्ष 2019 में देखने को मिला था जब लोग घर से चलकर मतदान केंद्र पर अपना वोट देने पहुंचे और वैसा ही विश्वास इस चुनाव में भी दिखा है। उन्होंने कहा कि इस बार ऐतिहासिक मतदान कई वर्षों बाद हुआ है। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि इस चुनाव में कांग्रेस ने कई तरीके एवं हथकंडे के प्रयास किए और अंतिम समय तक कई फर्जी आईडी भी बनाई गई लेकिन इस बार जनता ने भाजपा के पक्ष में और कांग्रेस की विदाई का मन बना लिया था। उन्होंने कहा कि इस चुनाव में जनता ने कमल के निशान और भाजपा की डबल इंजन की सरकार पर विश्वास जताया है और किसान कर्ज माफ नहीं करने, पेपरलीक लीक और महिलाओं की सुरक्षा नहीं करने के प्रति लोगों ने गुस्सा भी जताया है। उन्होंने कहा कि मोदी ने जो कहा कि वह करके दिखाया हैं जबकि वादाखिलाफी करने वालों को राजस्थान की जनता कभी माफ नहीं करेगी।

इसी तरह भाजपा के प्रदेश प्रभारी अरुण सिंह ने भाजपा की प्रचंड जीत का दावा करते हुए कहा कि इस चुनाव में भाजपा के कार्यकर्ताओं की मेहनत है कि इस बार इतना प्रतिशत में मतदान हुआ। इससे भाजपा प्रदेश में प्रचंड बहुमत से चुनाव जीत रही हैं। इस चुनाव प्रचार में मोदी की सभाओं के बाद भाजपा के पक्ष में माहौल बना और जनता भाजपा के साथ खड़ी रही। उन्होंने कहा कि लोग भाजपा के पक्ष में मतदान करने को उत्सक थे और कांग्रेस के पक्ष में निराशा थी, इसलिए यह ऐतहासिक मतदान हुआ। नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र सिंह राठौड़ ने दावा करते हुए कहा कि इस चुनाव में भाजपा भारी बहुमत के साथ चुनाव जीत रही है। बता दें कि राजस्थान विस चुनाव की प्रदेशभर में वोटिंग के बाद कई जगह मत प्रतिशत में काफी उतार-चढ़ाव देखने को मिला।

पिछली बार के चुनाव से तुलना की जाए तो इस बार मतदान प्रतिशत आगे ही रहा है। इस बार 74 फीसदी से अधिक वोटिंग हुई है। पिछली बार की अपेक्षा इस बार के चुनाव में लोगों ने घर से निकलने में काफी रुचि दिखाई है।



- राजस्थान में इस बार कई वर्षों बाद हुआ ऐतिहासिक मतदान

# कैपिटल ज़ोन

**उल्टा पुल्टा**

मास्टर जी : संगठन में ही शक्ति है का एक अच्छा सा उदाहरण दो...!

छात्र : जेब में एक बीड़ी हो तो टूट जाती है और पूरा बंडल हो तो नहीं टूटता...!

बेचारे मास्टर जी अब तक बेहोश हैं...!

# अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले में खनन मंत्रालय को मिला रजत पदक

**नई दिल्ली,** 27 नवम्बर (देशबन्धु)। दिल्ली के प्रगति मैदान में आयोजित हुए 42वें भारतीय अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले का सोमवार को अंतिम दिन था। अंतिम दिन होने के कारण मेले में भारी भीड़ देखी गई। लोग यहां जमकर खरीदारी करते नजर आए। उधर, इस मेले में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सर्वाधिक लोकप्रिय मंडप में खनन मंत्रालय को रजत पदक से पुरस्कृत किया गया। अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले-2023 में पहली बार कनेक्टिंग बियॉन्ड माइनिंग थीम के तहत खान मंत्रालय द्वारा स्थापित और प्रस्तुत किये गए खनन मंडप ने लोगों को अपनी ओर आकर्षित किया। विशेष रूप से इस मंडप में लगे मैट्रिक्स के स्टॉल ने लोगों को खूब आकर्षित किया। स्टॉल पर मौजूद मैट्रिक्स इंडिया मिनिरल्स की तीसरी पीढ़ी के सामी मक्की ने बताया कि कुछ लोग टिकटें एकत्र करते हैं, कुछ सिक्के इकट्ठा करते हैं, हम खनिज नमूने इकट्ठा करते हैं। हम उन्हें बेचते भी हैं। हालांकि यह शौक भारत में प्रसिद्ध नहीं है, सामी का कहना है कि यह विदेशों में लोकप्रिय है। वे कहते हैं कि कुछ लोग देश या प्रजाति के आधार पर खनिज नमूने एकत्र करते हैं। संग्रह के कई स्तर हैं। मक्की खनिज नमूनों के खनन में विशेषज्ञ हैं। मुख्य रूप से जूलाइट्स, जो महाराष्ट्र के मूल निवासी हैं। वे पूरे भारत में उत्खनन भी करते हैं। वे अपने व्यक्तिगत संग्रह के लिए कुछ खनिज रखते हैं।

■ लोकप्रियता में मैट्रिक्स की नायाब खनिज ने लगाया चार चांद



बाकी वे घरेलू संग्रहकर्ताओं या थोक खरीदारों को बेचते हैं और जर्मनी, फ्रांस, चीन, जापान और संयुक्त राज्य अमेरिका जैसे देशों को निर्यात भी करते हैं। दरअसल, मक्की परिवार खनिज नमूनों की खोज में एक अनोखा परिवार है। उनका जुनून और प्यार धरती से सैकड़ों फीट नीचे दबे खजानों को लगभग 80 वर्षों से, तीन पीढ़ियों से नायाब खनिज के नमूने निकाल रहे हैं। इसकी शुरुआत मोहम्द मक्की के पिता एम.बी मक्की ने शुरुआत की थी।

### अंतिम दिन मेला देखने उमड़े लोग

प्रगति मैदान में अंतिम दिन दोपहर बाद मेला देखने आने वाले लोगों की भीड़ तेजी से बढ़ी। हरेक एंट्री गेट पर लंबी कतार रही। पार्किंग में वाहनों की भरमार रही। सभी हॉल भीड़ से भरे हुए थे। फूड स्टॉल में जगह नहीं मिलने पर लोग खुले मैदान में बैठ कर खाना खाते दिखे। उत्तराखंड, केरल, उत्तर प्रदेश और खादी के पवेलियन में गुड़, चावल, दाल, मसाले, गर्म कपड़े, धूप बत्ती, अगरबत्ती, होम्योपैथिक और आयुर्वेदिक दवा और किचन के सामान की जमकर बिक्री हुई। होम डेकोर और हैंडलूम के सामान खरीदने में महिलाओं ने खूब दिलचस्पी दिखाई। युवा वर्ग ने कपड़े, जूते और परफ्यूम खरीदने में दिलचस्पी दिखाई। बनारस का पेड़ा, मथुरा की बर्फी, गाजियाबाद के मिल्क शेक और छाछ की जमकर बिक्री हुई। हॉल पांच की पहली मंजिल पर किड्स जोन में बच्चे प्ले स्टेशन, स्लाइडिंग, राइडिंग के मजे ले रहे। वीडियो गेम के लिए बच्चे अपनी बारी का इंतजार करते दिखे।

## टीएमसी सांसद का बयान सेना विरोधी : भाजपा

**नई दिल्ली,** 27 नवम्बर (देशबन्धु)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को तेजस लड़ाकू विमान में उड़ान भरी थी। अब टीएमसी सांसद शांतनु सेन ने इसको लेकर चौकाने वाला बयान दिया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने तेजस एयर क्राफ्ट से उड़ान भरी है। अब एक दुर्घटनाग्रस्त हो जाएगा। वहीं भाजपा ने पलटवार करते हुए इसे बेहद आपत्तिजनक और सेना विरोधी बयान बताया है।

मालूम हो कि टीएमसी सांसद शांतनु सेन से अपने एक बयान में कहा है कि प्रधानमंत्री मोदी की वजह से कंगना राणावत की फिल्म बॉक्स ऑफिस में पीट गई। विराट कोहली अंतरराष्ट्रीय जगत क्रिकेट में तीन साल से कोई शतक नहीं बना सके और लंबे समय तक फ्लॉप रहे। विश्वकप फाइनल में प्रधानमंत्री की मौजूदगी की वजह से भारत ऑस्टेलिया से हार गया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने अब तेजस में सफर किया है। यह ऐसा समय है कि कही तेजस भी क्रैश न हो जाए। वहीं सेन के बयान पर भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने हमला करते हुए कहा कि टीएमसी को तुरंत अपने इस सांसद को पार्टी से निष्कासित करना चाहिए। वे अपनी राजनीति में तेजस को क्रैश करने की इच्छा जता रहे हैं। जिससे कि पायलट की मौत हो जाए। उन्होंने कहा कि सेन के इस बयान से टीएमसी का सेना विरोधी बयान सामने आया है।

## टोल टैक्स एकत्रित करने वाली एजेंसी को पहुंचाया जा रहा लाभ : इकबाल सिंह

**नई दिल्ली,** 27 नवम्बर (देशबन्धु)। दिल्ली नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष एवं पूर्व महापौर राजा इकबाल सिंह ने निगम की आप सरकार की कार्यप्रणाली पर सवालिया निशान लगाए। राजा इकबाल सिंह ने आम आदमी पार्टी की मंशा पर सवाल उठाते हुए कहा कि जो पार्टी ईमानदार होने का ढिंढोरा पीट कर निगम की सत्ता पर काबिज हुई थी आज वही आम आदमी पार्टी अपनी अपारदर्शी कार्य प्रणाली का प्रदर्शन करते हुए पिछले दरवाजे से दिल्ली में टोल टैक्स एकत्रित करने वाली कंपनी को लगभग 46 करोड़ रुपए का भुगतान करने संबंधी प्रस्ताव पारित करवाना चाह रही है।

राजा इकबाल सिंह ने कहा कि निगम की आप पार्टी की सरकार चुनिंदा भ्रष्ट अफसरों के साथ सांठ-गांठ करके दिल्ली में टोल टैक्स एकत्रित करने वाली एजेंसी को लगभग 46 करोड रुपए का लाभ पहुंचाने की कोशिश कर रही है। राजा इकबाल सिंह ने कहा कि पूर्व में भी निगम के विशेष अधिकारी ने भी इस प्रस्ताव से संबंधित फाइल पर कुछ आपत्तियां लगाते हुए वापस भेज दिया था। किंतु निगम की सत्ता में आने के बाद आम आदमी पार्टी ने कुछ चुनिंदा भ्रष्ट अधिकारियों के साथ मिलकर इस प्रस्ताव को सदन के पटल पर रखकर गैर कानूनी तरीके से पास कराने के लिए प्रयासरत है। भारतीय जनता पार्टी पूर्व में भी इस प्रस्ताव का विरोध करती रही है और इस प्रकार के गैर कानूनी प्रस्तावों को किसी भी सूरत में सदन से पारित नहीं होने देगी। राजा इकबाल सिंह ने कहा कि वर्तमान में दिल्ली नगर निगम द्वारा अनुबंधित टोल टैक्स एकत्रित करने वाली एजेंसी को कोविड़-19 महामारी के समय में ही अनुबंधित किया गया था एवं एजेंसी ने कोविड-19 की परिस्थितियों के हिसाब से ही टोल टैक्स की बोली लगाई थी तो अब कोविड़-19 महामारी के दौरान हुए घाटे की दुहाई देकर निगम से आर्थिक लाभ लेने की कोशिश एकदम से बेमानी एवं गैर कानूनी है। नेता प्रतिपक्ष राजा इकबाल सिंह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी किसी भी सूरत में इस प्रकार के गैर कानूनी प्रस्तावों को पारित नहीं होने देगी।



■ पूर्व महापौर ने निगम की आप सरकार की कार्य प्रणाली पर उठाए सवाल

## सार संक्षेप

### ओम बिरला ने वासुदेव मावलंकर की जयंती पर दी श्रद्धांजलि

**नई दिल्ली।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश ने संविधान सदन के केंद्रीय कक्ष में लोकसभा के पहले अध्यक्ष गणेश वासुदेव मावलंकर को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की। लोकसभा के महासचिव उत्पल कुमार सिंह ने भी मावलंकर को पुष्पांजलि अर्पित की। मावलंकर का जन्म 27 नवम्बर 1888 को बड़ौदा, जो अभी गुजरात का हिस्सा है, में हुआ था। उन्होंने 1937 में बॉम्बे विधानसभा में अहमदाबाद का प्रतिनिधित्व करते हुए अपनी राजनीतिक यात्रा शुरू की। उन्होंने 1937 से 1946 तक विधानसभा अध्यक्ष के रूप में कार्य किया। वह 14-15 अगस्त 1947 की ऐतिहासिक रात को भारत की आजादी तक छठी केंद्रीय विधान सभा के अध्यक्ष रहे। स्वतंत्रता के बाद, उन्होंने संविधान सभा के अध्यक्ष का प्रतिष्ठित पद संभाला। 17 नवम्बर 1947 से 26 नवम्बर, 1949 तक मावलंकर ने अंतरिम संसद में अध्यक्ष का पद संभाला। उन्होंने 1952 में पहली लोकसभा के गठन तक कार्यवाही का मार्गदर्शन किया। वह 15 मई 1952 को पहली लोकसभा के अध्यक्ष के रूप में चुने गए और 27 फरवरी 1956 में निधन तक उन्होंने समर्पित रूप से देश की सेवा की। उनकी प्रतिबद्धता और योगदान भारत के विधायी इतिहास का अभिन्न हिस्सा है। मावलंकर का चित्र आंतरिक लॉबी में लोकसभा कक्ष संविधान सदन में रखा गया है और 7 सितम्बर 1956 को तत्कालीन प्रधान मंत्री जवाहरलाल नेहरू ने इसका अनावरण किया था।

### प्रकाश पर्व शोभा यात्रा का स्वागत कर लिया आशीर्वाद

**नई दिल्ली।** दिल्ली भाजपा के अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने दिल्ली वासियों को कार्तिक पूर्णिमा एवं श्री गुरू नानक देव जी के प्रकाश पर्व बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर अपनी पारिवारिक परम्परा के अनुसार वीरेन्द्र सचदेवा ने मयूर विहार में स्थानिय श्री गुरुद्वारा साहब में दर्शन अरदास की और अपने घर के बाहर पंज प्यारों का सत्कार कर मयूर विहार आदि में निकाली गई प्रकाश पर्व शोभा यात्रा का भव्य स्वागत कर प्रसाद वितृत किया। दिल्ली भाजपा के अनेक अन्य पदाधिकारीयों, विधायकों, निगम पार्षदों ने भी अपने अपने निवास क्षेत्रों में शोभा यात्राओं का स्वागत सत्कार किया।

### मुठभेड़ के बाद दो शार्पशूटर गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस के विशेष प्रकोष्ठ ने पूर्वी दिल्ली के मयूर विहार में मुठभेड़ के बाद दो शार्पशूटरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने सोमवार को बताया कि मुठभेड़ में एक आरोपी घायल हुआ है। पुलिस ने बताया कि दोनों आरोपियों को एक गायक की हत्या करने का काम सौंपा गया था, जिसके लिए उन्होंने इस साल अक्टूबर में भटिंडा में एक प्रयास किया था, लेकिन सफल नहीं हो सके, क्योंकि गायक घर पर नहीं मिला। पुलिस ने बताया कि पकड़े गये आरोपियों की पहचान राजप्रीत सिंह उर्फ राजा और वीरेंद्र सिंह उर्फ विम्मी के रूप में हुई है। ये दोनों अंतरराष्ट्रीय गैंगस्टर अर्शदीप सिंह उर्फ दल्ला के शार्पशूटर हैं। उन्हें मयूर विहार इलाके में समाचार अपार्टमेंट के सामने अक्षरधाम मंदिर की ओर जाने वाली मुख्य सड़क पर मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया गया। पुलिस जानकारी देते हुए कहा कि आरोपियों के पास से छह कारतूस के साथ एक .45 मिमी रिवॉल्वर और सात कारतूस के साथ एक.30 मिमी पिस्तौल, एक हथगोला और एक चोरी की बाइक बरामद हुयी है। इस सिलसिले में पुलिस ने भारतीय दंड संहिता की धारा, विस्फोटक पदार्थ अधिनियम व शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है।

## केजरीवाल के मंत्रियों ने दिल्ली में गंदे पानी की आपूर्ति की बात स्वीकारी : सचदेवा

**नई दिल्ली,** 27 नवम्बर (देशबन्धु)। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा है कि दिल्ली के लोग यह देखकर आश्चर्यचकित हैं कि मंत्री आतिशी और सौरभ भारद्वाज हास्यास्पद कदम उठाकर अरविंद केजरीवाल सरकार को बचाने की कोशिश कर रहे हैं। सचदेवा ने कहा है कि पिछले 2 सप्ताह के दौरान हमने दिल्ली जल बोर्ड में करीब 5000 करोड़ रूपए के घोटालों का पर्दाफाश किया है और ऐसा लगता है कि हमारे द्वारा कल एसटीपी घोटाले के उजागर होने से सरकार को बहुत नुकसान हुआ है। अपने हर विभाग में हर दूसरे दिन सामने आ रहे दर्जनों घोटालों के कारण दिल्ली सरकार जानती है कि उसके दिन अब गिनती के रह गए हैं और वह केवल उस विशाल बहुमत के आधार पर चल रही है जो जनता ने उसे बहुत विश्वास करके दिया था। भाजपा के कल के खुलासे के बाद सरकार अब अपना चेहरा बचाने की मुहिम पर है और इसलिए आज अरविंद केजरीवाल के 2 नए कनिष्ठ मंत्रियों आतिशी और सौरभ भारद्वाज ने न्यू फ्रेंड्स और रोहिणी में सार्वजनिक रूप से दिल्ली जल बोर्ड के छोटे कर्मचारियों और रोहिणी मे सौरभ भारद्वाज ने सिक्योरिटी गार्ड के साथ दुर्व्यवहार करके नाटकीय दृश्य पेश कर उनको गंदे पानी की सप्लाई एवं अस्पताल मे भ्रष्टाचार का दोषी ठहराया। आठ साल से अधिक समय से बीजेपी कहती आ रही है कि दिल्लीवासियों को डीजेबी से गंदा पानी मिल रहा है और दिल्ली सरकार के अस्पतालों में अत्यधिक भ्रष्टाचार है, लेकिन मनीष सिसौदिया और सत्येन्द्र जैन ने एक शब्द भी नहीं सुना। इसलिए दिल्लीवासी आज यह देखकर प्रसन्न हैं कि केजरीवाल के कनिष्ठ मंत्री आतिशी और सौरभ भारद्वाज दिल्ली में गंदे पानी की आपूर्ति और उनके अस्पतालों में भ्रष्टाचार को स्वीकार कर रहे हैं, भले ही यह राजनीतिक चेहरा बचाने के अभियान का हिस्सा हो।





■ नई दिल्ली स्थित बंगला साहिब गुरुद्वारे में सोमवार को गुरु नानक देव की जयंती पर मोमबत्तियां जलाते लोग। फोटो इम्तियाज खान

## तेलंगाना में किंगमेकर बनने की लड़ाई लड़ रही भाजपा

**नई दिल्ली,** 27 नवम्बर (देशबन्धु)। तेलंगाना में 30 नवम्बर को विधानसभा चुनाव के लिए मतदान कराया जाएगा। मुख्य लड़ाई बीआरएस और कांग्रेस पार्टी के बीच दिखाई पड़ रही है।

हालांकि भाजपा इसे त्रिकोणीय बनाकर किंग मेकर की भूमिका हासिल करने की फिराक में है। इसके लिए प्रधानमंत्री सहित पार्टी के तमाम दिग्गज लगातार लगे हुए हैं। उल्लेखनीय है कि 2018 के विधानसभा चुनाव में भाजपा को महज एक सीट पर चुनाव जीतने में कामयाबी मिली थी। हैदराबाद के गोशामहल विधानसभा सीट से टी राजा सिंह ही विधानसभा पहुंच सके थे। साथ ही पार्टी को सूबे में 6.98 फीसदी मत मिले थे। लेकिन 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने अभूतपूर्व प्रदर्शन किया और पहली बार तेलंगाना से पार्टी के चार सांसद चुनकर संसद पहुंच गए और मतो की संख्या भी बढ़कर 19.65 फीसदी हो गई। वहीं इस बार केसीआर की अगुवाई वाले बीआरएस की लोकप्रियता में गिरावट आई है और कांग्रेस से उसे मुख्य चुनौती मिल रही है।

■ मोदी सहित पार्टी के तमाम दिग्गज मांग रहे वोट

### कर्नाटक सरकार के खिलाफ चुनाव आयोग पहुंची भाजपा

**नई दिल्ली।** तेलंगाना विधानसभा चुनाव के लिए तीस नवम्बर को मतदान कराए जाएंगे। इस बीच कर्नाटक की कांग्रेस सरकार को लेकर भाजपा चुनाव आयोग पहुंच गई है। पार्टी का आरोप है कि कर्नाटक की सरकार तेंलगाना के आसपास के राज्यों के अखबारों में तेलुगु भाषा में विज्ञापन छपवा कर आदर्श चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन कर रही है। सोमवार को भाजपा नेता व केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव की अगुवाई में एक प्रतिनिधिमंडल ने चुनाव आयोग पहुंचकर कांग्रेस पर आरोप लगाया कि वह आचार संहिता का उल्लंघन कर रही है। भाजपा नेता ने कहाकि पिछले दो दिनों से कर्नाटक की कांग्रेस सरकार सरकारी खर्चे पर आध्र प्रदेश, तेलंगाना और आस-पास के राज्यों के अखबारों में तेलुगु भाषा में विज्ञापन छपवा रही है। ऐसा करना आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन है। चुनाव आयोग अपने अधिकार का इस्तेमाल कर इसे रोके। वहीं एक अन्य भाजपा सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने मांग की है कि चुनाव आयोग कर्नाटक सरकार के साथ तेलंगाना कांग्रेस पर भी कार्रवाई करे। बतादें कि तेलंगाना में केसीआर की अगुवाई वाले सत्तारूढ़ बीआरएस का मुख्य मुकाबला कांग्रेस के साथ है। हालांकि भाजपा इसे त्रिकोणीय बनाने की लगातार कोशिश कर रही है।

## डीपीएमआई, दिल्ली में ब्लड बैंकिंग प्रोटोकॉल पर सेमिनार आयोजित

**नई दिल्ली,** 27 नवम्बर (देशबन्धु)। ब्लड बैंकिंग प्रोटोकॉल पर दिल्ली के न्यू अशोक नगर स्थित डीपीएमआई में आज एक सेमिनार का आयोजन किया गया। इसमें दुर्घटनाओं और आपदाओं जैसी आपात स्थितियों में ब्लड बैंकों की महत्वपूर्ण भूमिका, गंभीर रोगियों को तत्काल ब्लड मुहैया करने पर महत्वपूर्ण जानकारी साझा की गई। राजीव गांधी सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, दिल्ली की ब्लड बैंक अधिकारी डॉ. छवि गुप्ता ने मुख्य वक्ता के रूप में सेमिनार को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि जीवन बचाने और उपचार करने, दर्दनाक चोटों से उबरने में मदद करने के लिए ब्लड की उपलब्धता सबसे अहम है। इसलिए युवाओं को इस परोपकारी क्षेत्र में अपना योगदान जरूर देना चाहिए। डीपीएमआई की एमडी पूनम बछेती ने वक्ताओं का धन्यवाद करते हुए कहा कि छात्र-छात्राओं को इस क्षेत्र जागरूक होना बेहद जरूरी है। सेमिनार में ब्लड बैंक के महत्व, ट्रांसफ्यूजन की जरूरत और सुरक्षा प्रोटोकॉल के प्रमुख पहलुओं को शामिल किया गया। इस दौरान डीपीएमआई के छात्रों को अनुभवी और प्रतिष्ठित प्रोफेशनल से सीखने और ब्लड बैंकिंग प्रोटोकॉल को समझने का अवसर मिला।




**आयोजन** *प्रकाश पर्व पर नमामि गंगे यात्रा का हुआ आयोजन*

## स्वयंसेवियों ने गंगाजल की बोतलें की वितरित

**नई दिल्ली,** 27 नवम्बर (देशबन्धु)। कार्तिक पूर्णिमा एवं गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व के शुभ अवसर पर सोमवार को इन्द्रप्रस्थ संजीवनी ने नमामि गंगे यात्रा का आयोजन किया। यह यात्रा नानकसर गुरुद्वारा साहिब राजेंद्र नगर से शुरू की गई। यात्रा को राष्ट्रीय ध्वज दिखाकर क्षेत्रीय थानाध्यक्ष राजेश बरार, भाजपा नेता राजेश भाटिया एवं समाजसेवक जगदीश भाटिया ने रवाना किया। यात्रा राजेंद्र नगर से होती हुई करोलबाग, देवनगर, रायगढ़पुरा, इंद्रपुरी, नारायणा, राजौरी गार्डन पर जाकर समाप्त हुई।

इस दौरान जगह-जगह गुरुद्वारों के बाहर खड़े होकर यात्रा में शामिल स्वयंसेवियों ने गंगाजल की बोतलों का वितरण किया। इस मौके पर संस्था के अध्यक्ष डॉ. संजीव अरोड़ा गंगापुत्र ने कहा कि आज का दिन बहुत ही शुभ है। आज कार्तिक पूर्णिमा का गंगा स्नान पर्व भी है। ऐसे में घर तक हरिद्वार का गंगाजल पहुंचा तो लोगों में खुशी का ठिकाना नहीं रहा। इस दौरान देवनगर में आयोजित भव्य सत्यनारायण कथा में शामिल लोगों के बीच भी हरिद्वार का गंगाजल वितरित किया गया। वहां उपस्थित महिलाओं ने भी इसका स्वागत किया गया। इस अवसर पर भाजपा नेता राजेश भाटिया ने कहा कि सोमवार को प्रकाश पर्व है। गंगा स्नान का पवित्र दिन है। इस दिन इन्द्रप्रस्थ संजीवनी के अध्यक्ष संजीव अरोड़ा जी ने जो नमामि गंगे यात्रा निकाली है, घर-घर तक गंगाजल पहुंचा रही है। यह बहुत पवित्र कार्य है। इसके लिए वह बधाई के पात्र हैं। वहीं थानाध्यक्ष राजेश बरार ने कहा कि प्रकाशपर्व के अवसर पर आयोजित इस पवित्र कार्य इन्द्रप्रस्थ संजीवनी ने मुझे बुलाया। मुझे इस यात्रा में शामिल होकर काफी खुशी मिली। इसके बारे में समाजसेवक जगदीश भाटिया ने कहा कि इन्द्रप्रस्थ संजीवनी हमेशा ऐसे कार्यक्रम आयोजित करती रहती है। लोगों को जागृत करने के लिए यह बहुत अच्छा प्रयास है। मेरी इच्छा है कि डॉ. अरोड़ा आगे भी ऐसे कार्य करते रहें।



■ नानकसर गुरुद्वारा साहिब से यात्रा को राष्ट्रीय ध्वज दिखाकर किया रवाना

■ देवनगर में आयोजित भव्य सत्यनारायण कथा में शामिल लोगों में हरिद्वार का गंगाजल वितरित किया गया

## शिवशक्ति जनकल्याण ट्रस्ट ने किया स्वास्थ्य शिविर आयोजित

**नई दिल्ली,** 27 नवम्बर (देशबन्धु)। रोहिणी सेक्टर-13 फार्मर अपार्टमेंट में शिवशक्ति जनकल्याण द्वारा मेडिकल हैल्थ कैम्प का आयोजन। जिसमे मैक्स हेल्थकेयर ओर क्लोव डेंटल का महत्वपूर्ण योगदान रहा। जिसमे सोसाइटी के प्रेसिडेंट एनएस विरक, सुनील शर्मा, पी एस संधू, संजय कुमार अंबास्ता। सोसाइटी की तरफ से प्रोहत्साहित भी किया गया। मैक्स डाक्टर अंकिता सिंह, डाक्टर मनीष सैनी, डॉक्टर अनीता ठाकुर, डाक्टर ऋतिक राणा, शैलेंद्र कुमार, डॉक्टर अर्जुन कुमार शुभम त्रिपाठी (मैक्स मैनजमेंट हेड) अमित सिंह (कॉर्डिनेटर), संजीव शर्मा चेयरमैन संजय सीवाल जी इंस्पेक्टर के.पी.पांडे, चेतन माहे, सतनाम तिवाना। सभी का योगदान रहा। और दिव्यांग को व्हीलचेयर का वितरण भी किया गया। शिव शक्ति जनकल्याण की संस्थापक एवम प्रेसिडेंट ईशा त्रिपाठी सूरी।

निरंतर समाज के प्रति सेवा भाव से तत्पर रहती है। उनका मन्ना है। समाज सेवा ही सर्वोपरि सेवा है। हमारी संस्था समाज की सेवा करती आई है और इसी प्रकार आगे भी करती रहेगी।

■ मैक्स हॉस्पिटल, आई मंत्रा व डेंटल क्लोव का रहा महत्वपूर्ण योगदान



# कैपिटल ज़ोन

उवाच

कुछ युवकों के द्वारा गाड़ियों से स्टंट किया जा रहा था। इस मामले में वीडियो वायरल हुआ और ट्रैफिक पुलिस ने तत्काल प्रभाव से कार्रवाई करते हुए गाड़ियों को पकड़ लिया। इस दौरान पांच गाड़ियों का चालान काटा गया है। इन गाड़ियों को सीज भी किया गया है और करीब 33000 का चालान किया गया है।

**अनिल यादव, नोएडा डीसीपी ट्रैफिक**

## धार्मिक स्थलों पर लगे लाउड स्पीकर ध्वनी यंत्र की जांच

**नोएडा,** 27 नवम्बर (देशबन्धु)। सोमवार को नोएडा पुलिस कमिश्नरेट ने जगह जगह धर्म स्थलों पर लगे लाउडस्पीकरों व ध्वनि यंत्रों के खिलाफ बड़ी कार्यवाही करते हुए कई धर्मिक स्थलों से लाउड स्पीकर को हटाया गया। नोएडा पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह के निर्देश पर सोमवार को एक विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत सोमवार की सुबह पांच से सुबह सात बजे तक कार्यवाही की गई। नोएडा पुलिस कमिश्नरी के सभी जोन में सार्वजनिक, धार्मिक स्थलों पर लगे लाउड स्पीकर/ध्वनि यंत्र के संबंध में विशेष अभियान चलाते हुए 188 सार्वजनिक/धार्मिक स्थलों पर लाउडस्पीकर चैक किये गए, जिनमें 47 लाउड स्पीकर/ध्वनि यंत्र की आवाज मानक के अनुरूप कराई गई। इसके अलावा 17 लाउडस्पीकर/ध्वनि यंत्र सार्वजनिक/धार्मिक स्थलों से उतरवाये गए। अभियान के अंतर्गत 17 लोगो को नोटिस दिये गए एवं 21 लोगों के विरूद्ध धारा 107/116 के अंतर्गत सीआरपीसी की कार्रवाई की गई।

## छात्रों को मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले गिरोह के नौ सदस्य गिरफ्तार

**नोएडा,** 27 नवम्बर (देशबन्धु)। नामी विश्वविद्यालयों और कॉलेजों के छात्रों को मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले अंतरराष्ट्रीय गिरोह का पर्दाफाश करते हुए सेक्टर-126 थाने की पुलिस ने सोमवार को नौ आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों में नामी विश्वविद्यालय में पढ़ने वाले छात्र भी

- **आरोपियों में चार तस्कर एक नामी विश्वविद्यालय के छात्र**
- **25 लाख रुपए का मादक पदार्थ और दस मोबाइल भी बरामद**



शामिल हैं। छात्रों की मांग पर आरोपी ताइवान के ओजी गांझा और शिलोंग व उदयपुर के देसी गांजे की आपूर्ति करते थे। आरोपियों के कब्जे से कोकीन, चरस और ड्रग्स भी बरामद हुई है। इनको मयूर गोलचक्कर के सामने सर्विस रोड की ग्रीन बेल्ट के पास से गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों की पहचान बागपत निवासी अक्षय कुमार, मैनपुरी निवासी राजन सिंह, मध्यप्रदेश के बुरहमपुर निवासी दर्शन कुमार, बिहार के मुजफ्फरपुर निवासी आदित्य कुमार, बदायूं निवासी सतेंद्र श्रीवास्तव, फिरोजपुर निवासी सागर बजाज, मेरठ निवासी अनित सोम, गाजियाबाद निवासी अपूर्व सक्सेना और राजस्थान के झुन्झुन निवासी नरेंद्र कुमार के रूप में हुई है। डीसीपी हरीश चंदर ने बताया कि अक्षय कुमार गिरोह का सरगना है। उसकी पत्नी ताइवान में नौकरी करती है। पत्नी के माध्यम से अक्षय ताइवान से कुरियर से ओजी गांजा मंगवाता है और उसकी आपूर्ति दिल्ली-एनसीआर के विश्वविद्यालयों और कॉलेजों में कराता है।

वहीं नरेन्द्र राजस्थान से देशी गांजे की खेप लाकर उसे यूनिवर्सिटी व लॉ कॉलेज में पढने वाले छात्रों को अपने जाल में फंसाकर गैंग के रूप में तैयार कर मादक पदार्थों की सप्लाई करता है। मादक पदार्थों की डिलीवरी के लिए निजी राइडर तैयार किए जाते हैं, जो डिमांड पर मादक पदार्थों की डिलीवरी करते है। जिनमें मुख्य रूप से सागर, अनित व अपूर्व सक्सेना हैं। गिरफ्तार राजन दिल्ली से नोएडा ओला कैब चलाता है। वह दिल्ली में रहने वाले नाइजीरियन मूल के नागरिकों से कोकीन प्राप्त कर यूनिवर्सिटी के छात्रों को उसकी सप्लाई करता है। यह गैंग शिलोंग गांजा, देसी उदयपुर गांजा व अन्य मादक पदार्थ जैसे चरस, कोकीन, एमडीएमए आदि मादक पदार्थों की आपूर्ति करता है। ।

### आठ हजार में मिलता है पार्सल

एडिशनल डीसीपी शक्ति मोहन अवस्थी ने बताया कि आरोपी सागर एक नामी विश्वविद्यालय में एमबीए द्वितीय वर्ष का छात्र है। आदित्य बीए एलएलबी चतुर्थ वर्ष जबकि दर्शन बीए एलएलबी तृतीय वर्ष का छात्र है। अपूर्व सक्सेना एमबीए द्वितीय वर्ष का छात्र है। ये सभी छात्र यूनिवर्सिटी के साथ ही अन्य शैक्षिक संस्थानों के छात्र छात्राओं को मादक पदार्थ सप्लाई करते हैं। आरोपी स्नैपचैट, टेलीग्राम, व्हाट्सएप के माध्यम से अलग अलग लोगों को नशीला पदार्थ उपलब्ध कराते हैं। डील भी ऑनलाइन तय की जाती है।

ऑर्डर लेने के बाद आरोपी ऑनलाइन रकम प्राप्त करते हैं और उसके बाद ग्राहक द्वारा बताए गए पते पर मादक पदार्थ पहुंचा दिया जाता है। आरोपियों के पास से छोटे-छोटे पार्सल के रूप में कुल 62 पार्सल बरामद हुए हैं, जिनमें ये विदेशी गांजा ओजी व भारतीय गांजा (शिलोंग का) रखते हैं। आरोपी इसे राइडर को देकर डिलीवरी कराते है, ताकि लगे कि एमेजन, फिल्पकार्ट आदि का पार्सल डिलीवर किया जा रहा है। एक पार्सल के पैकेट को ये सात से आठ हजार रुपए में बेचते है। ओजी एक विदेशी गांजा है जिसकी मादकता भारतीय गांजे से काफी अधिक होती है। यही कारण है कि देश में उसकी बहुत मांग है।

### सरगना खुद भी जाता है ताइवान

एसीपी रजनीश वर्मा ने बताया कि ओजी गांजा की सप्लाई अक्षय कुमार ताइवान से करता है। उसकी पत्नी ताइवान में नौकरी करती है। अक्षय कुमार खुद भी ताइवान जाकर ओजी लेकर आता है। सरगना इसे प्रति ग्राम दस हजार रुपए में बेचता है। राजन सिंह दिल्ली के तुगलकाबाद से नाइजीरियाई मूल के नागरिक से एमडीएमए तथा कोकीन की सप्लाई लेता है। पुलिस नाईजीरियन मूल के नागरिक के बारे में भी जानकारी जुटा रही है। अपूर्व द्वारा चरस की सप्लाई की जाती है। यह गिरोह नोएडा में यूनिवर्सिटी, लॉ कॉलेज व अन्य शैक्षिक संस्थानों, पीजी, हॉस्टल आदि जगहों पर युवक, युवतियों को मादक पदार्थों की आपूर्ति करता है। मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले अन्य अभियुक्त शुभम जैन उर्फ योगेन्द्र, युवराज, उपेन्द्र निवासी गाजियाबाद के नाम प्रकाश में आए हैं।

**कई जगह सुरक्षा में भी चूक**

ताइवान से कुरियर के माध्यम से मादक पदार्थों का नोएडा तक पहुंचना सुरक्षा के दावों की पूरी पोल खोल देता है। इसमें कस्टम समेत कई अन्य विभाग की भी संलिप्तता की आशंका जताई जा रही है। बीते दो सालों से आरोपी शहर में मादक पदार्थों की तस्करी कर रहे थे और पुलिस को इसकी भनक तक नहीं लगी। बरामद गांजे की कीमत 25 लाख रुपये बताई जा रही है। आरोपियों के कब्जे से 15 किलो 140 ग्राम देसी गांजा, 30 ग्राम कोकीन, 20 ग्राम एमडीएमए की गोली, 150 ग्राम चरस, दस मोबाइल, दो इलेक्ट्रॉनिक तौल मशीन, तस्करी में इस्तेमाल टाटा सफारी और दो मोटरसाइकिल भी बरामद हुई है।

## सार संक्षेप

### युवक ने की आत्महत्या

**नोएडा।** गढी चौखंडी गांव में रहने वाले 26 वर्षीय युवक ने घर पर फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। शाहजहांपुर निवासी अनुराग शुक्ला बीते कई दिनों से किसी बात को लेकर तनाव में था। वह शराब पीने का भी आदी था। मृतक के पास से पुलिस को कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। आत्महत्या के कारणों की जानकारी की जा रही है। आसपास के लोगों ने बताया कि अनुराग लोगों से कम ही बात करता था।

### कार की टक्कर से मोटरसाइकिल सवार घायल

**नोएडा।** सेक्टर-57 चौराहे के पास देर रात तेज रफ्तार कार के चालक ने सामने से टक्कर मारकर मोटरसाइकिल सवार युवक को गंभीर रूप से घायल कर दिया। हादसे के बाद चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया। सेक्टर-58 पुलिस को दी शिकायत में शाहदरा निवासी सत्यवीर सिंह ने बताया कि उनका 26 वर्षीय बेटा हर्ष नोएडा में टाटा क्रोमा कंपनी में काम करता है। बीते दिनों रात 12 बजे के करीब जब वह साथियों के साथ बाइक से दिल्ली लौट रहा था तभी सेक्टर-57 चौराहे के पास अज्ञात कार के चालक ने बाइक में सामने से टक्कर मार दी। हादसे में हर्ष गंभीर रूप से घायल हो गया। अस्पताल पहुंचने में देरी होने के कारण युवक की हालत बेहद गंभीर हो गई है। हादसे में युवक की बाइक भी पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई है। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज को खंगाला जा रहा है।

### दुष्कर्म के मामले में फरार वांछित गिरफ्तार

**नोएडा।** शादी का झांसा देकर युवती के साथ दुष्कर्म कर फरार होने वाले आरोपी को फेज तीन थाने की पुलिस ने सोमवार को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की पहचान बिहार के सीतामढ़ी निवासी प्रहर्ष अनुराग के रूप में हुई है। मुखबिर से मिली सूचना पर उसे पर्थला गोल चक्कर के पास से गिरफ्तार किया गया। थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपी ने एक युवती से ऑनलाइन दोस्ती की। निकटता बढ़ने के बाद आरोपी ने युवती से शादी करने की बात कही। धोखे से प्रहर्ष ने युवती को एक स्थान पर बुलाया और उसके साथ दुष्कर्म किया। युवती ने जब शादी करने का उस पर दबाव बनाया तो उसने इनकार कर दिया। इस संबंध में युवती ने एक नवम्बर को फेज तीन थाने में मामले की शिकायत की थी। आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म की धारा में केस दर्ज करने के बाद बीते कई दिन से पुलिस उसकी तलाश कर रही थी। किसी काम के लिए सोमवार को जब आरोपी नोएडा आया तो सूचना पर पुलिस ने उसे दबोच लिया।

### गांजे के साथ महिला तस्कर गिरफ्तार

**नोएडा।** शहर के अलग-अलग हिस्से में गांजे की तस्करी करने वाली महिला तस्कर को फेज वन थाने की पुलिस ने सोमवार को गिरफ्तार कर लिया। महिला तस्कर की पहचान जेजे कॉलोनी निवासी शहनाज के रूप में हुई है। उसके पास से एक किलो 200 ग्राम गांजा बरामद हुआ है। थाना प्रभारी ने बताया कि शहनाज दिल्ली से गांजा मंगाकर उसकी पुड़िया बनाती थी और तीन गुना दाम पर उसे बेचती थी। मुखबिर से मिली सूचना पर पुलिस ने उसे सेक्टर नौ स्थित सुलभ शौचालय के पास से दबोचा गया। महिला तस्कर के खिलाफ सेक्टर-20 और फेज वन थाने में चार केस विभिन्न धाराओं में दर्ज हैं।

## कार की टक्कर से स्कूल जा रही 12 वर्षीय किशोरी गंभीर रूप से घायल

- **फेज दो थानाक्षेत्र में हुए हादसे में घायल दो की हालत बेहद गंभीर**
- **सभी घायलों का अस्पताल में चल रहा उपचार**

**नोएडा,** 27 नवम्बर (देशबन्धु)। गोयल कालोनी के निकट तेजी और लापरवाही से वाहन चलाते हुए कार चालक ने स्कूल जा रही 12 साल की किशोरी को टक्कर मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। हादसे में बच्ची का बायां पैर टूट गया और दूसरे पैर की हड्डी टेढ़ी हो गई। एक निजी अस्पताल में उसका उपचार चल रहा है। घायल किशोरी के पिता की शिकायत पर फेज दो पुलिस ने कार चालक को नामजद करते हुए उसके खिलाफ विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। शिकायत में गोयल कालोनी निवासी मनीष रावत ने बताया कि उसके मोहल्ले में ही भूपेंद्र परिवार के साथ रहता है। बीते दिनों जब मनीष की 12 वर्षीय बेटी साक्षी स्कूल जा रही थी तभी माता जी के मंदिर वाली गली में भूपेंद्र ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए उसे टक्कर मारकर घायल कर दिया। घटनास्थल पर मौजूद लोगों ने जब इसका विरोध किया और किशोरी को उपचार के लिए अस्पताल ले जाने की बात कही तो भूपेंद्र ने उनसे भी गाली गलौज की। किशोरी को तड़पता छोड़कर वह मौके से वाहन सहित फरार हो गया। केस दर्ज होने के बाद चालक फरार है। चालक की तलाश में दबिश दी जा रही है।

## स्टंट बाजों के खिलाफ नोएडा पुलिस का एक्शन

**नोएडा,** 27 नवम्बर (देशबन्धु)। पुलिस कमिश्नरेट गौतम बुद्ध नगर में स्टंटबाजों के खिलाफ पुलिस लगातार कड़ी कार्रवाई कर रही है। ऐसा ही मामला रविवार रात देखने को मिला, जब कुछ युवक गाड़ियों में सवार होकर स्टंटबाजी कर रहे थे और एक गाड़ी से कुछ युवक पैसे भी उड़ा रहे थे। इसकी सूचना ट्रैफिक पुलिस को मिली। इस मामले में तत्काल कार्रवाई करते हुए सभी गाड़ियों को बिसरख थाना क्षेत्र में पकड़ लिया गया और पांच गाड़ियों को सीज कर दिया गया।

रविवार रात को आधा दर्जन गाड़ियां स्टंट बाजी कर रही थी। दरअसल सेक्टर-37 के पास से यह गाड़ियां निकली। इन गाड़ियों



- **5 गाड़ियों का 33 हजार का कटा चालान**

की खिड़कियों से बाहर युवक निकले हुए थे और स्टंटबाजी कर रहे थे। इसके अलावा एक गाड़ी से एक युवक नोट भी उड़ा रहा था। जब यह गाड़ियां सेक्टर-37 के पास से गुजरी तो किसी व्यक्ति के द्वारा इसका वीडियो बना लिया गया और वीडियो को सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया गया। वीडियो वायरल होते ही नोएडा की ट्रैफिक पुलिस हरकत में आ गई।

डीसीपी ट्रैफिक अनिल यादव ने तत्काल इन वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई के आदेश दिए। इसके बाद ट्रैफिक पुलिस ने बिसरख थाना क्षेत्र में इन सभी गाड़ियों को पकड़ लिया। इस दौरान वीडियो में दिख रही पांच गाड़ियों को सीज कर दिया गया और इन सभी गाड़ियों के करीब 33000 के चालान भी काटे गए। हुड़दंग मचा रहे युवकों के खिलाफ भी कार्रवाई की गई। बताया जा रहा है कि यह सभी लोग दिल्ली से अपने दोस्त की बारात में आए हुए थे। इस दौरान यह लोग स्टंट बाजी करने लगे लेकिन नोएडा पुलिस की शख्ती के चलते इन्हें स्टंट बाजी करना भारी पड़ गया।

नोएडा के डीसीपी ट्रैफिक अनिल यादव ने बताया कि कुछ युवकों के द्वारा गाड़ियों से स्टंट किया जा रहा था। इस मामले में वीडियो वायरल हुआ और ट्रैफिक पुलिस ने तत्काल प्रभाव से कार्रवाई करते हुए गाड़ियों को पकड़ लिया। इस दौरान पांच गाड़ियों का चालान काटा गया है। इन गाड़ियों को सीज भी किया गया है और करीब 33000 का चालान किया गया है। इस मामले में अभी और आगे की कार्रवाई की जा रही है। बिसरख पर एफआईआर पंजीकृत की गई है। तथा 5 लोगों को गिरफ्तार कर 5 गाड़ी सीज की गई और ट्रैफिक पुलिस द्वारा 12 गाड़ियों का प्रत्येक का 33000 कुल 3 लाख 96 हजार रुपए का ई-चालान की कार्रवाई की जा चुकी है।

## परंपरागत तरीके से मनाया गया प्रकाशोत्सव, शहर में निकला नगर कीर्तन

- **गुरू नानक देव जी के बताए मार्ग पर चलकर ही मानवता का कल्याण**

**गाजियाबाद,** 27 नवम्बर (देशबन्धु)। महानगर में सोमवार को गुरू नानक देव जी का 554वां प्रकाश पर्व बड़ी श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। महानगर के गुरुद्वारों में अनेक धार्मिक कार्यक्रम किये गए। साथ ही महानगर में नगर कीर्तन भी निकाला गया। भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेन्द्र सिंह शिशौदिया ने कहा कि गुरू नानक देव जी के बताए मार्ग पर चलकर ही समाज का कल्याण सम्भव है, हमें समाज में सभी वर्गो में एकता और भाईचारे को बढ़ावा देने के सार्थक प्रयास करने की आवश्यकता है। महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा ने कहा कि सिक्ख गुरुओं के आदर्श हमें मानवता के लिए कार्य करने की शक्ति देते हैं। अल्पसंख्यक आयोग उप्र के पूर्व सदस्य सरदार एस पी सिंह ने प्रबंध समिति के अध्यक्ष रवीन्द्र सिंह जौली ने सभी का स्वागत किया। इसी कड़ी में बजरिया गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह



सभा रेलवे रोड बजरिया पर प्रकाश पर एक बड़े कार्यक्रम का आयोजन रखा गया। शनिवार को अखंड पाठ की आरंभता हुई थी और आज सुबह 10 बजे अखंड पाठ की समाप्ति हुई पाठ समाप्ति के बाद कीर्तन आरंभ हुआ। जिसमें सबसे पहले हजूरी रागी संत सिंह जी ने गुरु जस गायन किया उपरांत आगरा से आए रागी सिंह गगनदीप सिंह जी ने 1 घंटे तक गुरु जस गायन करके संगत को निहाल किया बाद में गुरु की नगरी अमृतसर से दरबार साहब के हजूरी रागी सिंह गगनप्रीत सिंह जी द्वारा गुरु जस गायन किया गया 1.00 बजे गुरु का लंगर आरंभ हुआ गुरु मर्यादा के हिसाब से एक पंगत में बैठकर बिना किसी भेदभाव के सबने गुरु लंगर ग्रहण किया। बाबा नानक जी ऐसे गुरु थे जिनको हर धर्म का व्यक्ति अपना पीर





पैगंबर अपना ईस्ट मानता है पूरी जिंदगी बाबा नानक जी का एक ही मिशन रहा वह ब्रह्म को दूर करना छोटे और बड़े के भेदभाव को खत्म करना नेक कमाई करके आपस में बिल बांट के खाना यही समझाया बाबा नानक जी ने पूरे भारत का भ्रमण करके लोगों के बीच में जाकर सबको समझने का पूरे गुरुद्वारा को फूल मालाओं के साथ लाइटों की डेकोरेशन के साथ सजाया गया। इस सारी व्यवस्था को बनाने में मुख्य रूप से भूमिका गुरुद्वारे के प्रधान इंद्रजीत सिंह टीटू की महामंत्री एसपी सिंह ओबरॉय जी की वीर खालसा दल के अध्यक्ष कुलविंदर ओबरॉय जी जगमोहन कपूर जी स्टेज सेक्रेटरी सरदार हरविंदर सिंह जी और दविंदर चौहान की रही। उधर प्रताप विहार स्थित गुरुद्वारे में कीर्तन हुआ। इस मौके पर गुरुद्वारा कमेटी के प्रधान जुझार सिंह के अलावा पंजाबी महासभा के अध्यक्ष देशराज देसी, हरजीत सिंह बिट्टू, सुखविंदर सिंह, राजू मल्होत्रा प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## घायलों में दो की हालत बेहद गंभीर

**नोएडा,** 27 नवम्बर (देशबन्धु)। शनिवार रात एक बजे के करीब जब सेक्टर-83 स्थित निटफेब कंपनी से ड्यूटी समाप्त कर छह कर्मचारी लौट रहे थे तभी सफेद रंग की कार के चालक ने उन्हें कुचल दिया। एक ही मौके पर ही मौत हो गई थी। घायलों में शामिल मैनुद्दीन और इस्लामुद्दीन की हालत बेहद गंभीर है। दोनों को दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में वेंटिलेटर पर रखा गया है। घायलों की परिजनों की शिकायत पर फेज दो पुलिस ने अज्ञात चालक के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। हादसे में मोहम्मद इस्लाम की मौके पर ही मौत हो गई थी। सभी घायल सीतापुर के हैं और नोएडा में अलग-अलग जगहों पर किराये पर कमरा लेकर रहते हैं। थाना प्रभारी ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज में कार चालक के बारे में अहम जानकारी मिली है। जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा और वाहन भी सीज होगा।

**डीसीएम ने कार में मारी टक्कर**

सेक्टर-108 स्थित पुलिस कमिश्नर कार्यालय के सामने रविवार शाम को टाटा डीसीएम के चालक ने सामने से कार में टक्कर मारकर वाहन को पूरी तरह से क्षतिग्रस्त कर दिया। पीड़ित ने सोशल मीडिया पर मामले की शिकायत नोएडा पुलिस से की है। क्षतिग्रस्त वाहन की फोटो भी पीड़ित ने सोशल मीडिया पर साझा की है। गनीमत रही कि इसमें किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है। सेक्टर-39 पुलिस घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगाल रही है ताकि आरोपी चालक की पहचान की जा सके।

## कुंवर बेचैन की स्मृति में काव्य सम्मेलन का आयोजन

**गाजियाबाद,** 27 नवम्बर (देशबन्धु)। महाकवि डॉ. कुंवर बेचैन फाउंडेशन की तरफ से हिंदी भवन में आयोजित कवि सम्मेलन एवं सम्मान समारोह में लगभग साढ़े सात घंटे श्रोताओं ने काव्य की विभिन्न धाराओं का आनंद लिया।

- **कवि शिवओम अंबर व बलराम श्रीवास्तव और फिल्म अभिनेता अखिलंद मिश्रा व यशपाल शर्मा सम्मानित**
- **डॉ. बेचैन व संतोष कुंवर की पुस्तकों का विमोचन हुआ**





डॉ. कुंवर बेचैन की स्मृति में आयोजित समारोह दोपहर तीन बजे से लेकर रात साढ़े दस बजे तक चला। मुख्य अतिथि फिल्म अभिनेता अखिलेंद्र मिश्रा ने डॉ. बेचैन के महाकाव्य प्रतीक पांचाली के जयद्रथ वध सर्ग का पाठ अपने अंदाज में कर लोगों को बार-बार तालियां बजाने के लिए मजबूर कर दिया। फिल्म अभिनेता यशपाल शर्मा ने कई प्रसिद्ध कवियों की रचनाएं सुनाईं। दोनों कलाकारों ने श्रोताओं की मांग पर फिल्मी संवाद भी बोले।

समारोह का आयोजन तीन चरणों में किया गया। पहले चरण में वरिष्ठ रचनाकार शिवओम अंबर को डॉ. कुंवर बेचैन साहित्य ऋषि और गीतकार बलराम श्रीवास्तव को डॉ. कुंवर बेचैन साहित्य मनीषी सम्मान दिया गया। दोनों फिल्मी कलाकारों को डॉ. कुंवर बेचैन काव्य कुटुंब सम्मान देकर सम्मानित किया गया। दूसरे सत्र में कुंवर बेचैन के काव्य संग्रह 'चटके हुए गिलास हम' और उनकी पत्नी संतोष कुंवर की पुस्तक 'चार चवन्नी' का विमोचन अतिथियों और रचनाकारों ने संयुक्त रूप से किया। इसके बाद डॉ अल्पना सुहासिनी के संचालन में देर तक कवि सम्मेलन चला।

काव्य पाठ की शुरुआत दुर्गेश अवस्थी ने की। इन पंक्तियों पर उन्हें भरपूर दाद मिली-

मिलेगा न तुमको कोई भी कहीं पर
ये सारे निशाने लगा दो हमीं पर
मोहब्बत में हां ही जरूरी नहीं है
मैं शाइर बना हूं तुम्हारी नहीं पर

स्व कुंवर बेचैन की बेटी कवयित्री वंदना कुंवर रायज़ादा ने अपने पिता की स्मृति में यह गीत पड़ा तो कई लोगों की आंखें नम हो गई-

मैं खड़ी हूं द्वार उसके और है ख़ामोश घर
हर तरफ तस्वीर तेरी और है ख़ामोश घर
ये निगाहें ढूंढ़ती हैं मुस्कुराती वो नज़र
गुम हुई खुशियां कहीं पर और है ख़ामोश घर।

अल्पना सुहासिनी की ये पंक्तियां बहुत पसंद की गई-

बाहर से है शांत बहुत,
पर भीतर आक्रांत बहुत।



संबंधों की लय बिगड़ी,
रिश्ते हैं अतुकांत बहुत।

शायर राज कौशिक की इस गजल पर श्रोताओं ने देर तक तालियां बजाई-

अगर नाचूं नहीं तो पांव मेरे रूठ जाते हैं
अगर नाचूं जरा खुलकर तो घुंघरू टूट जाते हैं
हम इतने झूठ के आदी हुए अपने ही बारे में
जरा सा सच कोई कह दे उसी से रूठ जाते हैं

कवि डॉ. प्रवीण शुक्ल ने हास्य व्यंग्य और गीत गजल के कई रंग श्रोताओं पर बिखरे। उनकी इन पंक्तियों पर श्रोताओं ने खूब दाद दी-

जाने कितने अनुभवों का है यही बस सार अंतिम
तोड़ना मत मन के रिश्तों का कभी भी तार अंतिम
ज़िंदगी की उलझनों से जूझ के जाना ये मैंने
ना कोई भी जीत अंतिम ना कोई भी हार अंतिम

वरिष्ठ शायर गोविन्द गुलशन की शायरी खूब पसंद की गई-

जिसमें हो सिर्फ़ तू ही तू ऐसा मुझे ख़याल दे
मेरी निगाहे-शौक में अपना तू अक्स डाल दे
चारों तरफ हैं नूर की परतें तेरे इधर-उधर
थोड़ी सी रौशनी उठा मेरी तरफ़ उछाल दे

इनके अलावा डॉ. अर्जुन सिसोदिया और अंजू जैन ने भी शानदार काव्य पाठ किया। ट्रस्ट के अध्यक्ष शरद रायजादा ने घोषणा की कि डॉ. बेचैन की स्मृति में साल में दो बार वृहद काव्य गोष्ठी का आयोजन किया जाएगा जिसमें शहर और आसपास के तमाम रचनाकार भाग ले सकेंगे। वंदना कुंवर ने ट्रस्ट की गतिविधियों की जानकारी दी। इस अवसर पर हिंदी में अच्छे अंक प्राप्त करने वाली छात्राओं को सम्मानित भी किया गया। श्रीमहंत नारायण गिरी, मेयर सुनीता दयाल, विधायक अतुल गर्ग, पूर्व मेयर आशा शर्मा, भाजपा नेता बलदेव राज शर्मा, बालेश्वर त्यागी, और पृथ्वी सिंह समेत अनेक गणमान्य उपस्थित रहे। अनुपमा पांडे, दुष्यंत सक्सेना, उमेश सक्सेना, सचिन सक्सेना, सिद्धार्थ, वर्णिका आदि ने रचनाकारों का स्वागत किया।

# कैपिटल ज़ोन

उवाच

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में उत्तर प्रदेश आज सकारात्मक खबरों के लिए जाना जाता है। उत्तर प्रदेश लगभग 96 लाख एमएसएमई इकाइयों के साथ देश में प्रथम स्थान पर है।

**राकेश सचान, एमएसएमई मंत्री**

### 42वें अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेला-2023 का हुआ समापन

## उप्र पवेलियन में लगभग 10 लाख से अधिक व्यक्तियों ने किया भ्रमण

- उत्तर प्रदेश पेवेलियन में लगे स्टॉलों से लोगों ने की करोड़ो रूपए की खरीदारी
- उत्तर प्रदेश के एक जनपद एक उत्पाद से जुड़े हुनरबंदों एवं कारीगरों की एमएसएमई मंत्री ने की सराहना
- उत्तर प्रदेश को मिला विशेष प्रशंसा पुरस्कार











**ग्रेटर नोएडा,** 27 नवम्बर (देशबन्धु)। 14 नवम्बर से 27 नवम्बर तक चलने वाले भारतीय अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले का सोमवार समापन हो गया। 14 दिन तक चलने वाले अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले में उत्तर प्रदेश पवेलियन का भी विधिवत रूप से एमएसएमई मंत्री राकेश सचान द्वारा समापन किया गया। उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से उत्तर प्रदेश पवेलियन के समापन के अवसर पर सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री राकेश सचान मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए और उत्तर प्रदेश पवेलियन के समापन की घोषणा की। इस अवसर पर सचान द्वारा मेसर्स एफ. के0 इंटरनेशनल, कानपुर को बेस्ट सेलर हेतु 21 हजार रुपए का प्रथम पुरस्कार, मेसर्स परम डेयरी, गाजियाबाद को बेस्ट डिस्पले के लिए 21 हजार रूपए का द्वितीय पुरस्कार तथा मेसर्स अरजव प्रोडक्ट, गौतम बुद्ध नगर को यूनिक प्रोडक्ट हेतु 21 हजार रूपए का तृतीय पुरस्कार प्रदान किया गया। इसके साथ ही उत्तर प्रदेश पवेलियन में लगे समस्त स्टालों को प्रमाण पत्र भी प्रदान किए गए। व्यापार मेंले में उत्तर प्रदेश को विशेष प्रशंसा पुरस्कार दिया गया।

समापन समारोह को संबोधित करते हुए एमएसएमई मंत्री राकेश सचान ने कहा कि बहुत खुशी का विषय है कि उत्तर प्रदेश पवेलियन में लगे स्टॉलों के उत्पादों को इन कार्यक्रमों के माध्यम से दुनिया के सामने दिखाने का मौका मिल रहा है। उन्होंने उत्तर प्रदेश पवेलियन की सराहना करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश पवेलियन में लगभग 10 लाख से अधिक व्यक्तियों ने भ्रमण किया तथा उत्तर प्रदेश पवेलियन में लगे स्टॉलों से लोगों ने करोड़ो रूपये की खरीदारी भी की।

राकेश सचान ने उत्तर प्रदेश पवेलियन में लगे एक जनपद एक उत्पाद तथा उत्तर प्रदेश के जनपदों के हुनरबंदों एवं कारीगरों की सरहाना की और उत्तर प्रदेश पवेलियन में शामिल होने के लिए उनका उत्साहवर्धन भी किया तथा उनके कार्यकलापों की प्रशंसा करते हुए हृदय से धन्यवाद भी दिया। उन्होंने कहा कि इस समापन के अवसर पर उत्तर प्रदेश पवेलियन में प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आए उद्यमियों एवं हस्तशिल्पियों में उत्साह देखकर अत्यधिक हर्ष की अनुभूति हो रही है। यह व्यापार मेला अपने आप में प्रदेश के उद्योगों का महाकुंभ है, जिसके माध्यम से प्रदेश की औद्योगिक क्रांति, सांस्कृतिक एवं सामाजिक विविधता के अद्भुत संगम का अवलोकन देश ही नहीं अपितु विश्व के कोने-कोने से आए उद्यमियों एवं निवेशकों द्वारा किया गया।

एमएसएमई मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में उत्तर प्रदेश आज सकारात्मक खबरों के लिए जाना जाता है। उत्तर प्रदेश लगभग 96 लाख एमएसएमई इकाइयों के साथ देश में प्रथम स्थान पर है तथा अभी हाल ही में फरवरी 2023 में आयोजित हुए ग्लोबल इन्वेस्टर समिट में देश-विदेश के निवेशकों द्वारा 38 लाख करोड़ से अधिक निवेश के ज्ञापन उत्तर प्रदेश को आगे बढ़ाने के लिए हस्ताक्षरित किए गए तथा इनको धरातल पर लाने हेतु प्रदेश सरकार द्वारा सेक्टोरल पॉलिसीज लागू की गई है जिससे द्वारा इन पूंजी निवेश के प्रस्तावों से प्रदेश में रोजगार सृजन का एक अद्वितीय वातावरण बना है और भारतीय रिजर्व बैंक की रिपोर्ट के अनुसार निजी कॉर्पोरेट निवेश में आज उत्तर प्रदेश अग्रणी राज्य भी है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में सर्वाधिक एक्सप्रेस वे के साथ-साथ उत्तर प्रदेश देश का एक्सप्रेस-वे राज्य बना है। उत्तर प्रदेश द्वारा उद्यमियों को आगे बढ़ाने के लिए एवं उनको प्रोत्साहन देने के लिए उत्तर प्रदेश में सूक्ष्म उद्यमियों हेतु रुपए 5 लाख तक की दुर्घटना बीमा योजना का भी प्रावधान है।

मंत्री जी ने कहा कि वर्तमान संस्करण में 120 स्टॉल्स के माध्यम से ओडीओपी के रूप में प्रदेश की अद्भुत हस्तकला को शो-केस किया गया है, जिसको आगंतुको द्वारा खूब सराहा गया है। अंत में उन्होंने कहा कि मुझे आशा ही नहीं अपितु पूर्ण विश्वास है कि मुख्यमंत्री के विजन के अनुरूप इन आयोजनों के माध्यम से उत्तर प्रदेश की एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की राह और सुगम होगी।

इस समापन कार्यक्रम के अवसर पर आयुक्त एवं निदेशक उद्योग एवं उद्यम प्रोत्साहन राजेश कुमार एवं वरिष्ठ अधिकारीगण तथा अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहें।

## निराश्रित लोगों के लिए रैन बसेरा व सेल्टर होम बनाने का जिला प्रशासन का निर्देश

- बनने वाले रैन बसेरा में सभी मूलभूत सुविधाएं कराई जाए उपलब्ध

**ग्रेटर नोएडा,** 27 नवम्बर (देशबन्धु)। अत्यधिक ठंड वं शीत लहरी से होने वाली समस्या को लेकर जिलाधिकारी गौतमबुद्ध नगर मनीष कुमार वर्मा के निर्देश पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अतुल कुमार ने सभी से आह्वान करते हुए कहा है कि प्रदेश में अत्यधिक ठंड एवं शीत लहरी से उत्पन्न होने वाली समस्याओं को देखते हुए निराश्रित एवं असहाय तथा कमजोर वर्ग के असुरक्षित व्यक्तियों को राहत पहुंचाना प्रदेश सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

इसी क्रम में जिला गौतम बुद्ध नगर में भी आश्रयहीन व्यक्तियों के लिए रेन बेसरों/शेल्टर होम विभिन्न स्थानों पर बनाए जाएंगे, ताकि कोई भी व्यक्ति रात में सड़क या फुटपाथ पर सोने के लिए बाध्य न हो।

उन्होंने बताया कि इन रैन बसेरों/शेल्टर होम में रुकने वाले कमजोर वर्ग के लोगों को ठंड से बचने के लिए आवश्यक समस्त उपाय जैसे गद्दे, कंबल, स्वच्छ पेयजल, शौचालय एवं किचन आदि का प्रबंध नि:शुल्क एवं रैन बसेरों के आसपास अलाव जलाने की व्यवस्था की जाएगी।

अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व ने सभी उप जिलाधिकारी, तहसीलदार, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका एवं नगर पंचायत को निर्देश दिए कि शीत लहर से बचाव हेतु समस्त तैयारी तत्काल पूर्ण करते हुए रैन बसेरों/शेल्टर होम में तैनात केयर टेकर का नाम, पदनाम, मोबाइल नंबर एवं अलाव जलाए जाने के लिए चिह्नित स्थानों की सूची फोटोग्राफ सहित 7 दिनों में हार्ड कॉपी कार्यालय एवं सॉफ्ट कॉपी जिला आपदा विशेषज्ञ गौतम बुद्ध नगर ओमकार चतुर्वेदी को उपलब्ध कराएं।

इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही व शिथिलता क्षम्य नहीं होगी। साथ ही अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि शीत लहरी एवं ठंड से बचाव कार्यक्रमों का जनपद में व्यापक स्तर पर प्रचार प्रसार सुनिश्चित कराया जाए, ताकि सभी जरूरतमंदों तक बचाओ कार्यक्रमों का लाभ पहुंच सके।

## फार्मास्यूटिकल उद्योग का सबसे बड़ा एक्सपो इंडिया एक्सपोमार्ट में आज से शुरू

**ग्रेटर नोएडा,** 27 नवम्बर (देशबन्धु)। इंडिया एक्सपो मार्ट में इफार्मा मार्केट इन इंडिया द्वारा आयोजित सीपीएचआई और पीमेक इंडिया का आयोजन किया जाएगा। दक्षिण एशिया में फार्मास्यूटिकल उद्योग के सबसे बड़े एक्सपो का आयोजन 28 से 30 नवम्बर के बीच किया जा रहा है। जिसमें 1500 से अधिक प्रदर्शन दस हजार से अधिक उत्पादकों का प्रदर्शन करेंगे।

एक्सपो का लक्ष्य एक ऐसे बाजार के रूप में काम करना है जो ज्ञान प्रौद्योगिकियों और बाजार के अवसर सहित उद्योग के विभिन्न तत्वों को जोड़ता है। आधुनिकीकरण को अपनाते हुए सीपीएमआई और पीमेक इंडिया वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला को एक ही छत के नीचे लेकर आएंगे। इस दौरान आयोजित कार्यक्रम भारत की फार्मास्यूटिकल मशीनरी प्रौद्योगिकी और सामग्री क्षेत्र पर रोशनी डालेगी। भारत का फार्मास्यूटिकल उद्योग तेजी से बढ़ रहा है। उम्मीद है कि यह 13 फीसदी की दर से बढ़कर 2028 तक 102.7 बिलियन डॉलर (8.5 लाख करोड़) के आंकड़े तक पहुंच जाएगा।

सीपीएचआई और पीमेक इंडिया कारोबार संबंधों के लिए ढेरो अवसर उपलब्ध कराएंगे क्योंकि उद्योग जगत के दिग्गज और असंख्य कंपनियां इसमें हिस्सा लेंगे। प्रदर्शनी में हिस्सा लेने वाले प्रमुख प्रदर्शन डॉक्टर रेड्डी लेबोरेटीज लिमिटेड, बायोकॉन लिमिटेड, ग्लेनमार्क लाइफसाइन्सेस लिमिटेड, हेटेरो लैब्स लिमिटेड सहित दिग्गज कंपनियां शामिल होंगी।

## बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम से सभी को किया मुग्ध






**ग्रेटर नोएडा,** 27 नवम्बर (देशबन्धु)। रामाज्ञा वर्ल्ड स्कूल, डेल्टा-2 में विशेष समारोह आयोजित हुआ, जिसमें मुख्य अतिथि राम बदन सिंह, डीसीपी, गौतम बुद्ध नगर कमिश्नरेट विशिष्ठ अतिथि केसरी, रामाज्ञा ग्रुप के एडमिन मैनेजर, आर.डब्लू.ए.डेल्टा-2 के अध्यक्ष अजब सिंह प्रधान मनीष भाटी बी.डी.सी.(उपाध्यक्ष) डेल्टा-2, ने समारोह में शामिल हुए। स्कूल की प्रधानाचार्या श्रेष्ठा त्रिपाठी ने अतिथियों का स्वागत किया। समारोह में प्रतिभाशाली छात्रों ने गाने, नृत्य, और अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों से मनोहर उत्साह के साथ प्रदर्शन किया। जिसके द्वारा उन्होंने सभी ओर अपनी प्रतिभा के द्वारा यूफोरिया का रंग बिखेरे समारोह में शामिल सभी श्रोताओ ने रंग-बिरंगे कार्यक्रमों का आनंद लिया। सभी अतिथियों ने रामज्ञा वर्ल्ड स्कूल के स्टाफ बच्चों को कार्यक्रम के लिए बधाईयां दी। मुख्य अतिथि राम बदन डिसीपी ने कहा कि जो बच्चा जिस क्षेत्र में रुचि रखता हो उसे उसी क्षेत्र के लिए अभिवावकों व अध्यापकों को स्पोर्ट करना चाहिए। अजब सिंह प्रधान ने कहा कि सेक्टर डेल्टा-2 में आर.डब्लू.ए. द्वारा अभी कुछ दिन पहले एक भव्य लाईब्रेरी बनवाई है जिसका नाम आदर्श कपिल देव लाईब्रेरी रखा है। बच्चों की अच्छी पढ़ाई हो सके, मनीष भाटी ने कहा कि शिक्षा वह चाबी है जो हर ताले को खोल सकती है, बच्चों के असली अभिवावक बच्चों के अध्यापक है जो हर बच्चे को आगे बढ़ने के लिए एक दशा व दिशा देते है। स्कूल की प्रधानाचार्या श्रेष्ठा त्रिपाठी ने बताया कि कार्यक्रम में बच्चों ने विभिन्न थीम पर सांस्कृतिक कार्यक्रम की अपनी प्रस्तुति दी जो सराहनीय रहा है।

## चार माह के बच्चे के अपरणकर्ता की तलाश में जुटी पुलिस

**ग्रेटर नोएडा,** 27 नवम्बर (देशबन्धु)। बिसरख कोतवाली क्षेत्र के ग्रेटर नोएडा वेस्ट स्थित आम्रपाली लेजरवैली सोसाइटी के समीप साप्ताहिक बाजार से रविवार रात चार माह के बच्चे का अपहरण कर लिया गया। वारदात को अंजाम देकर आरोपी ऑटो में बैठकर फरार हो गया। अपहरणकर्ता ने बच्चे के बड़े भाई को बहला फुसलाकर 20 रुपए देकर समोसा लेने के लिए भेज दिया था। इस मामले में पुलिस ने अज्ञात के खिलाफरिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सीसीटीवी फुटेज से कुछ महत्वपूर्ण सुराग मिले हैं। मूलरूप से पश्चिम बंगाल के रहने वाले भागीरथ दिहाड़ी मजदूरी का काम करते हैं। वह ग्रेटर नोएडा वेस्ट स्थित आम्रपाली लेजर वैली के समीप परिवार के साथ रहते हैं। रोज की तरह भागीरथ काम पर गए थे। रविवार रात पास में ही साप्ताहिक बाजार लगी थी। भागीरथ का बड़ा बेटा सुदीप (8) अपने चार माह के छोटे भाई श्याम को गोद में लेकर खड़ा था। तभी एक अनजान व्यक्ति आया और उसने सुदीप को अमरूद खिलाया और 20 रुपए देकर समोसा लाने के लिए कहा। सुदीप के जाने के बाद आरोपी ने चार माह के बच्चे श्याम को लेकर आटो में बैठा और फरार हो गया। सुदीप समोसा लेकर वापस तो मौके पर छोटे भाई व अनजान व्यक्ति के न मिलने पर उसने तलाश शुरु कर दी। शोर मचाने पर आसपास के लोग इकट्ठा हो गए। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और पीड़ित के बयान दर्ज किए गए। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। जांच में जुटी पुलिस ने सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगाली है, जिसमें 17 संदिग्ध ऑटो जाते हुए दिखाई दिए हैं। आरोपी ऑटो में सवार होकर बच्चे को गाजियाबाद की तरफ लेकर भागा है। हृदेश कठेरिया, एडीसीपी सेंट्रल नोएडा ने बताया कि अपहृत बच्चे को बरामद करने व आरोपी को गिरफ्तार करने के लिए पुलिस की चार टीमें लगाई गई हैं। कुछ महत्वपूर्ण सुराग हाथ लगे हैं। जल्द ही घटना का अनावरण किया जाएगा।

## संविधान पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाला आरोपी गिरफ्तार



**ग्रेटर नोएडा,** 27 नवम्बर (देशबन्धु)। भारतीय संविधान पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने के आरोप में पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार कर लिया है, आरोपी ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से भारतीय संविधान को लेकर अपशब्दों का प्रयोग किया था। शिकायत के बाद पुलिस ने मामला दर्ज किया और सोमवार को आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। रविवार को पूरे देश में संविधान दिवस मनाया गया, इस दौरान जारचा थाना क्षेत्र के एक युवक ने अपनी इंस्टाग्राम आईडी से भारतीय संविधान को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी की, आरोपी की पोस्ट के बाद गांव के ही एक युवक ने पुलिस से मामले की शिकायत की शिकायत के आधार पर जारचा पुलिस ने जारचा पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए विवेचना के दौरान इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस व तकनीकी साक्ष्यों की सहायता से अभियुक्त भानू को उसके निवास बिसाहड़ा गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

## मतदाता सूची में नाम जोड़ने में लगे बीएलओ की लापरवाही पर कार्रवाई का आदेश

**ग्रेटर नोएडा,** 27 नवम्बर (देशबन्धु)। मतदाता सूची में नए मतदाताओं का नाम शामिल करने को लेकर वृहद अभियान चलाया जा रहा है, इस काम के लिए जिला निर्वाचन विभाग से बीएलओ को लगाया गया है ताकि कोई मतदाता जिसकी आयु अट्ठारह वर्ष पूरी हो गयी उनका नाम मतदाता सूची में शामिल हो सके। जिला निर्वाचन अधिकारी के आदेश को कई बीएलओं ने नजरअंदाज किया जिसके खिलाफ कार्रवाई करने का आदेश जारी हो गया है। एसडीएम सदर अंकित कुमार ने इस कार्य में लापरवाही बरतने वाले 18 बीएलओ का वेतन रोकने और एक सुपरवाइजर के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने के आदेश दिए हैं। एसडीएम सदर अंकित कुमार ने बताया कि विगत दिवस 26 नवम्बर को मंडलायुक्त ने दादरी विधानसभा क्षेत्र में शहीद भगत सिंह इंटर कॉलेज और सुपरटेक इको विलेज में बने 17 बूथों का निरीक्षण किया था। इन बूथों पर 18 बीएलओ अनुपस्थित मिले थे। साथ ही, उनके कार्य भी पूरे नहीं थे। कार्य में लापरवाही बरतने तथा बार-बार चेतावनी के बावजूद बूथों पर न पहुंचने पर उनके खिलाफसख्ती बरती जा रही है। उन्होंने दादरी तहसीलदार को 18 बीएलओ का वेतन रोकने और एक सुपरवाइजर के खिलाफसूरजपुर थाने में एफआईआर दर्ज कराने के आदेश दिए हैं।

## पुलिस मुठभेड़ में गोली लगने से लुटेरा घायल, लूट का सामान बरामद



**ग्रेटर नोएडा,** 27 नवम्बर (देशबन्धु)। बिसरख कोतवाली थाना की पुलिस व लुटेरों के बीच मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ के दौरान दो लुटेरों को पैर में गोली लगी है। बिसरख पुलिस ने घायल बदमाशों को गिरफ्तार कर इलाज के लिए अस्पताल भेजा है। पुलिस ने बदमाशों के कब्जे से लूटा हुआ एक मोबाइल फोन, अवैध तमंचा, खोखा कारतूस और एक पल्सर बाइक बरामद किया है। एडीसीपी सेंट्रल नोएडा हिरदेश कठेरिया ने बताया कि बिसरख कोतवाली पुलिस रविवार की देर रात बिसरख चौक पर वाहन चेकिंग कर रही थी। उसी दौरान पुलिस को एक पल्सर बाइक पर दो संदिग्ध आते हुए दिखाई दिए। पुलिस ने जब उनको रोकने का प्रयास किया तो वह वहां से भागने लगे। पुलिस ने उन्हें पकड़ने के लिए पीछा किया। बदमाशों ने आगे चलकर रास्ता बंद होने के कारण और अपने आप को घिरा देखकर घबरा गए। उनकी मोटरसाइकिल फिसल कर गिर गई। अपने आप को घिरा देख बदमाशों ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग कर दी। पुलिस टीम के द्वारा जवाबी फायरिंग किया जिससे दोनों बदमाशों के पैर में गोली लगी है। बदमाशों को गिरफ्तार कर इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस मुठभेड़ में घायल हुए बदमाशों की पहचान दिल्ली सदर बाजार निवासी मनोज चतुर्वेदी और उत्तरी दिल्ली निवासी अशोक के रूप में हुई है। दोनों बदमाशो के पास से पुलिस ने लूटा हुआ एक वीवो कंपनी का फोन, एक अवैध तमंचा 315, एक खोखा कारतूस और दो जिंदा कारतूस 315 सहित घटना में प्रयोग किए जाने वाली एक पल्सर मोटरसाइकिल बरामद की है।

## जेवर में बन रहे नोएडा अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट से बस सेवा से सीधा जुड़ा मेरठ





- जेवर विधायक धीरेन्द्र सिंह ने तहसील जेवर से हरी झंडी दिखा कर मेरठ के लिए शुरू कराई बस सेवा
- यमुना एक्सप्रेस वे प्राधिकरण के सहयोग से जल्द अन्य शहरों के लिए चलेगी यूपी रोडवेज की बस सेवा

**ग्रेटर नोएडा,** 27 नवम्बर (देशबन्धु)। यमुना एक्सप्रेस वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण के सहयोग से जेवर विधायक धीरेन्द्र सिंह ने सोमवार कस्बा जेवर स्थित तहसील से यमुना एक्सप्रेस वे -परी चौक से नोएडा सेक्टर-37 होते हुए मेरठ के लिए बस सेवा को रवाना किया। लंबे समय से क्षेत्रवासियों द्वारा मेरठ के लिए बस सेवा की मांग की जा रही थी। इस बस के शुरू होने से व्यापारियों, किसानों, वादकारों और छात्र-छात्राओं का अब मेरठ पहुंचना आसान होगा। यह बस प्रात सात बजे चलकर 10 बजे मेरठ पहुंचेगी तथा शाम 4 बजे मेरठ से जेवर के लिए प्रस्थान करेगी। इस मौके पर जेवर विधायक धीरेन्द्र सिंह ने कहा कि इस बस सेवा से मेरठ भी जेवर में बन रहे नोएडा अंतराष्ट्रीय एयरपोर्ट से सीधा कनेक्ट होगा तथा यहां के व्यापारियों, किसानों, वादकारों और छात्र-छात्राओं का अब मेरठ भी जाना होगा आसान। सैंकड़ों ग्रामों और सैक्टरवासियों को भी इस बस सेवा से सहूलियत मिलेगी। चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय और मेरठ कमिश्नरी जाने और लोगों को प्रशासनिक व रोजमर्रा के कार्य करने भी अब सुलभ होंगे। उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन की दूसरी बस सेवा भी शीघ्र आरंभ कराई जाएगी, जो जेवर से जहांगीरपुर, खुर्जा व बुलंदशहर होती हुई मेरठ जाएगी। इसी प्रकार एक अन्य बस का संचालन प्रस्तावित फिल्म सिटी के पास स्थित ग्राम भाईपुर ब्रह्मनाम से कराया जाएगा। यमुना एक्सप्रेस वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण क्षेत्र में परिवहन विभाग द्वारा यमुना एक्सप्रेस वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण के सहयोग से 5 बसों की व्यवस्था करायी जा रही है, जो सभी ग्रामों और कस्बों से होती हुई सभी शिक्षण संस्थानों को कनेक्ट करेंगी। इन बसों का संचालन भी शीघ्र कराया जाएगा। इस मौके पर उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन नोएडा के एआरएम एनपी सिंह, एसीपी जेवर रुद्र प्रताप सिंह, जेवर नगर पंचायत के चेयरमैन नारायण माहेश्वरी, लायकराम पहाड़िया, हरिदत्त शर्मा, महेश चौधरी अधिवक्ता, दिनेश सिंह अधिवक्ता, मोहित शर्मा अधिवक्ता, खालिद खान अधिवक्ता, मोनू गर्ग, अमरपाल सिंह, संजय पराशर, रघुनंदन लाल शर्मा, फ्राहिम कुरैशी, यामीन कुरैशी, कालू सिंह आदि मौजूद रहे।

## आपातकालीन व आघात प्रबंधन पर जिम्स में आयोजित होगी कार्यशाला

**ग्रेटर नोएडा,** 27 नवम्बर (देशबन्धु)। राजकीय आयुर्विज्ञान संस्थान में डब्ल्यूएचओ व सीसीईटी के सहयोग से दो दिवसीय कार्यशाला 'आपातकालीन और आघात प्रबंधन' पर 28 और 29 नवम्बर को किया जा रहा है। कार्यशाला में वक्ता प्रसिद्ध संस्थानों एम्स-नई दिल्ली, एलएचएमसी और डॉ. आरएमएलआईएमएस, नई दिल्ली से शामिल हो रहे हैं। कार्यक्रम में वास्तविक जीवन परिदृश्यों के साथ व्यावहारिक प्रशिक्षण और ट्राइएज पर अनुकरण, सदमे का प्रबंधन, गंभीर रूप से बीमार और आघात पीड़ितों, वायुमार्ग प्रबंधन, ऑक्सीजनेशन और वेंटिलेशन, सिर की चोट और पॉली आघात शामिल हैं।

इस कार्यशाला से चिकित्सकों, सर्जनों, एनेस्थेसियोलॉजिस्टों, नर्सिंग स्टाफ और चिकित्सा अधिकारियों को लाभ होगा। जिम्स के निदेशक ब्रिगे. डॉ. राकेश गुप्ता ने बताया कि हमारे छोटे से प्रयास से पेशेवरों को प्रशिक्षित करेंगे और प्रदान की जाने वाली चिकित्सा देखभाल की गुणवत्ता में सुधार करेंगे, जिसका सीधा असर रोगी की देखभाल पर पड़ेगा।

पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
पश्चिमी उत्तर प्रदेश ब्यूरो कार्यालय
209 कृष्णा अपरा प्लाजा अल्फा कॉमर्शियल बेल्ट, ग्रेटर नोएडा
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के लिए संम्पर्क करें
खोया-पाया/ सूचना/ नाम परिवर्तन/ आवश्यकता
फोनः- 0120-4270009

देशबन्धु
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के संपर्क करें
क्षेत्रिय कार्यालय रबुपुरा
Mob: 9411492655

Shiv Mahima Enterprises
सभी प्रकार के विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
नाम परिवर्तन, खोया पाया, सूचना, अवश्यकता
Mob.: 9910280173
Off.-221, 2nd Floor, Meridian View Plaza, Alpha Comm. Belt, Gr. Noida

{ संपादकीय }

नई दिल्ली, मंगलवार 28 नवम्बर 2023

संस्थापक-सम्पादक : स्व. मायाराम सुरजन

# मोदी को बेनकाब करता सोनिया गांधी का लेख

आधारहीन होकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी विपक्षी दलों, खासकर कांग्रेस पार्टी, उनके नेताओं एवं सरकारों की जिस अशोभनीय तरीके से आलोचना करते हैं, उसकी कलई अब धीरे-धीरे खुलने लगी है। चाहे भ्रष्टाचार हो या वंशवाद का सन्दर्भ अथवा सरकार के कामकाज से सम्बन्धित कोई तथ्य हो- अब मोदी, उनकी सरकार एवं भारतीय जनता पार्टी द्वारा अपनाये जाने वाले दोहरे मानदंडों वाले व्यवहार का भी पर्दाफाश हो गया है। सच तो यह है कि मोदी के दूसरे कार्यकाल के समाप्त होते न होते उनके झूठ व प्रपंच पूरी तरह से जगजाहिर हो गये हैं। विकास के मुद्दों पर तो मोदी यही रटी-रटायी बात करते थे कि पिछले 70 वर्षों में कुछ भी नहीं हुआ है, वहीं वे यह बताते थे कि उनकी पूर्ववर्ती डॉ. मनमोहन सिंह के नेतृत्व वाली सरकार (दो कार्यकाल) पूरी तरह से कठपुतली सरकार थी जो सोनिया गांधी के इशारे पर काम करती थी। वे हाल के चुनाव प्रचार तक यही कहते रहे हैं कि मनमोहन सिंह का रिमोट मैडम (आशय- सोनिया गांधी) के हाथ में रहता था। मोदी का यह भी कहना रहा है कि राष्ट्रीय सलाहकार परिषद (नेशनल एडवाइज़री कार्उसिल- एनएसी) दूसरा पॉवर सेंटर बन गया था जिसका संचालन सोनिया गांधी करती थीं।

इस मुद्दे पर सोनिया गांधी ने अब जो जवाब दिया है वह लोगों के लिये आंखें खोल देने वाला तो है ही, मोदी एवं उनके जैसों को निरुत्तर करने के लिये भी काफी होना चाहिये, बशर्ते उनमें सच्चाई का सामना करने का साहस तथा नैतिकता का तकाज़ा हो। अपनी आने वाली एक किताब में सोनिया गांधी ने इस पर स्पष्टीकरण तो दिया ही है, मोदी सरकार पर गम्भीर आरोप जड़ दिये हैं। उन्होंने कहा है कि उन पर मनमोहन सिंह सरकार को नियंत्रित करने का आरोप लगाने वाले मोदी की अपनी सरकार राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के आदेशों के अनुसार काम करती है जो न विश्वसनीय है न निर्वाचित। उन्होंने इससे इंकार किया कि एनएसी कोई दूसरा शक्ति केन्द्र था। उनके अनुसार यह लोगों के अधिकारों व उनके सशक्तिकरण सम्बन्धी सुझाव देती है। किताब में 'एन्हैंसिंग पीपल्स राइट एंड फ्रीडम- एनएसी रिविज़िटेड' शीर्षक वाले अध्याय में उन्होंने कहा है कि यह विडम्बना है कि एनएसी को अपमानित किया गया है जबकि मौजूदा एनडीए सरकार अपनी नीतियों को लेकर आरएसएस से निर्देश लेती है। उन्होंने आगे बताया है कि 2015 में केन्द्रीय मंत्रियों ने अपनी नीति का पूरा खाका उनके सामने प्रस्तुत किया था जिसे स्वयं मोदी ने 'सरकार को मार्गदर्शन' का नाम दिया था पर ये लागू नहीं किये गये।

सोनिया गांधी ने साफ किया है कि एनएसी का काम केवल सुझाव देना था। अमल करना या न करना प्रधानमंत्री व सरकार के विवेक पर निर्भर था। उन्होंने याद दिलाया कि जब अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजातियों के लिये अलग से बजट बनाने और गैर संगठित क्षेत्र में रहने वाले लोगों के लिये भी सामाजिक सुरक्षा का कार्यक्रम बनाने का सुझाव दिया गया था तो वे फैसले नहीं माने गये। यूपीए की अध्यक्ष एवं पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष का संकेत प्रधानमंत्री के विवेकाधिकार की ओर ध्यान दिलाना था जो शक्ति केन्द्र नहीं है। वह केवल पीएम के सलाहकार निकाय के रूप में कार्यरत थी। सोनिया का यह कहना भी बिलकुल सही है कि एनएसी की आलोचना इसलिये की जा रही है क्योंकि उसकी अध्यक्ष व कांग्रेस की अध्यक्ष वे ही थीं। उन्होंने लेख बताया कि केवल बाजार ही लोगों के विकास को सुनिश्चित नहीं कर सकता। इसके लिये लोगों के अधिकारों को अक्षुण्ण बनाये रखना एवं उनमें इज़ाफ़ा करना भी आवश्यक होता है जो करने की कोशिश उनके रहते परिषद द्वारा की गई थी।

सोनिया का लेख बतलाता है कि मोदी की समझ न केवल संकीर्ण व पूर्वाग्रह से ग्रस्त है वरना वह दोषपूर्ण भी है। मनमोहन निश्चित रूप से सोनिया की ही पसंद के व्यक्ति थे क्योंकि उन्होंने पीएम बनने से इंकार कर दिया था, लेकिन यह भी सच है कि उन्होंने पूरी आज़ादी से काम किया था। तत्कालीन एनएसी ने भी बेहतरीन सुझाव देते हुए भारत की खुशहाली में बड़ा योगदान दिया था। मनमोहन सिंह के अनेक कार्यों की रूपरेखा पर पहले उनकी सलाहकार परिषद में भी विचार-विमर्श हुआ और उसे मनमोहन सिंह जैसे कुशाग्र व्यक्ति द्वारा परिमार्जित कर लागू किया गया था। इसके बेहतरीन नतीजे भी प्राप्त हुए थे। एनएसी की सलाह पर सरकार ने सूचना का अधिकार लागू किया जिससे लोगों की पहुंच आवश्यक जानकारियों तक हो सकी है। इससे सरकार की जवाबदेही बढ़ी तथा लोक सेवा की प्रणाली अधिक सक्रिय हुई है। भोजन के अधिकार ने बड़े पैमाने पर लोगों को गरीबी रेखा से बाहर निकाला। कुपोषण की समस्या से भी एक बड़ी आबादी को छुटकारा मिल सका था। शिक्षा के अधिकार ने साधनविहीन परिवार के बच्चों को भी गुणवत्तायुक्त शिक्षा प्रदान करने वाले परन्तु महंगे स्कूलों में प्रवेश दिलाया ताकि सामाजिक न्याय का मार्ग प्रशस्त हो। महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार योजना (मनरेगा) को नहीं भुलाया जा सकता, जिसने रोजगार को अधिकार के साथ जोड़ा है। जब ग्रामीणों के पास जीविकोपार्जन के साधन नहीं रहते, उनके द्वारा मांग करने पर रोजगार देने के लिये शासन को बाध्य करने वाला कानून इसी एनएसी के जरिये आया था। इसने देश की एक बड़ी आबादी को कोरोना काल में भूखे मरने से बचाया था। इसका महत्व इसी बात से लगाया जा सकता है कि संसद में इसे कांग्रेस सरकार की 'विफलता का स्मारक' बतलाने वाले मोदी की पार्टी इसके तहत हुए कामों का बखान अपने चुनावी घोषणापत्र में करती दिखाई दी। सोनिया का लेख मोदी को बेनकाब करता है।

# संविधान दिवस यानी पाखंड पर्व

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक बार फिर देशवासियों को संविधान दिवस की बधाई देने के जरिए, प्रकारांतर से संविधान में अपनी निष्ठा की बात भी दोहराई। यह दूसरी बात है कि इस बार किन्हीं कारणों से प्रधानमंत्री ने, 26 नवंबर की अपनी ''मन की बात'' में संविधान दिवस की महत्ता का बखान करने पर ही संतोष कर लिया। पिछले वर्षों के विपरीत इस बार उन्होंने संविधान दिवस के मौके पर, अपने हिसाब से संविधान को ही देखने की कोई नयी दृष्टि देना जरूरी नहीं समझा, जैसे कि मिसाल के तौर पर 2019 से वह संविधान के संदर्भ में मौलिक अधिकारों के मुकाबले में, मौलिक कर्तव्यों को ज्यादा महत्व दिए जाने का आग्रह संविधान के संदर्भ में उनके संबोधनों की मुख्य थीम बना रहा है। इसे पिछले साल इसी मौके पर, सर्वोच्च न्यायालय के आयोजन में अपने संबोधन में भी प्रधानमंत्री ने दोहराया था।

हैरानी की बात नहीं है कि प्रधानमंत्री मोदी और उनकी सरकार इस सिलसिले में यह याद दिलाना कभी नहीं भूलते हैं कि 1949 में संविधान सभा द्वारा 26 नवंबर को संविधान के स्वीकार किए जाने के दिन को, संविधान दिवस के रूप में मनाने की शुरूआत 2015 से वर्तमान निजाम में ही हुई थी। इससे पहले तक तो, 1950 में इस संविधान के लागू होने के दिन, 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस के रूप में मनाना ही, संविधान में निष्ठा जताने के लिए काफी समझा जाता था। लेकिन, मोदी राज के सरकारी कैलेंडर में, गणतंत्र दिवस से अलग, संविधान दिवस के पालन को जुड़वाने के पीछे, संविधान के साथ ठीक वैसा ही सलूक छुपा हुआ है, जैसा सलूक अंबेडकर, सरदार पटेल आदि से लेकर सुभाषचंद्र बोस आदि तक के मौजूदा राज के ''सम्मान'' के साथ लगा रहता है। और यह है सम्मान या नामस्मरण के नाम पर प्रतिमा पर माला चढ़ाने से लेकर स्मारक बनाने तक के पाखंड और इस पाखंड की ओट में, ठीक उल्टे रास्ते पर चलना। इसी सलूक का एक और उदाहरण, भारत के ''मदर ऑफ डैमोक्रेसी'' होने का ढोल पीटना और वास्तविक अमल से यह सुनिश्चित करना है कि शेष दुनिया भारत को ''आंशिक जनतंत्र'' से लेकर ''चुनावी तानाशाही'' या ''चुनावी निरंकुश शासन'' तक कहे और प्रेस की स्वतंत्रता के सूचकांक पर भारत, कुल 180 देशों में 161वें स्थान पर हो!

संविधान के साथ मौजूदा निजाम के इसी शत्रुतापूर्ण सलूक के जीते-जागते सबूत के तौर पर, देश के सर्वोच्च न्यायालय को इस बार संविधान दिवस के कर्मकांड से सिर्फ दो दिन पहले, इस निजाम के राज्यपालों की एक प्रकार से संवैधानिक व्यवस्था को ही पलटने की कोशिशों के खिलाफ काफी सख्त फैसला सुनाना पड़ा था। पंजाब के राज्यपाल, बनवारी लाल पुरोहित के द्वारा राज्य विधानसभा द्वारा पारित किए गए विधेयकों को रोक कर रखे जाने और वास्तव में विधानसभा की बैठकों को ही अमान्य ठहराने के खिलाफ, राज्य की निर्वाचित सरकार की याचिका पर 23 नवंबर को सुनाए गए अपने महत्वपूर्ण निर्णय में, सुप्रीम कोर्ट को एक न्यूनतम पूर्वाधार के रूप में संवैधानिक व्यवस्था के इस बुनियादी सिद्धांत को दोहराना पड़ा है कि, ''राज्य के एक अनिर्वाचित प्रमुख के रूप में राज्यपाल को कुछ संवैधानिक शक्तियां सौंपी गयी हैं'', लेकिन ''इस शक्ति का उपयोग राज्य विधायिका (सरकार) द्वारा कानून बनाने की सामान्य प्रक्रिया को विफल करने के लिए नहीं किया जा सकता है।'' और यह भी कि राज्यपाल, ''एक प्रतीकात्मक प्रमुख हैं और वह राज्य विधानसभा द्वारा पारित विधेयकों पर कार्रवाई रोक नहीं सकते हैं।''

अनिर्वाचित, प्रतीकात्मक प्रमुख के रूप में राज्यपालों के निर्वाचित विधायिका के विधान बनाने के काम को ही विफल करने की इस प्रवृत्ति पर और इसके लिए राज्यपालों द्वारा राज्य विधानसभाओं द्वारा पारित विधेयकों पर लंबे समय तक बैठे रहकर, विधायी प्रक्रिया को ही रोक देने की कोशिशों को, सुप्रीम कोर्ट ने अनिर्वाचित प्रतीकात्मक प्रमुख की निर्वाचित राज्य विधायिका पर वीटो हासिल करने की कोशिश करार देते हुए, ऐसी कोशिशों को दो-टूक शब्दों में संविधान के विरुद्ध के रूप में अमान्य कर दिया है। इसी क्रम में सुप्रीम कोर्ट ने किसी भ्रम की गुंजाइश नहीं छोड़ते हुए, अपने निर्णय में यह भी स्पष्ट किया है कि, निर्वाचित राज्य विधायिका द्वारा विधेयक पारित किए जाने के बाद, राज्यपाल के पास तीन ही विकल्प होते हैं—विधेयक को मंजूरी देना, नामंजूर हो तो उसे संशोधन या सुझाव के साथ या पुनर्विचार के अनुरोध के साथ विधायिका को लौटाना और विधेयक राष्ट्रपति को रैफर करना। सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया इनके अलावा, अनंतकाल तक विधेयक को रोके रखने जैसा कोई चौथा विकल्प, राज्यपाल को उपलब्ध नहीं है। उल्टे सुप्रीम कोर्ट ने राज्यपाल द्वारा 'यथाशीघ्र' निर्णय लेकर, विधायिका को सूचित किए जाने की अनिवार्यता को रेखांकित करते हुए याद दिलाया कि, ''राज्यपाल को किसी विधेयक को बिना किसी कार्रवाई के अनिश्चितकाल तक लंबित रखने की आजादी नहीं दी जा सकती है।''

हालांकि सुप्रीम कोर्ट का 23 नवंबर का उक्त निर्णय, पंजाब के राज्यपाल के आचरण के संबंध में निर्वाचित राज्य सरकार की याचिका के विशेष संदर्भ में आया है, लेकिन सच्चाई यह है कि मोदी निजाम द्वारा बैठाए गए राज्यपालों ने विपक्ष शासित राज्यों में, शासन का काम-काज बाधित करने के जो हथकंडे विकसित किए हैं, विधानसभाओं द्वारा पारित किए गए विधेयकों को लंबे अर्से तक रोके रखन, इन हथकंडों में से एक महत्वपूर्ण हथकंडा है। इसका सहारा लेकर, राज्यपाल इस स्पष्ट संवैधानिक व्यवस्था को धता बता सकता है कि राज्य विधायिका द्वारा पारित विधेयक, राज्यपाल द्वारा पुनर्विचार के लिए लौटाए जाने के बाद, अगर विधानसभा उसे दोबारा पारित कर देती है, तो राज्यपाल को उसके लिए मंजूरी देनी ही होगी। ठीक उसी समय जबकि पंजाब में मामले में सुप्रीम कोर्ट उक्त सख्त और दो-टूक निर्णय दे रही थी, सुप्रीम कोर्ट में ही तमिलनाडु और केरल की विपक्षी सरकारें भी, अपने राज्यपालों के ठीक ऐसे ही विधेयकों पर दो-दो साल से बैठे रहने के खिलाफ पहुंची हुई थीं। तमिलनाडु की याचिका चंद दिनों में सुप्रीम कोर्ट लेने जा रही है, जबकि केरल की याचिका के सिलसिले में उक्त निर्णय सुनाने के अगले ही दिन, सुप्रीम कोर्ट ने राज्य के राज्यपाल को अपने इस निर्णय का अध्ययन करने और जाहिर है कि उसकी रौशनी में जरूरी सुधार करने की सलाह दे दी। शीर्ष अदालत शीघ्र ही इस मामले पर भी गौर करने जा रही है।



राजेन्द्र शर्मा

> प्रधानमंत्री मोदी और उनकी सरकार इस सिलसिले में यह याद दिलाना कभी नहीं भूलते हैं कि 1949 में संविधान सभा द्वारा 26 नवंबर को संविधान के स्वीकार किए जाने के दिन को, संविधान दिवस के रूप में मनाने की शुरूआत 2015 से वर्तमान निजाम में ही हुई थी। इससे पहले तक तो, 1950 में इस संविधान के लागू होने के दिन, 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस के रूप में मनाना ही, संविधान में निष्ठा जताने के लिए काफी समझा जाता था।

मोदी राज द्वारा छांट-छांटकर जिस तरह के राज्यपाल बैठाए गए हैं, उन्होंने विपक्ष-शासित राज्यों में जैसे आम तौर पर विपक्ष की सक्रिय भूमिका ही संभाल लेने की कोशिश की है। अव्वल तो इनमें से अधिकांश संघ-भाजपा के सक्रिय नेता ही रहे हैं, जो स्वाभाविक रूप से ऐसी भूमिका अपनाने के लिए उत्सुक हैं और कुछेक अगर नहीं भी हैं तो पुरुस्कार या दंड के जरिए, उन्हें इस रास्ते पर धकेल दिया जाता है। इसका नतीजा लगभग सभी विपक्ष शासित राज्यों में राज्यपालों के कमोबेश, निर्वाचित सरकार के काम में अड़चनें खड़ी करने में लगे होने के रूप में ही सामने आ रहा है। बहरहाल, राज्यपालों और विपक्षी सरकारों के बीच के इस टकराव में, एक महत्वपूर्ण समान तत्व उच्च शिक्षा संस्थाओं पर, संघ का कब्जा कराने के लिए, अपना निरंकुश नियंत्रण कायम करने की राज्यपालों की कोशिशों का है। केरल, तमिलनाडु तथा अन्य विपक्ष शासित राज्यों में भी सरकारों ने, राज्यपालों की उच्च शिक्षा संस्थाओं के प्रतीकात्मक प्रमुख से आगे बढ़कर, निरंकुश कार्यपालक प्रमुख बनने की कोशिशों को रोकने के लिए, संबंधित कानूनों में संशोधन पारित किए हैं। लेकिन, राज्यपाल दो-दो बरस से इन संशोधनों पर बैठे हुए हैं और राज्यों की उच्च शिक्षा व्यवस्था में अराजक स्थितियां पैदा कर रहे हैं।

अनिर्वाचित प्रतीकात्मक प्रमुखों के, निर्वाचित सरकारों की सत्ता व अधिकार हड़पने की इस कहानी के मामले में, औपचारिक रूप से उप-राज्यपाल कहलाने वाले लैफ्टीनेंट गवर्नर तो, राज्यपालों से भी दो कदम आगे नजर आते हैं। दिल्ली में उपराज्यपाल ने तो केंद्र के प्रत्यक्ष आशीर्वाद से एक प्रकार से दुहरी शासन व्यवस्था ही थोपी हुई है, जिसका नतीजा अनेक महत्वपूर्ण मामलों में शासन-प्रशासन का काम अटके रहने से लेकर ठप्प होना तक है। यह स्थिति इसके बावजूद है कि सुप्रीम कोर्ट, कम से कम दो अलग-अलग मौकों पर, स्पष्ट रूप से यह कह चुकी है कि दिल्ली की चुनी हुई सरकार ही, दिल्ली की वास्तविक सरकार है। लेकिन, मोदी सरकार ने हर बार, दिल्ली से संबंधित कानूनों में संशोधन कर के जमीन पर यह स्थापित करने की कोशिश की है कि लैफ्टीनेंट गवर्नर और जाहिर है कि उसके माध्यम से केंद्रीय गृहमंत्रालय ही, दिल्ली की वास्तविक सरकार है। ताजातरीन संशोधन तो नौकरशाहों की नियुक्ति, तबादले आदि के मामलों के संबंध में, इसी साल कुछ ही महीने पहले किया गया है। और यह सब तब है जबकि दिल्ली में सार्वजनिक व्यवस्था, पुलिस तथा जमीन के मामले पहले ही सीधे केंद्र के हाथों में हैं। दिल्ली की ही तरह, जब तक पुदुच्चेरी में विपक्षी सरकार थी, भाजपा नेता से लैफ्टीनेंट गवर्नर बनाकर बैठाई गईं किरण बेदी ने, उसका काम करना मुश्किल बनाए रखा था। यहां तक कि एक मौके पर तो खुद मुख्यमंत्री को उप-राज्यपाल के खिलाफ धरने पर भी बैठना पड़ा था।

बेशक, अनिर्वाचित राज्यपालों/ उप-राज्यपालों के जरिए, निर्वाचित राज्य सरकारों की सत्ता का अपहरण करने के इस संविधानविरोधी खेल का ही और भी बड़ा रूप, हमें जम्मू-कश्मीर में देखने को मिल रहा है। वहां छः साल से ज्यादा से सीधे केंद्र तथा केंद्र के एजेंट का शासन चल रहा है, लेकिन निर्वाचित सरकार की कोई सुनगुन ही नहीं है। इसी दौरान राज्य के बांटे जाने तथा उसका दर्जा घटाकर केंद्र शासित क्षेत्र का किए जाने के बाद भी, चार साल गुजर जाने के बावजूद और विधासभाई सीटों के परिसीमन तथा मतदाता सूचियों के पुनरीक्षण के सारे काम पूरे हो जाने और आतंकवाद पर काबू पाए जाने के सारे दावों के बावजूद, विधानसभाई चुनाव को कहीं कोई जिक्र नहीं है। हैरानी की बात नहीं होगी कि जम्मू-कश्मीर में संविधान दिवस का पाखंडपूर्ण कर्मकांड भी शायद ही हुआ हो।

संविधान दिवस के पाखंडपूर्ण कर्मकांड मात्र होने पर ही जैसे मोहर लगाते हुए, प्रधानमंत्री मोदी ने इसकी ''दुर्भाग्यपूर्ण'' करार देते हुए याद दिलाई कि संविधान में 'पहला संशोधन वाणी की स्वतंत्रता और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर अंकुश लगाने के लिए किया गया था।' पर इस पर अफसोस का पाखंड उस सरकार का मुखिया कर रहा था, जो ठीक उसी समय परंपरागत तथा इलैक्ट्रोनिक मीडिया को लगभग पूरी तरह से कांख में दबाने के बाद, सामाजिक तथा अन्य नये मीडिया व मनोरंजन प्लेटफार्मों की भी मुश्कें कसने में जुटी हुई है।

**(लेखक साप्ताहिक पत्रिका लोक लहर के संपादक हैं।)**

# असम में इंडिया साझेदारों में सीट बंटवारे पर माथापच्ची

■ आशीष विश्वास

पड़ोसी पश्चिम बंगाल की तरह, 2024 के लोकसभा चुनावों में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के खिलाफ इंडिया गठबंधन के घटकों द्वारा आमने-सामने की लड़ाई सुनिश्चित करने के प्रयास असम में भी ठीक नहीं चल रहे हैं, जो 14 सीटों के साथ पूर्वोत्तर भारत का सबसे बड़ा राज्य है।

राष्ट्रीय स्तर पर, तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) और आम आदमी पार्टी (आप) जैसी पार्टियां सीटों की साझेदारी के प्रमुख मुद्दे पर तत्काल समझौते के लिए दबाव डाल रही थीं, परन्तु सबसे बड़ी विपक्षी पार्टी के नेता और नये इंडिया गठबंधन के स्पष्ट राजनीतिक केंद्र के रूप में, कांग्रेस जवाब नहीं दे रही थी।

उनका व्यापक तर्क था: व्यापक विपक्षी गठबंधन में इतने सारे दलों और कांग्रेस जैसी राष्ट्रीय पार्टी और विभिन्न क्षेत्रीय दलों के बीच स्पष्ट नीतिगत मतभेदों, और संभवतः कुछ के बदमिजाजी के कारण कोई भी सीट समायोजन अभ्यास समय साध्य होना ही था। यह संपूर्ण भाजपा-विरोधी विपक्ष को एक छतरी के नीचे लाने के बड़े महत्वाकांक्षी उद्देश्य का अब तक का सबसे कठिन हिस्सा था।

इसके अलावा, अधिकांश क्षेत्रीय दलों ने, अनौपचारिक रूप से सीटों की प्रारंभिक मांग रखते हुए भी, यह स्पष्ट कर दिया था कि पूरे भारत में, उन्हें उम्मीद है कि कांग्रेस सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उनके हितों को समायोजित करेगी, जो राजनीतिक नेतृत्व का एक महान उदाहरण स्थापित करेगी। इसके साथ ही, उन्होंने कांग्रेस को एक ऐसी पार्टी बताया, जिसका पतन हो चुका है और अगर भाजपा को राष्ट्रीय स्तर पर हराना पहली प्राथमिकता है, तो उसे क्षेत्रीय दलों की मदद की सख्त जरूरत है।

> टीएमसी और आप दोनों ही राजनीतिक रिकॉर्ड के मामले में राज्य के साथ-साथ पूर्वोत्तर क्षेत्र में नये लोगों की श्रेणी में हैं! चूंकि राज्य में सीटों की संख्या केवल 14 है, अनौपचारिक बातचीत की ऐसी प्रवृत्ति इस बात का स्पष्ट संकेत देती है कि असम में सीट समायोजन वार्ता कितनी कठिन साबित हो सकती है। जहां तक पश्चिम बंगाल की बात है, वहां स्थिति और भी खराब थी।

राष्ट्रीय स्तर पर सबसे अधिक वोट प्रतिशत, 2019 के लोकसभा चुनावों में लगभग 20प्रतिशत, के साथ सबसे बड़ी विपक्षी पार्टी के रूप मेंकांग्रेस नेताओं ने जोर देकर कहा कि कोई भी क्षेत्रीय पार्टी उनके वोट शेयर या हासिल की गई सीटों की संख्या के करीब भी नहीं आई। उन्होंने दावा किया कि राहुल गांधी की प्रभावशाली भारत जोड़ो यात्रा को काफी लोकप्रिय समर्थन मिला है। इसमें कोई आश्चर्य नहीं कि वे इसी कारण पांच राज्यों में चल रहे विधानसभा चुनावों के नतीजे आने तक सीट समायोजन वार्ता के लिए इंतजार करने के लिए इंडिया गठबंधन की छोटी पार्टियों पर हावी हो गये। गैर-कांग्रेसी इंडिया गठबंधन साझेदारों को 3 दिसंबर के नतीजों के लिए अनिच्छा से इंतजार करना पड़ा।

जहां तक असम का सवाल है, टीएमसी और आप दोनों ने अनौपचारिक रूप से कम से कम 5 सीटों पर लड़ने का दावा किया है! यह, सीपीआई (एम), सीपीआई, रायसर दल, असम जातीय परिषद और मैदान में अन्य स्थानीय स्थापित पार्टियों की सीटों के लिए की जाने वाली समान मांगों के संदर्भ या चर्चा के बिना है।

ऐसा इस तथ्य के बावजूद है कि टीएमसी और आप दोनों ही राजनीतिक रिकॉर्ड के मामले में राज्य के साथ-साथ पूर्वोत्तर क्षेत्र में नये लोगों की श्रेणी में हैं! चूंकि राज्य में सीटों की संख्या केवल 14 है, अनौपचारिक बातचीत की ऐसी प्रवृत्ति इस बात का स्पष्ट संकेत देती है कि असम में सीट समायोजन वार्ता कितनी कठिन साबित हो सकती है।

जहां तक पश्चिम बंगाल की बात है, वहां स्थिति और भी खराब थी। विवाद में 42सीटों के साथ, सीपीआई (एम) के नेतृत्व वाले वाम या कांग्रेस जैसे प्रमुख इंडिया सहयोगी सत्तारूढ़ टीएमसी से बात करने को भी तैयार नहीं हैं। जैसा कि सीपीआई (एम) और कांग्रेस के राज्य नेता खुले तौर पर कहते हैं, कि टीएमसी के साथ सीटें साझा करने की बात पर वे अपने केंद्रीय नेतृत्व से सहमत नहीं होंगे, क्योंकि बंगाल में सभी विपक्षों को खत्म करने के लिए टीएमसी की घोर ज्यादतियां, भ्रष्टाचार और आधिकारिक मशीनरी का दुरुपयोग है।

गौरतलब है कि न तो केंद्रीय सीपीआई (एम) नेताओं और न ही कांग्रेस आलाकमान ने कोई संकेत दिया है कि वे राज्य के पार्टी नेताओं को अपने टीएमसी विरोधी रुख को नरम करने के लिए दृढ़ता से निर्देश देंगे। हालांकि, ऐसे संकेत हैं कि दिल्ली स्थित कांग्रेस के वरिष्ठ नेता टीएमसी के साथ कुछ समायोजन करने की बहुत कोशिश कर रहे हैं, अगर टीएमसी सबसे पुरानी पार्टी को कम से कम 5/6सीटों पर चुनाव लड़ने की अनुमति देती है।

इस नाजुक स्थिति में, असम कांग्रेस के नेता भूपेन बोरा और देबब्रत सैकिया ने घोषणा की है कि उनकी पार्टी आलाकमान ने असम के लिए सीट समायोजन प्रस्तावों की जांच करने और उन्हें अंतिम रूप देने के लिए पांच सदस्यीय समिति का गठन किया है। यह समिति या पार्टी अध्यक्ष, वरिष्ठ कांग्रेस नेता मल्लिकार्जुन खड़गे, अन्य दलों के साथ बातचीत के बाद सीट समायोजन और अन्य मुद्दों पर पार्टी की अंतिम स्थिति की घोषणा करेंगे।

असम से नवीनतम मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, असम कांग्रेस के अध्यक्ष श्री बोरा और राज्य विधानसभा में विपक्ष के नेता श्री सैकिया ने स्पष्ट किया कि सीट समायोजन पर कांग्रेस नेताओं द्वारा घोषित अंतिम निर्णय इंडिया गठबंधन के भीतर बाध्यकारी होगा।

यह अप्रत्याशित नहीं कि आप और टीएमसी दोनों ने इसका जोरदार और तुरंत विरोध किया। आप इस बात पर जोर देने की इच्छुक है कि वह नये गठबंधन के भीतर मुख्य भूमिका के रूप में क्या देखती है, खासकर पंजाब में जीत के बाद, जो दिल्ली केंद्र शासित प्रदेश के बाद उसकी बेल्ट के तहत दूसरा राज्य है। कांग्रेस के बाद, वह खुद को भाजपा-विरोधी समूह में पहले स्थान पर देखती है। इसके नेताओं ने कुछ मामलों में त्रिपुरा, गोवा या असम में अपनी छाप छोड़ने में टीएमसी की विफलता का जिक्र करते हुए टीएमसी पर भी कटाक्ष करना शुरू कर दिया है।

राज्य स्थित टीएमसी और आप नेताओं ने असम में मीडिया से कहा कि ऐसा कोई कारण नहीं है कि केंद्रीय कांग्रेस नेतृत्व द्वारा राज्य में सीट बंटवारे के बारे में घोषित निर्णय को भाजपा के खिलाफ लड़ाई में उसके गैर-कांग्रेसी सहयोगियों के लिए 'बाध्यकारी' माना जाये।

स्पष्ट रूप से, पूर्वी और पूर्वोत्तर भारत में विपक्षी नेताओं ने अपनी अलग-अलग राजनीतिक मजबूरियों को देखते हुए, भाजपा विरोधी एक महत्वपूर्ण राजनीतिक एकजुटता हासिल करने के लिए अपना काम बंद कर दिया है।

## पावन प्रसंग

# ध्यान कैसे करें

ध्यान क्या है? ध्यान कैसे करें, ध्यान करने की सबसे अच्छी विधि क्या है? ध्यान कितने समय तक करना चाहिए? क्या आंखें बंद कर करके ईश्वर का स्मरण करना ही ध्यान है? क्या किसी आसन विशेष में बैठकर किसी वस्तु, व्यक्ति या बिंदु पर मन को एकाग्र करना ध्यान है? आदि अनेक प्रश्न साधकों व जिज्ञासुओं के मन में उठते हैं। ध्यान ईश्वर की अनुभूति का, परमानंद की प्राप्ति का एक श्रेष्ठ साधन है। ध्यान की कई विधियां हैं और उन सबका उद्देश्य एक ही है- ईश्वर की अनुभूति व परमानंद की प्राप्ति। इसे ऐसे महसूस करें कि जैसे पूर्णिमा का चांद अपने संपूर्ण स्वरूप में चमक रहा है। वह समुद्र की सतह पर प्रतिबिंबित हो रहा है, पर समुद्र में उठ रही ऊंची-ऊंची लहरों पर चंद्रमा का प्रतिबिंब टिक नहीं पा रहा, स्थिर, नहीं हो पा रहा। फलस्वरूप हम उसके संपूर्ण स्वरूप का, सौंदर्य का दर्शन, दिग्दर्शन नहीं कर पा रहे। पर अचान जैसे ही समुद्र में उठने वाली ऊंची-ऊंची लहरें कुछ पल के लिए शांत होती हैं, वैसे ही चंद्रमा अपने पूर्ण, संपूर्ण सौंदर्य, स्वरूप में दिखने लगा और उसके इस अप्रतिम, अनुपम सौंदर्य को देखकर कोई भी हो, आनंदित, आह्लादित, प्रफुल्लित हुए बिना नहीं रह सकेगा।

इसी तरह से यह भी सत्य है कि हमारी आत्मा में भी परमपिता परमात्मा, का वास है, पर प्रश्न उठता है कि अपनी आत्मा में ही विराज रहे परमात्मा की हमें अनुभूति क्यों नहीं हो पाती? ऐसा इसलिए क्योंकि हमारे मन में, हमारे चित्त में भी ऊंची-ऊंची लहरें उठती हैं। हमारे मन में अच्छाओं की ऊंची-ऊंची लहरें उठ रही हैं उन लहरों के कारण ही हमें अपने ही भीतर विराजमान परमात्मा के होने की अनुभूति नहीं हो रही। अतः विभिन्न पूजा पद्धतियों व ध्यान की विधियों का एक ही उद्देश्य है- मन में उठ रही उन सभी लहरों को शांत कर लेना, समाप्त कर लेना।

ध्यान मन की लहरों को शांत करता है, चित्त को स्थिर रखता है, संस्कारों से मुक्त रखता है। मन की इच्छाओं को शांत करता है,हमें हमारी आत्मा में प्रकाश स्वरूप परमात्मा के दर्शन होने लगते हैं। हमारे अंदर आनंद का अजस्र स्रोत फूट पड़ता है। हमारा अंतस ईश्वरीय आलोक से आलोकित होने लगता है। यह ऐसा आनंद है जो अवर्णनीय है, अलौकिक है, अद्वितीय है, अनुपम है। यह परम आनंद हमारी आत्मा से प्रस्फुटित होता है, क्योंकि हम स्वयं भी सत चित्त आनंद स्वरूप परमात्मा से बने हैं। हम स्वयं भी उन्हीं परमात्मा के अंश हैं जो आनंदस्वरूप हैं। यह हमारी अपनी ही चेतना है, जो ईश्वरीय चेतना से जुड़कर स्वयं भी सत चित्त आनंदस्वरूप परमात्मास्वरूप हो जाती है।

अब प्रश्न यह उठता है कि ध्यान की शुरुआत कहां से और कैसे करें? इसकी शुरुआत हम निस्संदेह एकाग्रता से कर सकते हैं। हम जो भी कार्य करें, उसे एकाग्रचित्त होकर करें। यदि हम भोजन पर बैठे हैं तो उसे पूरी एकाग्र होकर करें यदि हम खेल रहे हैं तो हमारी पूरी एकग्रता खेल में ही होनी चाहिए। यदि हम पढ़ रहे हैं तो हमारी पूरी एकाग्रता पढ़ने में ही होनी चाहिए। इससे हमारा मन अधिक एकाग्र और संवेदनशील होता जाएगा और ध्यान के अनुकूल होता जाएगा। हम भोजन की टेबल पर बैठे भोजन कर रहे होते हैं और राजनीति तथा अन्य विषय की चर्चाएं भी चल रही होती हैं। हम स्नान कर रहे होते हैं और अन्य विषयों पर विचार भी कर रहे होते हैं। यह ठीक नहीं है क्योंकि इससे मन की एकाग्रता क्षीण पड़ती है। जिस काम को करें उसमें पूर्णतः एकाग्र हो जाएं। यदि हम गुनगुनी धूप में बैठे हैं तो सूर्य की किरणों को यों महसूस करें मानो इन किरणों के माध्यम से सूरज ने अपने हाथ हम तक फैला दिए हैं, मानो सूरज हमें स्पर्श कर रहा हो। हमारे चेहरे पर पड़ती सूरज की गुनगुनाती धूप हमारे हृदय को आंदोलित करने लगे। हम चलते हुए हवा के स्पर्श को महसूस करें मानो हवा के झोंकों ने हमारे संपूर्ण अस्तित्व को छू लिया हो।

**युग निर्माण योजना**

## आपके पत्र

# जवाबदेह महिला ही क्यों बने?

समाज में औरतों को हमेशा से ही बंधनों में बांधकर रखा गया है, जिससे कि अगर उसके साथ किसी भी प्रकार की कोई हिंसा होती है तो वह अपने लिए न्याय के लिए लड़ने से भी डरती है क्योंकि अगर वह कुछ कहती है तो समाज ही उसे गलत ठहरा कर चुप करा देता है। ऐसे में यदि किसी लड़की के साथ किसी प्रकार की हिंसा होती है तो वह इसके खिलाफ आवाज़ भी नहीं उठा पाती है। यहां तक कि वह इसे किसी के सामने रखने से भी डरती है। बात चाहे शहर की हो या गांव की, सभी जगह महिलाएं स्वयं को शत प्रतिशत सुरक्षित नहीं मानती हैं। शहरों में जहां महिला हिंसा का अलग रूप देखने को मिलता है तो वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में सामाजिक मान्यताओं के नाम पर महिलाओं के साथ सबसे अधिक हिंसा होती है। कभी उसे शारीरिक तो कभी मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जाता है। लेकिन किशोरियों के साथ होने वाली हिंसा सबसे अधिक चिंता का विषय बनती जा रही है। जिन्हें स्कूल या कॉलेज आते जाते समय कभी लड़कों तो कभी अन्य पुरुषों द्वारा फब्तियां और गंदे कमेंट्स का सामना करना पड़ता है।

अफ़सोस की बात यह है कि इस प्रकार का कृत्य जहां किशोरियों को मानसिक रूप से प्रताड़ित करता है वहीं दूसरी ओर यह समाज के नैतिक पतन की ओर इशारा भी करता है। शहरों में लड़कियों को शिक्षा प्राप्त करने के कई अवसर मिल जाते हैं लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में किशोरियों के लिए यह आज भी अपेक्षाकृत काफी मुश्किल होता है। ऐसा ही एक ग्रामीण क्षेत्र है पहाड़ी राज्य उत्तराखंड के बागेश्वर जिला अंतर्गत रौलियाना गांव। जहां लड़कियों को शिक्षा प्राप्त करने के लिए कई प्रकार की बाधाओं से गुज़रना पड़ता है। इनमें सबसे बड़ी बाधा लड़कों और पुरुषों द्वारा फब्तियां और गंदे कमेंट्स कर उन्हें मानसिक रूप से परेशान करना है। यह एक ऐसी हिंसा है जो किशोरियों को मानसिक रूप से तोड़ देती है। इस संबंध में नाम प्रकाशित नहीं करने की शर्त पर गांव की एक किशोरी बताती है कि 10वीं पास करने के बाद आगे की शिक्षा के लिए किशोरियां राजकीय इंटर कॉलेज, मेगडी स्टेट में अपना नामांकन कराती हैं, जो रौलियाना से करीब 7 किमी दूर है. यह इस गांव से सबसे करीब इंटर कॉलेज है। इतना ही नहीं यह इंटर कॉलेज अन्य गांव जैसे जोड़ा स्टेट और पिंगलो से भी सबसे नज़दीक है, जिसके कारण इन सभी गांवों की लड़कियां यहीं पढ़ने आती हैं। यहां पढ़ने वाली 90 प्रतिशत लड़कियां आर्थिक रूप से बेहद पिछड़े परिवार से होती हैं. जिसकी वजह से वह प्रतिदिन 7 किमी पैदल चलकर आती हैं। यह शिक्षा के प्रति इनके लगन और मेहनत को दर्शाता है लेकिन लड़कियों के प्रति मानसिक रूप से पिछड़े समाज की सोच और कमेंट्स उनके मनोबल को तोड़ देती हैं। एक अन्य किशोरी बताती है कि अपने खिलाफ होने वाली इस हिंसा को हम लड़कियां व्यक्त भी नहीं कर पाती हैं। न तो हम इस संबंध में अपनी शिक्षिका से कह पाती हैं और न ही हम घर में इसकी शिकायत कर पाती हैं क्योंकि हमें ऐसा लगता है कि इससे हमारे ही परिवार की बदनामी होगी और सकता है कि हमारी पढाई रुकवा दी जाए क्योंकि हमने देखा है कि यदि कुछ लड़कियां हिम्मत करके इसके खिलाफ आवाज़ उठाती भी हैं स्वयं परिवार भी उनका साथ देने की जगह इसका दोष उन्हीं लड़कियों पर डाल दिया जाता है। कई परिवारों ने इस प्रकार की घटना के बाद लड़की का इंटर कॉलेज जाना ही बंद करवा दिया। वह सवाल करती है कि आखिर इसमें उस लड़की का क्या दोष होता है? क्यों परिवार उसका साथ देने की जगह उसे ही शिक्षा से वंचित कर देता है?

**पूजा गोस्वामी, रौलियाना, उत्तराखंड**

प्रकाशक, मुद्रक : राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लि. के लिए 506, आई.एन.एस. बिल्डिंग, 9, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित एवं बीएफएल इंफोटेक लि., सी 9, सेक्टर-3, नोएडा से मुद्रित। सम्पादक : राजीव रंजन श्रीवास्तव, (पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार)। आर.एन.आई. नं. DELHIN/2008/24216. दिल्ली कार्यालय :फोन: 011-23718195,23357784, फैक्स: 011-43581404, नोएडा कार्यालय: फोन: 0120-4114404 फैक्स: 0120-4273770 ई-मेल: deshbandhudelhi@gmail.com वेब: www.deshbandhu.co.in


## अमेरिका में तीन फिलिस्तीनी कॉलेज विद्यार्थियों को गोली मारी

**वाशिंगटन।** अमेरिका के वरमोंट में तीन फिलिस्तीनी कॉलेज विद्यार्थियों को गोली मार दी गई। सीएनएन ने पुलिस सूत्रों के हवाले से अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी। रविवार को एक श्वेत व्यक्ति ने फिलिस्तीनी छात्रों पर गोलियां चलाईं और फरार हो गया। गोली लगने से घायल छात्रों में दो की हालत स्थिर है और एक की स्थिति गंभीर बतायी गयी है। इनका इलाज जारी है। ब्रिटेन में फिलिस्तीनी राजदूत हुसाम जोमलॉट के अनुसार तीनों छात्रों को पर उस समय निशाना बनाया गया, जब वे एक पारिवारिक रात्रिभोज के लिए जा रहे थे।

# बंधकों के मुक्त होने तक अस्थायी संघर्ष विराम जारी रहने की उम्मीद : बाइडेन

**वाशिंगटन,** 27 नवम्बर (एजेंसियां)। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने इजरायल

■ मुक्त हुए नागरिकों को सुरक्षात्मक तरीके से गाजा से स्थानांतरित किया गया



और हमास के बीच अस्थायी संघर्ष विराम बंधकों को रिहा किए जाने तक जारी रहने की उम्मीद जतायी है। श्री बाइडेन ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि उन्हें उम्मीद है कि इजरायल और हमास के बीच संघर्ष विराम तब तक जारी रहेगा जब तक कि बंधकों को मुक्त नहीं कर दिया जाता। उन्होंने कहा चार साल की बंधक अबीगैल एडन ने गत सात अक्टूबर को इज़रायल में हमास के लड़ाकों द्वारा किए गए हमले के दौरान अपने माता-पिता को मरते हुए देखा था। एडन को उसी समय से बंधक बनाकर रखा गया है। उसने जो सहा वह अकल्पनीय है। इस बीच हमास ने कहा है कि इजरायल फिलिस्तीनी बंदियों को मुक्त करने का प्रयास करता है तो वह बंधकों की रिहाई के क्रम में चौथे दिन सोमवार को अंतिम बंधकों को छोड़ने पर सहमत होगा।

हमास ने यह भी कहा है कि उसने 13 इजरायली, तीन थाई और रूसी नागरिकता वालों को मुक्त कर दिया है।

## दुबई में कॉप28 में शामिल नहीं होंगे बाइडेन

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन आगामी 30 नवंबर से 12 दिसंबर तक दुबई में शुरू होने वाले संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन सम्मेलन (कॉप28) में भाग नहीं लेंगे। न्यूयॉर्क टाइम्स ने व्हाइट हाउस के अधिकारी के हवाले से सोमवार को यह जानकारी दी। रिपोर्ट में कहा गया कि अमेरिकी राष्ट्रपति के इस तरह के फैसले का कारण इजरायल और हमास के बीच चल रहा संघर्ष हो सकता है, जिसने हाल ही में उनका काफी समय लिया है। रिपोर्ट के अनुसार सम्मेलन में लगभग 200 देशों के नेताओं के साथ-साथ पोप फ्रांसिस के भी भाग लेने की उम्मीद है।

## इजरायल-गाजा संघर्ष पर बाइडेन प्रशासन में मतभेद

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन का प्रशासन हाल ही में इजरायल-फिलिस्तीनी संघर्ष पर एकमत होने में असमर्थता के कारण आंतरिक विभाजन से ग्रस्त हो गया है। वाशिंगटन पोस्ट ने व्हाइट हाउस के अधिकारियों के हवाले से यह जानकारी दी। इससे पहले नवंबर में व्हाइट हाउस के लगभग 20 कर्मचारियों ने गाजा पट्टी में नागरिकों की मृत्यु दर को कम करने के लिए वर्तमान प्रशासन की योजनाओं पर चर्चा करने के लिए राष्ट्रपति के शीर्ष सलाहकारों के साथ एक बैठक का अनुरोध किया था। व्हाइट हाउस के चीफ ऑफ स्टाफ जेफ जिएंट्स, वरिष्ठ सलाहकार अनीता डन और उप राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जॉन फाइनर के साथ एक बैठक पर टिप्पणी करते हुए, अधिकारियों में से एक को यह कहते हुए उद्धृत किया गया कि कर्मचारियों की बात सुनने के बावजूद सहयोगियों ने परिचित बातों का सहारा लिया।

## इजरायल ने की रिहा किए जाने वाले बंधकों की सूची प्राप्त होने की पुष्टि

**यरूशलेम।** इजरायल ने पुष्टि की है कि उसे रातों-रात बंधकों की एक सूची मिल गई है जिन्हें सोमवार को हमास द्वारा रिहा किया जाना है। आई24 ब्रॉडकास्टर ने यह जानकारी दी। हमास ने अब तक कुल 58 बंधकों को रिहा किया है जबकि इजरायल ने 117 फिलीस्तीनी कैदियों को रिहा किया है। पिछले हफ्ते कतर ने इजरायल और हमास के बीच चार दिवसीय संघर्ष विराम तथा कुछ कैदियों एवं बंधकों की अदला-बदली के साथ-साथ गाजा पट्टी में मानवीय सहायता पहुंचाने के समझौते में मध्यस्थता की थी। इजरायली और विदेशी बंधकों के पहले समूह को शुक्रवार को एन्क्लेव से रिहा कर दिया गया। इससे पहले इजरायल ने हमास के साथ संघर्ष विराम समझौते के अंतर्गत रविवार को 39 फिलिस्तीनी कैदियों को रिहा किया, जिनमें 24 महिलाएं भी शामिल हैं। हमास की ओर से महिलाओं और बच्चों सहित 13 बंधकों के समूह को मुक्त किया गया। हमास और इजरायल इस सप्ताह की शुरुआत में गाजा पट्टी में चार दिवसीय युद्धविराम पर एक समझौते पर पहुंचे। समझौते के तहत, हमास इजरायल में बंद लगभग 150 फिलिस्तीनी बंदियों के बदले में गाजा से कम से कम 50 बंधकों को रिहा करेगा। गौरतलब है कि इजरायल और हमास के बीच जारी संघर्ष में अब तक 15,700 से अधिक लोग मारे जा चुके हैं।

## सुडोकू 6389

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 1 | | 2 | | | | | 5 |
| 3 | | | | | 4 | | 6 | |
| | 8 | 5 | 3 | | | | | |
| | 7 | 9 | | | 3 | | 5 | 1 |
| 4 | | | | | | | | 9 |
| 1 | 5 | | 7 | | | 6 | 3 | |
| | | | | | 5 | 9 | 2 | |
| | 2 | | 4 | | | | | 3 |
| 5 | | | | | 2 | | 1 | 6 |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : मंगलवार 28 नवम्बर , 2023 अगहन कृष्ण पक्ष 1

### राशिफल

मेष - आज के दिन अपने निजी विचारों को छोडकर दूसरों के विचारों को अपनाने की जरुरत है। घर तथा परिजनों के काम करते समय आपके लिए समाधानकारी व्यवहार अपनाना उचित रहेगा।

वृषभ - आज आप आर्थिक जिम्मेदारियों के प्रति ध्यान देंगे तथा कहीं निवेश की योजना भी बना सकेंगे। आर्थिक लाभ होने की संभावना हैं। मन में उत्साह तथा विचारों की स्थिरता के कारण सभी काम आप अच्छी तरह से कर सकेंगे।

मिथुन - आपकी वाणी और व्यवहार के कारण असमंजस की स्थिति न उत्पन्न हो, इसका ध्यान देने की जरूरत है। आवेश और उग्रता के कारण किसी से तकरार न हो, इसका ध्यान रखें। स्वास्थ्य को लेकर समस्या रहेगी।

कर्क - आज का दिन आपके लिए लाभकारी है। नौकरी और व्यापार में भी लाभ के संकेत हैं। मित्रों के साथ आनंदपूर्वक समय गुजार सकते हैं। अविवाहित लोगों के लिए आज विवाह के योग हैं। आय के साधनों में वृद्धि होगी।

सिंह - आप अपने दृढ़ आत्मविश्वास और मनोबल से सभी काम को सफलतापूर्वक पूरा कर सकेंगे। व्यवसाय के क्षेत्र में आपकी बौद्धिक प्रतिभा दिखेगी। नौकरी में पदोन्नति के योग बन सकते हैं।

कन्या - आपका आज का दिन आनंददायक रहेगा। आर्थिक लाभ होगा तथा विदेश में रहनेवाले सगे- संबंधियों के समाचार मिलेंगे, इससे आप काफी प्रसन्न रहेंगे। धार्मिक काम या धार्मिक यात्रा के पीछे खर्च होगा।

तुला - आज आपको किसी भी नए काम का आरंभ नहीं करने की सलाह दी जाती है। अपनी वाणी और व्यवहार को नियंत्रण में रखें। गलतफहमी के कारण आपको नुकसान हो सकता है।

वृश्चिक - आप आज के दिन पूरी तरह से आमोद-प्रमोद में बिताना पसंद करेंगे। अपने दैनिक कामों से मुक्त होकर अपने लिए थोड़ा समय निकाल सकेंगे। मित्रों के बाहर जाने का कार्यक्रम बनेगा। कहीं घूमने जा सकते हैं।

धनु - आज का दिन आपके लिए अनुकूल है। घर का वातावरण आनंदप्रद रहेगा। शारीरिक रूप से स्वस्थता और मानसिक रुप से खुशी मिलेगी। नौकरी और व्यावसायिक स्थल पर वातावरण अनुकूल रहेगा।

मकर - आज मन में किसी बात की चिंता रहेगी। स्वास्थ्य का मामला कमज़ोर रहेगा। दफ्तर में उच्च अधिकारियों की नाराजगी का सामना करना पड़ेगा। संतान के साथ मतभेद होने की संभावना है। उनके स्वास्थ्य की भी चिंता रहेगी।

कुंभ - आज आपका मन बहुत संवेदनशील रहेगा और आप मानसिक रूप से अस्वस्थ्य रहेंगे। विद्यार्थियों के लिए आज का दिन अच्छा है। आज आपके सभी काम आसानी से पूरे होंगे। सौंदर्य प्रसाधन के पीछे खर्च होगा।

मीन - अति आवश्यक काम को पूरा करने के लिए आज का दिन अच्छा है। आपकी रचनात्मक शक्तियों में वृद्धि होगी। वैचारिक दृढ़ता एवं मानसिक स्थिरता के कारण काम सफल रहेंगे। जीवनसाथी का पूर्ण सहयोग मिलेगा।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## स्वच्छता संबंधी अपराधों के लिए भारतीय मूल के स्टोर मालिक को सामुदायिक सजा

**लंदन,** 27 नवम्बर (एजेंसियां)। ब्रिटेन के बर्मिंघम शहर में भारतीय मूल के एक स्टोर मालिक के स्टोर में पिछले साल चूहे के मल और जहर से दूषित भोजन पाए जाने के बाद सामुदायिक आदेश जारी किया गया है। बर्मिंघम लाइव समाचार वेबसाइट की रिपोर्ट के अनुसार, 39 वर्षीय अवतार सिंह ने स्वच्छता संबंधी सात अपराध स्वीकार कर लिए। इसके बाद उन्हें 12 महीने के सामुदायिक आदेश की सजा सुनाई गई, जिसमें 120 घंटे के अवैतनिक कार्य को पूरा करना होगा। बर्मिंघम मजिस्ट्रेट कोर्ट ने उन्हें 1,430 पाउंड लागत और 114 पाउंड पीड़ित अधिभार का भुगतान करने का भी आदेश दिया। सिंह के अपराध पिछले साल 25 अक्टूबर के हैं जब नगर परिषद के अधिकारियों ने सोहो रोड पर सिंह के डायमंड ड्रिंक्स में कई उल्लंघन पाए थे। एक आरोप में कहा गया है कि परिसर में चूहों की गतिविधि थी और दूसरा आरोप संरचना में खाली जगह के बारे में था जिससे चूहे घुस सकते थे। एक अन्य आरोप में कहा गया है कि सिंह ... यह सुनिश्चित करने में विफल रहे कि भोजन को किसी भी संदूषण से बचाया जाए, जिससे भोजन मानव उपभोग के लिए वह अनुपयुक्त न हो उस अवस्था में खाने से भोजन के पैकेट चूहे के मूत्र और चूहे मारने वाले केक से दूषित हो गए।

## ऑस्ट्रेलिया की सीनेट के लिए चुने गए भारतीय मूल के लिबरल डेव शर्मा

**मेलबर्न,** 27 नवम्बर (एजेंसियां)। पूर्व सांसद डेव शर्मा न्यू साउथ वेल्स (एनएसडब्ल्यू) सीनेट पद जीतने वाले विपक्षी लिबरल पार्टी से भारतीय मूल के पहले व्यक्ति बनकर ऑस्ट्रेलियाई संसद में लौट रहे हैं।



विदेश मंत्री मैरिस पायने द्वारा खाली की गई सीट के लिए रविवार को लिबरल पार्टी के सदस्यों के वोट में डेव ने पूर्व राज्य कोषाध्यक्ष एंड्रयू कॉन्स्टेंस को 251-206 से हराया।

लिबरल पार्टी के नेता पीटर डटन ने मध्य पूर्व की स्थिति का जिक्र करते हुए एक बयान में कहा, लिबरल पार्टी के हिस्से के रूप में डेव का सीनेट में प्रवेश विदेश और घरेलू कार्यक्रमों को देखते हुए एक महत्वपूर्ण समय पर हुआ है। सीट हासिल करने पर शर्मा को बधाई देते हुए डटन ने कहा, उनकी कूटनीतिक और विदेश नीति विशेषज्ञता और अनुभव पूर्वी यूरोप, मध्य पूर्व और इंडो-पैसिफिक में अनिश्चित परिस्थितियों को देखते हुए सार्वजनिक नीति बहस को काफी वजन और ज्ञान प्रदान करेगा। डटन ने कांटे की टक्कर वाली दौड़ में कॉन्स्टेंस और पूर्व मंत्री जेड सेसेलजा दोनों का समर्थन किया था, जहां 10 उम्मीदवारों ने रिंग में अपनी टोपी फेंकी थी, लेकिन डेव सर्वसम्मति के उम्मीदवार के रूप में उभरे। डेव ने कहा, मैं (प्रधान मंत्री एंथनी) अल्बानी सरकार को उसके कई गलत कदमों और गलत निर्णयों के लिए सीनेट में जवाबदेह ठहराने और लेबर की लागत से निपटने के लिए संघर्ष कर रहे एनएसडब्ल्यू के कई परिवारों के लिए लड़ने का अवसर देने के लिए पार्टी सदस्यों को धन्यवाद देना चाहता हूं- जीवन-यापन का संकट। 2019 से 2022 तक वेंटवर्थ की सीट के लिए संसद के संघीय सदस्य, शर्मा ने 2013 से 2017 तक इज़राइल में ऑस्ट्रेलिया के राजदूत के रूप में भी कार्य किया। डटन ने कहा, डेव सीनेट में तर्क की आवाज बनेंगे और ग्रीन्स और अन्य लोगों के सीनेटरों को उनकी यहूदी विरोधी भावना और शर्मनाक नैतिक समकक्षता के लिए जवाबदेह ठहराने में मदद करेंगे।

## हौथी ने अमेरिकी नौसेना विध्वंसक पर मिसाइलें दागी

**लंदन,** 27 नवंबर (एजेंसियां)। ईरान समर्थित हौथी विद्रोहियों ने मध्य पूर्व में अमेरिकी बलों के साथ महत्वपूर्ण तनाव में यमन के तट पर अमेरिकी नौसेना के विध्वंसक पर मिसाइलें दागी हैं। मीडिया रिपोर्ट्स में कहा गया, यूएसएस मेसन ने अदन की खाड़ी में इजरायल से जुड़े एक रासायनिक टैंकर से एक संकटपूर्ण कॉल का जवाब दिया था, जिसे सशस्त्र विद्रोहियों ने जब्त कर लिया था। डेली मेल की रिपोर्ट के अनुसार, सेंट्रल पार्क टैंकर फॉस्फोरिक एसिड



का माल ले जा रहा था, जब उसके चालक दल ने मदद के लिए पुकारते हुए कहा कि उन पर किसी अज्ञात संस्था ने हमला किया है। यूएसएस मेसन सहित अदन की खाड़ी और सोमालिया के तट पर सक्रिय समुद्री डकैती रोधी टास्क फोर्स के सहयोगी जहाजों ने मदद के लिए कॉल का जवाब दिया और टैंकर तक पहुंचने पर जहाज को छोड़ने की मांग की। यूएस सेंट्रल कमांड ने एक बयान में कहा, इसके बाद, पांच हथियारबंद व्यक्ति जहाज से उतरे और अपनी छोटी नाव के माध्यम से भागने का प्रयास किया, मेसन ने हमलावरों का पीछा किया, जिसके परिणामस्वरूप अंततः उन्होंने आत्मसमर्पण कर दिया। कुछ घंटों बाद, हौथी-नियंत्रित यमन से दो बैलिस्टिक मिसाइलें दागी गईं।

## फ्रांस में तीन युवा पुत्रियों की पिता ने की हत्या

**क्रेटेइल,** 27 नवम्बर (एजेंसियां)। फ्रांस में अपनी तीन युवा पुत्रियों की हत्या करने वाले व्यक्ति ने रविवार को पुलिस के समक्ष समर्पण कर दिया। स्थानीय मीडिया ने अभियोजकों और पुलिस सूत्रों के हवाले से अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी। रिपोर्ट के मुताबिक पेरिस के दक्षिणपूर्वी उपनगर अल्फोर्टविले निवासी 41 वर्षीय व्यक्ति ने उत्तरी तटीय शहर डाइपे के पुलिस थाने में जाकर कबूल किया कि उसने अपनी तीन पुत्रियों की हत्या कर दी है। मौके पर पहुंची पुलिस ने तीनों को मृत पाया। एक सरकारी अभियोजक ने चार, 10 और 11 वर्ष की तीन युवा पुत्रियों की मौत की पुष्टि की। पुलिस सूत्रों ने बताया कि जांच के शुरुआती निष्कर्षों के अनुसार तीनों युवतियों की चाकू मारकर हत्या की गयी। आरोपी पिता को 2021 में घरेलू हिंसा का मामले में दोषी ठहराया गया था।

## सीरिया में बारूदी सुरंग विस्फोट में सरकार समर्थक 4 लड़ाकों की मौत, 18 घायल

**दमिश्क।** सीरिया के पूर्वी प्रांत डेर अल-जौर में इस्लामिक स्टेट द्वारा बिछाई गई बारूदी सुरंग के विस्फोट के कारण रविवार को सरकार समर्थक चार लड़ाके मारे गए और 18 अन्य घायल हो गए।सीरियन ऑब्जर्वेटरी फॉर ह्यूमन राइट्स के अनुसार यह घटना तब हुई जब राष्ट्रीय रक्षा बलों के ये सदस्य डेर अल-ज़ौर में रेगिस्तानी क्षेत्र के सरकार-नियंत्रित क्षेत्र में अल-शजेरी गांव की तलाशी ले रहे थे। ब्रिटेन स्थित युद्ध निगरानीकर्ता ने कहा कि घायलों को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया, जिनमें से कुछ की हालत गंभीर बनी हुयी है। संयुक्त राष्ट्र ने सीरिया में अज्ञात बारूदी सुरंगों और अन्य विस्फोटकों के खतरे के बारे में बार-बार चेतावनी दी है।

## वर्ग पहेली 6389

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | | २ | | ३ | ■ | ४ | | ५ | |
| | ■ | | ■ | ६ | | | ■ | | ■ |
| ७ | | | ■ | | ■ | ८ | | | ९ |
| | ■ | | ■ | १० | | | ■ | ■ | |
| ■ | ११ | | १२ | | ■ | ■ | १३ | | |
| ■ | | ■ | | ■ | १४ | | | ■ | |
| १५ | | १६ | | ■ | | ■ | १७ | १८ | ■ |
| | ■ | | ■ | १९ | | २० | ■ | | ■ |
| २१ | | | ■ | | ■ | २२ | | | २३ |
| | ■ | २४ | | | | ■ | ■ | ■ | |

**बायें से दायें:-**

१. वह स्त्री जिसने हाल ही में किसी बच्चो कैो जन्म दिया हो
४. कर्ण
६ मेघ, बादल
७. रहना, रहने की जगह
८. विघ्न, बाधा
९. नस, खून को पूरे शरीर में प्रवाहित करने वाली शिरा
१३. जलजला
१४. प्रश्न (उर्दू)
१५. जांचना, भले-बुरे की पहचान करना
१७. धवनि, आवाज
२०. पुरस्कार (उर्दू)
२१. एक प्रसिद्ध पक्षी
२२. टेढ़ी मेढ़ी, चतुराई भरी चाल चलने वाला
२४. कुआं आदि खोदने पर निकलने वाला प्रारंभिक पानी

**ऊपर से नीचे:-**

१. दिवालिया
२. प्रयत्नशील
३. ऊष्मा के प्रभाव को रोकने वाला
४. भीतरी, आंतरिक
५. नीरज, कमल
९. ऊंगलियों से छूकर पता लगाना
११. जिसकी पत्नी का देहांत हो गया हो
१२. बनाना, निर्माण करना
१३. बिसारना
१४. बर्दाश्त करना
१५. पकना, मेच्योर्ड
१६. वह जगह जहां खेतों से काटकर फसल रखी जाती है
१८. गर्जना
१९. आविष्कार (उर्दू)
२०. बुद्धि
२३. मछली

### वर्ग पहेली-6388

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ अ | र्ध | २ वा | र्षि | ३ क | ■ | ४ अ | सं | ५ बं | द्ध |
| व | ■ | म | ■ | ६ र | तौं | धी | ■ | ह | ■ |
| ७ गु | ना | ह | ■ | क | ■ | ८ न | ट | रा | ९ ज |
| ण | ■ | स्ति | ■ | १० म | ध्य | स्थ | ■ | ■ | न्मो |
| ■ | ११ वि | क | १२ रा | ल | ■ | ■ | १३ वी | भ | त्स |
| ■ | फ | ■ | जी | ■ | १४ भं | डा | र | ■ | व |
| १५ क | ल | १६ र | व | ■ | ज | ■ | १७ न | १८ या | ■ |
| र | ■ | ण | ■ | १९ क | न | २० क | ■ | च | ■ |
| २१ ब | ढ़ | ना | ■ | रू | ■ | २२ ठि | ठ | क | २३ ना |
| द्ध | ■ | २४ द | क्षि | णा | य | न | ■ | ■ | ना |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## आज का इतिहास

1520 – फर्डिनान्द मैगलन ने प्रशांत महासागर को पार करने की शुरुआत की।
1676 – बंगाल की खाड़ी के तट पर पूर्वी भारत के उपजाऊ क्षेत्र और महत्वपूर्ण बंदरगाह पुडुचेरी पर फ़्रांसीसियों का क़ब्ज़ा हो गया।
1814 – द टाइम्स ऑफ लंदन को पहली बार स्वचालित प्रिंट मशीन से छापा गया।
1821 – पनामा ने स्पेन से आजाद होने की घोषणा की।
1893 – न्यूजीलैंड में राष्ट्रीय चुनाव में पहली बार महिलाओं ने मतदान किया।
1912 – इस्माइल कादरी ने तुर्की से अल्बानिया के आजाद होने की घोषणा की।
1966 – डोमनिकन रिपब्लिक ने संविधान अपनाया।
1990 – जान मेजर ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बने।
1996 – कैप्टन इन्द्राणी सिंह एयरबस ए-300 विमान को कमांड करने वाली पहली महिला बनीं।
1997– प्रधानमंत्री आई के गुजराल ने अपने पद से इस्तीफा दिया।
1999 – एशिया कप हॉकी का ख़िताब दक्षिण कोरिया ने पाकिस्तान को हराकर जीता, भारत ने कांस्य पदक मलेशिया को हराकर जीता।
2002 – कनाडा ने हरकत उज मुजाहिदीन और जैश-ए-मोहम्मद पर प्रतिबंध लगाया।
2006 – नेपाली सरकार और माओवादियों के मध्य हथियारों के मैनेजमेंट पर संधि सम्पन्न।
2012 – सीरिया की राजधानी दमिश्क में दो कार बम धमाकों में 54 मरे और 120 घायल हुए।

**आयोजन** दुबई में संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन सम्मेलन का आयोजन


# आलोचकों ने अल जाबेर के जीवाश्म ईंधन के प्रति 'समर्थन' पर चिंता जताई

**नई दिल्ली,** 27 नवंबर (एजेंसियां)। दुबई में संयुक्त अरब अमीरात द्वारा आयोजित दो सप्ताह तक चलने वाले 2023 संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन सम्मेलन या सीओपी28 वार्ता से दो दिन पहले आलोचकों ने सीओपी के मनोनीत अध्यक्ष सुल्तान अल जाबेर द्वारा जीवाश्म ईंधन के प्रति समर्थन पर चिंता जताते हुए कहा कि वे इसे ग्रह को बचाने के लिए काम करने वाले शीर्ष जलवायु वार्ताकार के हितों के टकराव के रूप में देख रहे हैं।

जाबेर दुनिया की सबसे बड़ी तेल कंपनियों में से एक, अबू धाबी नेशनल ऑयल कंपनी (एडनॉक) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी हैं।

बीबीसी की सोमवार को आई एक रिपोर्ट के अनुसार, यूएई ने संयुक्त राष्ट्र जलवायु वार्ता के मेजबान के रूप में अपनी भूमिका का उपयोग तेल और गैस सौदे करने के अवसर के रूप में करने की योजना बनाई है।

बीबीसी को लीक हुए ब्रीफिंग दस्तावेजों से पता चला है कि 15 देशों के साथ जीवाश्म ईंधन सौदों पर चर्चा करने की योजना का खुलासा हुआ है। सीओपी28 शिखर सम्मेलन के लिए जिम्मेदार संयुक्त राष्ट्र निकाय ने बीबीसी को बताया कि मेजबानों से पक्षपात या स्वार्थ के बिना कार्य करने की अपेक्षा की जाती है। बीबीसी ने यूएई टीम का हवाला देते हुए कहा



शीर्ष जलवायु वार्ताकार के हितों के टकराव के रूप में देख रहे

कि उसने व्यावसायिक वार्ता के लिए सीओपी28 बैठकों का उपयोग करने से इनकार नहीं किया है और कहा है कि निजी बैठकें निजी हैं।

बैठकों में क्या चर्चा हुई, इस पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया और कहा कि इसका काम सार्थक जलवायु कार्रवाई पर केंद्रित है। बीबीसी के मुताबिक, सीओपी28 = यूएई ने तेल सौदा करने के लिए जलवायु वार्ता का उपयोग करने की योजना बनाई है। बीबीसी के साथ काम करने वाले सेंटर फॉर क्लाइमेट रिपोर्टिंग के स्वतंत्र पत्रकारों द्वारा प्राप्त किए गए दस्तावेज में कहा गया है कि यूएई की सीओपी28 टीम ने 30 नवंबर से शुरू होने वाले शिखर सम्मेलन से पहले कम से कम 27 विदेशी सरकारों के साथ बैठकों के लिए एजेंडे तैयार कर लिए हैं। दस्तावेज में प्रस्तावित बातचीत के बिंदु शामिल थे, जैसे कि चीन कहता है कि संयुक्त अरब अमीरात की राज्य तेल कंपनी एडनोक, मोजाम्बिक, कनाडा और ऑस्ट्रेलिया में अंतर्राष्ट्रीय एलएनजी (तरलीकृत प्राकृतिक गैस) के अवसरों का संयुक्त रूप से मूल्यांकन करने के लिए तैयार है। दस्तावेज कोलंबियाई मंत्री को यह बताने का सुझाव देते हैं कि एडनॉक कोलंबिया को उसके जीवाश्म ईंधन संसाधनों को विकसित करने में समर्थन देने के लिए तैयार है। जर्मनी और मिस्र सहित 13 अन्य देशों के लिए चर्चा के बिंदु हैं।

## दुनिया को जानें

# चीन में 'बुजुर्ग देखभाल व्यवस्था' है बेहद शानदार

**बीजिंग,** 27 नवम्बर (एजेंसियां)। ना उम्र की सीमा हो, ना जन्म का हो बंधन... जगजीत सिंह के हृदयस्पर्शी सुरों से सजी इस गजल के यूं तो कई मायने हो सकते हैं, लेकिन वृद्धावस्था के संदर्भ में सुनने पर ये और मनमोहक लगती है। उम्र के सभी पड़ावों में से वृद्धावस्था भी एक है, फर्क सिर्फ इतना है कि ये जीवन का अंतिम पड़ाव है। दुनिया भर के तमाम देश वृद्धजनों का जीवन सुलभ बनाने के लिए आए दिन नई कोशिशें करते रहते हैं ताकि जीवन की सांझ सुकून भरी हो। वृद्धावस्था के मामले में चीन दूसरे देशों से ज़रा अलग है। चीन में वृद्धों का जीवन एकाकी तो है लेकिन एकांत नहीं, जीवन के रंगमंच पर अपने हिस्से का किरदार जी चुके लोग अपनी विदा से पहले जीवन के उत्सव को भरपूर तरीके से जीते हैं। चीन में वृद्धों के जीवन और इस उम्र की दुश्वारियां कमोबेश बाकी देशों जैसी ही हैं। लेकिन, सरकारी स्तर के प्रयास उनके जीवन को काफी हद तक सुलभ बना देते हैं। लेकिन, चीन में मोक्ष की अवधारणा भारत से अलग है। चीन के वृद्ध जीवन के अंतिम पड़ाव को उत्सव की तरह जीते हैं।

# प्रादेशिकी

## पत्रकारों पेंशन योजना में एफआईआर वाला प्रावधान सही नहीं: हुड्डा

**चंडीगढ़,** 27 नवम्बर (एजेंसियां)। हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री और विपक्ष के नेता भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने राज्य में पत्रकारों के लिये बनायी गयी पेंशन नीति की शर्तों में एफआईआर वाले प्रावधान को लेकर आपत्ति जाहिर की है। श्री हुड्डा ने सोमवार को यहां जारी एक बयान में कहा कि सरकार ने पत्रकारों पर कथित तौर पर दबाव बनाने और उन्हें पेंशन से वंचित करने के लिए जानबूझकर पेंशन योजना में एफआईआर वाली शर्त जोड़ी है, जिसमें कहा गया है कि अगर किसी पत्रकार पर एफआईआर है तो उसे पेंशन नहीं दी जाएगी। उन्होंने कहा कि देश की न्यायिक व्यवस्था कहती है कि महज मामला दर्ज होने से किसी को दोषी नहीं माना जा सकता। ऐसे में पेंशन नीति का यह प्रावधान पूरी तरह गैर-कानूनी है। वैसे भी पेंशन एक सम्मान निधि है जिस पर इस तरह की शर्त नहीं थोपी जा सकती।

# प्रधानमंत्री के प्रमुख सचिव व सीएस ने किया निरीक्षण

### ग्राफिकल प्रस्तुतीकरण एवं मैपिंग के माध्यम से टनल की भौगोलिक स्थिति को समझा



**उत्तरकाशी,** 27 नवम्बर (देशबन्धु)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रमुख सचिव डॉ.पीके मिश्रा एवं सचिव, गृह मंत्रालय, भारत सरकार अजय भल्ला ने सोमवार को सिलक्यारा, उत्तरकाशी में टनल रेस्क्यू ऑपरेशन का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने ग्राफिकल प्रस्तुतीकरण एवं मैपिंग के माध्यम से टनल की भौगोलिक स्थिति को समझा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रमुख सचिव डॉ. पी.के. मिश्रा ने टनल के अंदर चल रहे रेस्क्यू कार्य की बारीकियों को समझा। उन्होंने अधिकारियों के साथ ही रेस्क्यू ऑपरेशन में जुटे श्रमिकों, इंजीनियरों से भी जानकारी ली। उन्होंने रेस्क्यू ऑपरेशन में जुटे सभी श्रमिकों का हौसला भी बढ़ाया। प्रमुख सचिव डॉ.पी.के. मिश्रा ने ऑगर मशीन की ब्लेड एवं सॉफ्ट को काटने की प्रक्रिया में जुटे श्रमिकों टिंकू दुबे, अमित, शशिकांत, झारू राम, राधे रमण दुबे, ओम प्रकाश, एन.डी अहमद से बात कर उनका कुशलक्षेम जानते हुए उनके काम की सराहना की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि अंदर फंसे श्रमिकों के साथ राहत बचाव कार्य में जुटे सभी लोगों की सुरक्षा का भी विशेष ध्यान रखा जाए। प्रमुख सचिव डॉ.पीके मिश्रा ने सुरंग के अंदर फँसे श्रमिकों के लिए भेजी जा रही भोजन सामग्री के बारे में जानकारी ली। उन्होंने कहां श्रमिकों को भेजे जा रहे हैं भोजन की गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए।

प्रमुख सचिव डॉ.पीके मिश्रा ने टनल में एसडीआरएफ द्वारा स्थापित ऑडियो कम्युनिकेशन सेटअप एवं बीएसएनएल द्वारा स्थापित टेलिफोनिक कम्युनिकेशन सिस्टम के माध्यम से अंदर फंसे श्रमिकों में से गब्बर सिंह एवं अन्य लोगों से वार्ता कर उनका हाल चाल जाना। उन्होंने वार्ता के दौरान श्रमिकों से अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखने की बात कही। उन्होंने श्रमिकों से खाने, पीने, बिजली, पानी की आपूर्ति के बारे में जानकारी ली। उन्होंने कहा रेस्क्यू ऑपरेशन हेतु सभी लोग मेहनत कर रहे हैं। कई मोर्चों पर कार्य चल रहा है। सभी को जल्द से जल्द निकाले जाने की कोशिश जारी है।

प्रमुख सचिव डॉ.पीके मिश्रा ने टनल में फंसे श्रमिकों के परिजनों से मुलाकात कर उनका हौसला बढ़ाया। उन्होंने कहा श्रमिकों को जल्द ही बाहर निकाल लिया जाएगा। परिजनों के साथ ही पूरा देश उनके शीघ्र और सुरक्षित निकाले जाने की दुआ कर रहा है। उन्होंने कहा पूरे देश की दुआएं अंदर फंसे श्रमिकों के साथ है। परिजनों को हौसला बनाए रखना होगा। सरकार हर स्थिति पर श्रमिकों के परिजनों के साथ खड़ी है।

## टनल हादसे में स्थानीय ज्योलॉजिस्ट की हुई अनदेखी: जसवंत सिंह

- देश व विदेश से बुलाए गए एक्सपर्ट को क्षेत्र की है कम जानकारी
- बिना जियोलॉजिक सर्वे के पहाड़ों में हो रहा अन्धाधुन विकास कार्य

देहरादून। उत्तरकाशी के सिलक्यारा में 16 दिन से श्रमिक टनल में बंद हैं। केन्द्र व राज्य सरकार की सभी एजेंसियां टनल में फंसी 41 जिन्दगियों को बचाने की हर मुमकिन कोशिश कर रही है। सेना, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, विदेश से आए एक्सपर्ट टनल में फंसे श्रमिकों के पास पहुंचने की कोशिश कर रहें हैं। सरकार व अधिकारी श्रमिकों व उनके परिजनों का होंसला बढ़ा रहे है। लेकिन कहीं न कहीं कोई न कोई चूक हो रही है। इसी को लेकर दैनिक जनमत टूड़े से जियोलॉजिस्ट जसवंत सिंह से इस मामले में वार्ता की और हिमालय व टनल मामले में अपनी 50 साल के अनुभव को साझा किया। जसवंत सिंह ने कहा कि सरकार देश के कोने-कोने व विदेशों से एक्सपर्ट बुला रही है जबकि प्रदेश में ही योग्य एक्सपर्ट मौजूद हैं जो कि हिमालय क्षेत्र को बहुत ही करीब से जानते हैं। उनकी पूरी जिंदगी हिमालय से जुडकर ही कट गई है जिनमें एक कुलदीप बिष्ट हैं। उन्होंने कहा कि सरकार को पहले स्थानीय एक्सपर्ट से सलाह लेनी चाहिए थी। उन्होंने कहा कि उन्हें 50 वर्ष का अनुभव है वह लम्बे समय से जियोलॉजिस्ट के रूप में ग्राउण्ड वाटर साइंटिस्ट के रूप में कार्य कर रहे हैं। उन्होंने लम्बे समय तक हिमालय में भी काम किया है। सिंह ने कहा कि जोशीमठ में जांच कर रही एजेंसी 40 मीटर के लगभग ड्रिलिंग करने के बाद बोलती है कि वहां कच्चे पहाड मिले हैं जहां रेत है लेकिन यह काम बिना खुदाई के मात्र एक या दो दिन में वह कर लेतें और 90 प्रतिशत एक्यूरेसी के साथ अपनी रिपोर्ट देते हैं। उन्होंने कहा कि पूरा हिमालय क्षेत्र पहले एक समंदर था लेकिन भूगोलीय प्रक्रिया से पर्वतीय श्रृंखला में बदल गया। जिसकी प्लेंटे लगातार खिसक रही हैं। इससे हिमालय क्षेत्र में बिछाया जा रहा सड़कों व रेल का जाल भी ज्युलॉजिकल सर्वे के बाद ही होना चाहिए था। विकास की दौड़ में कई पहलुओं की अनदेखी की गई है। जिसका नुकसान अब भुगतना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि उत्तरकाशी के सिलक्यारा में जो टनल हादसा हुआ है वह भी अनदेखी का ही प्रमाण है। उन्होंने कहा कि बाहर से साइंटिस्ट बुलाए गए है जो कि निर्माण कार्यो में सर्वे कर रहे है वह कई पहलुओं को नजर अंदाज कर देते हैं।

## लोकसभा चुनाव से पहले हिमाचल में मंत्रिमंडल विस्तार की चर्चा

**शिमला,** 27 नवम्बर (देशबन्धु)। लोकसभा चुनाव से पहले हिमाचल में मंत्रिमंडल विस्तार की चर्चाएं जोर पकडने् लगी हैं। चर्चाएं तेज होने के साथ ही राज्य मंत्रिमंडल में जगह पाने के दावेदारों की धुकधुकी भी बढने् लगी है। राज्य में तीन विधायकों को मंत्रिमंडल में खाली चल रहे स्थानों पर जगह मिलनी है। मंत्रिमंडल विस्तार की चर्चाओं के बीच मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने सोमवार को शिमला में पत्रकारों के साथ अनौपचारिक बातचीत में कहा कि कांग्रेस हाई कमान से हरी झंडी मिलते ही मंत्रियों के तीन पद भर दिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि हर चीज का एक वक्त होता है और जैसे ही हाई कमान उचित समझेगा मंत्रिमंडल विस्तार किया जायेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस ने सत्ता से आने पहले 10 गारंटी दी थी जिनमें से एक स्टार्टअप योजना भी है इसके पहले चरण की शुरुआत ई टैक्सी के रूप में सरकार ने कर दी है । उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने चुनाव में 680 करोड़ की स्टार्ट अप योजना शुरू करने की गारंटी दी थी। इस गारंटी को पूरा करने की दिशा में सरकार आगे बढ़ी है। स्टार्ट अप योजना का पोर्टल खुलते ही 70 युवाओं ने ई. टैक्सी के लिए आवेदन किया है। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य 2026 तक हिमाचल प्रदेश को हरित राज्य बनाना है जिस दिशा में सरकार काम भी कर रही है। ई टैक्सी योजना से युवाओं को आत्म निर्भर बनाया जायेगा। चीन में फैल रहे बेबी इनफ्लुएंजा संक्रमण रके मद्देनजर आईसीएमआर द्वारा राज्य सरकारों को जारी दिशा निर्देशों को लेकर पूछे जाने पर मुख्यमंत्री ने कहा कि इन गाइड लाइन की अनुपालना की जाएगी।

### सार संक्षेप

#### रिश्वत की दूसरी किस्त में 10 हजार रुपए लेते गिरफ्तार

**चंडीगढ़।** पंजाब सतर्कता ब्यूरो ने फाजिल्का फाजिल्का सदर थानांतर्गत पुलिस चौकी लाधूका मंडी में तैनात एक सहायक उप निरीक्षक (एएसआई) बलदेव सिंह को 10,000 रुपए की रिश्वत लेते हुये सोमवार को रंगे हाथ गिरफ्तार किया। ब्यूरो के प्रवक्ता ने यह जानकारी देते हुये बताया कि आरोपी एएसआई को लाधूका मंडी निवासी प्रवीन कुमार की शिकायत पर गिरफ़्तार किया गया। शिकायतकर्ता ने ब्यूरो को दी गई शिकायत में कहा था कि आरोपी पुलिसकर्मी एक शिकायत में उसका नाम शामिल न करने के बदले 10,000 रुपये और रिश्वत देने की माँग कर रहा है। इससे पहले पहले वह शिकायतकर्ता ने 20,000 रुपये ले चुका था। शिकायत के आधार पर ब्यूरो की टीम ने जाल बिछाया और आरोपी की रिश्वत को लेकर की गई बातचीत को शिकायतकर्ता से रिकार्ड कराया तथा जाल बिछा कर दो सरकारी गवाहों की मौजूदगी में 10,000 रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथों काबू कर लिया। उसके ख़िलाफ़ ब्यूरो की फ़िरोज़पुर रेंज में भ्रष्टाचार निरोधक कानून के तहत मामला दर्ज किया गया है।

#### कोटद्वार में अग्निवीर भर्ती रैली को लेकर युवाओं में दिखा जोश

**कोटद्वार।** गढ़वाल मंडल के युवाओं के लिए सेना में भर्ती होने का सुनहरा अवसर है. कोटद्वार बलवीर स्टेडियम में गढ़वाल मंडल के साथ जिलों के युवा अग्निवीर सेना भर्ती में दमखम दिखा रहे हैं. सेना भर्ती के पहले दिन पंजीकृत 700 युवाओं में से 70 फीसदी अभ्यार्थियों ने 1600 मीटर दौड़ में प्रतिभाग किया. अग्निवीर सेना में भर्ती के लिए सुबह 4 बजे से युवा भर्ती स्थल काशीराम पुर पहुंच रहे हैं. भर्ती अधिकारियों ने बताया कि सेना में भर्ती में आने वाले युवाओं में राष्ट्र सेवा, अदम्य साहस व उत्साह देखने को मिल रहा है। जन सम्पर्क अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल मनीष श्रीवास्तव ने बताया कि पहले दिन टेक्निकल ट्रेड के लिए गढ़वाल मंडल के 7 जिलों के 700 युवाओं ने पंजीकरण किया.अग्निवीर सेना भर्ती के लिए युवाओं के प्रवेश पत्र, आधार कार्ड की जांच की गई. जिसके उपरांत अग्निवीर सेना भर्ती के मानकों के तहत 1600 मीटर की दौड़ करवाई जा रही है. दौड़ में सफल युवाओं की शारीरिक क्षमताओं को परखा गया. शारीरिक माप तोल के बाद शैक्षणिक प्रमाण पत्र की जांच की जा रही है। मेडिकल जांच दूसरे दिन से प्रारम्भ होगी. लैंसडाउन भर्ती कार्यालय ने बताया कि अग्निवीर सेना भर्ती के लिए 3500 युवाओं ने पंजीकरण किया है. सोमवार को 1200 व मंगलवार को 1300 युवा दौड़ के लिए अपना दमखम दिखाया. वहीं लैंसडाउन भर्ती कार्यालय ने बताया कि जिन युवाओं का आधार से दूरभाष पंजीकरण नहीं वह 27 नवंबर यानि आज तक आधार कार्ड अपडेट करवा लें. आधार कार्ड अपडेट होने के बाद सेना भर्ती औपचारिकता के लिए भर्ती स्थल पहुंचकर शैक्षणिक प्रमाण सत्यापन करवा सकते हैं।

## लोगों के हितों से किसी भी प्रकार का खिलवाड़ नही होना चाहिए : प्रतिभा



**किन्नौर, पूह, काजा में सड़क निर्माण में स्थानीय श्रमिकों को बहुत बड़ा योगदान है, इसलिए इन लोगों के हितों से किसी भी प्रकार का खिलवाड़ नही होना चाहिए**

**शिमला,** 27 नवम्बर (देशबन्धु)। हिमाचल प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं सांसद प्रतिभा सिंह ने कहा कि किन्नौर, पूह, काजा में सड़क निर्माण में स्थानीय श्रमिकों को बहुत बड़ा योगदान है इसलिए इन लोगों के हितों से किसी भी प्रकार का खिलवाड़ नही होना चाहिए। श्रीमती सिंह ने कहा कि सीमा सड़क संगठन के सड़क निर्माण में पिछले कई सालों से लगे स्थानीय मजदूरों को उनके कार्यो से हटाने के किसी भी प्रस्ताव बारे स्थानीय श्रमिकों को आश्वासन दिया है कि वह इस बारे सीमा सड़क संगठन के उच्च अधिकारियों से बातचीत करेंगी। इससे पहले श्रीमती सिंह ने प्रदेश के जनजातीय क्षेत्रों किन्नौर, लाहौल स्पिति के दुर्गम इलाको में मूलभूत सुविधाओं के विस्तार की आवश्यकता पर बल देते हुए प्रदेश सरकार से इन क्षेत्रों में कर्मचारियों के रिक्त पदों को तुरंत भरने को कहा है। उन्होंने बर्फवारी से पहले इन क्षेत्रों में आवश्यक वस्तुओं की उपलब्धता भी सुनिश्चित करने को कहा है।

अपने एक सप्ताह के किन्नौर व लाहौल स्पिति के स्पीति घाटी के दौरे के बाद उन्होंने कहा है कि लोगों ने उन्हें इन क्षेत्रों में विशेषज्ञ डॉक्टरों की कमी के बारे बताया है। स्कूलों में भी कई जगह अध्यापकों के पद खाली चल रहे है। उन्होंने कहा है कि जनजातीय क्षेत्रो का विकास कांग्रेस सरकार का प्रमुख लक्ष्य रहा है। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री स्व वीरभद्र सिंह ने इन क्षेत्रों के विकास के लिये अनेक योजनाएं चलाई है पर आज जरूरत उनके सही ढंग से कार्यन्वित करने की है। इन क्षेत्रों में लोगों का जीवन बहुत ही कठिन है। भारी बर्फबारी व ठंड की बजह से इन लोगों को भारी दिक्कतों का सामना भी करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि जनजातीय क्षेत्रो के लोगों को ईंधन की लकड़ी पर राज्य सरकार द्वारा सबसिडी बहाल करने के निर्णय की सराहना करते हुए कहा है कि इन क्षेत्रों में लोगों की सुविधाओं में किसी भी प्रकार की कटौती नही की जानी चाहिए।

## लाहौल घाटी में वनाधिकार कानून को लेकर जागरूकता अभियान तेज हुआ

**लोगों को जागरूरक करने में जुटे पर्यावरण समूह हिमधरा जंगलों को बचाने में महिला मंडलों की भूमिका पर आधारित फिल्म फिल्म बणों हक कथारे के जरिए लोगों को जारूक करने में जुटी**

**शिमला,** 27 नवम्बर (देशबन्धु)। 27 नवंबर। लाहौल घाटी में वनाधिकार कानून को लेकर जागरूकता अभियान तेज होता जा रहा है। सूबे में पर्यावरण संरक्षण व वनाधिकार कानून को लेकर लोगों को जागरूरक करने में जुटे पर्यावरण समूह हिमधरा जंगलों को बचाने में महिला मंडलों की भूमिका पर आधारित फिल्म फिल्म बणों हक़ कथारे के जरिए लोगों को जारूक करने में जुटी है। बणों हक कथारे की स्क्रीनिंग का दूसरा चरण 18 नवंबर से शुरू होकर 24 नवंबर तक चला। फिल्म लाहौल घाटी से जुड़े कई मुद्दों पर प्रकाश डालती है। इसमे अहम है लाहौल के जनजातीय समाज और उनके जंगलो व प्राकृतिक संसाधनों के बीच जुड़ाव व निर्भरता, जिसे वन अधिकार कानून मालिकाना हक देकर ठोस बनाता है। साथ ही बदलते सामाजिक व आर्थिक परिवेश में इस कानून की प्रासंगिकता अधिक क्यो है? इस सवाल को उभारता है। जागरूकता अभियान के दूसरे चरण में फिल्म को शासिन , मूलिंग , तांदी , ठोलोंग , पेमल , शकोली पंचायत , अड़त , किशोरी पंचायत , उदयपुर , सलपट , जसरथ , नालडा , सिन्धवारी व थिरोट पंचायत में दिखाया गया। दोनों चरण मिला कर पूरी घाटी में दारचा से लेकर उदयपुर तक 18 गांवों में फिल्म को महिला मंडलो के साथ साथ अन्य गांव वासियों को दिखाया गया।

इस दौरान चर्चा के बीच तांदी गांव के महिला मंडल सदस्य अनिता फिल्म से सहमति जताते हुए कहती है कि जंगल तो हम बचा ही रहे हैं लेकिन सच में अब लोगों के पास खेती के लिए बहुत कम जमीन बची है, लाहौल में न तो नौतोड़ से ज़मीन मिल रही है ना वन अधिकार कानून के ज़रिये ज़मीन के पट्टे , ऊपर से डैम बनाने की बात चल रही है। उनका कहना है कि उत्तराखंड में देखो अभी 40 से ज़्यादा लोग कई दिनों से टनल में फसें हैं, घाटी में डैम बना तो क्या होगा ?जसरथ से महिला मंडल सदस्य शिल्पा ने फिल्म व उसके बाद वन अधिकार कानून पर हुई चर्चा से जब जाना कि इस कानून की धारा 3(2) के तहत 13 तरीके की विकास परियोजनाओं पर गांव स्तर पर काम हो सकता है।

इस तरह के कई मुद्दे फिल्म स्क्रीनिंग के बाद हुई चर्चाओं में निकल कर आये जिनसे पता चला कि कुछ जगह तो इस कानून की बिल्कुल जानकारी नही ,जहां थोड़ी बहुत है भी वहां इस कानून के तहत प्रक्रिया क्या होगी उस जानकारी का अभाव है? तो कुछ जगह कानून की धारा 3(1) के तहत व्यक्तिगत दावों में घर के साथ साथ ज़मीन के दावे प्रशासन कब मंजूर करेगी उसका इंतेज़ार है। और इन सब के बीच जंगलो पर सामूहिक उपयोग व प्रबंधन के अधिकार की बात व समझ जनजातीय इलाको में बसे समुदायों के में नहीं है।


## बेशर्मी की हदें लांग रही प्रदेश कांग्रेस सरकार और उसके नेता : संदीपनी

**जनता इंतजार करती रहेगी मुख्यमंत्री कब गारंटियों पर घोषणा करेंगे**

**शिमला**, 27 नवम्बर (देशबन्धु)। भाजपा प्रवक्ता संदीपनी भारद्वाज ने मुख्यमंत्री के हमीरपुर दौरे पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि गृह जिले में आकर मुख्यमंत्री ने विकास की एक भी बात नहीं की और भाजपा को कोसने तक ही सीमित रहे। प्रदेश की जनता में इस बात को लेकर भारी रोष है। उन्होंने यह भी कहा कि कांग्रेस सरकार और इसके सभी नेता बेशर्मी की सारी हदें पार कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि केंद्र से विभिन्न योजनाओं और विभिन्न मदों के तहत आ रहे पैसे से प्रदेश सरकार और मुख्यमंत्री अपनी सरकार की घोषणाओं की गाड़ी चला रहे हैं और साथ में ऐसा भी रोना रो रहे हैं कि केंद्र से उन्हें कुछ नहीं मिला। सरकार को बने हुए 1 वर्ष बीत चुका है और प्रदेश में आपदा के दौरान केंद्र ने हिमाचल की सहायता के लिए भिन्न-भिन्न तरीकों से भारी मात्रा में मदद हिमाचल को पहुंचाई है। उसे मदद के साथ हिमाचल प्रदेश सरकार ने आपदा के समय हिमाचल के लोगों की सहायता भी की और उन्हें राहत भी प्रदान की बावजूद इसके प्रदेश सरकार हर मंच हर मोंके पर आपदा के लिए सहायता केंद्र ने नहीं कि ऐसा रोना रो रही है। आपदा का आकलन करने के लिए केंद्र की टीम कुछ समय पहले प्रदेश में आकर गई है और आने वाले महीने में केंद्र से वह सहायता राशि भी जारी हो जाएगी लेकिन प्रदेश सरकार अपनी असफलताओं को छुपाने के लिए केंद्र सरकार पर दिन-रात तथ्यहीन और आधारहीन बयान बाजी कर आरोप लगाने में लगे हुए हैं।

संदीपनी ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री और कांग्रेस शायद भूल चुकी है कि प्रदेश की जनता ने उन्हें अपना जनादेश इसलिए सुनाया है ताकि वह जनता की समस्याओं को सुलझा सके और प्रदेश का विकास कर सकें। ऐसा इसलिए भी लग रहा है क्योंकि मुख्यमंत्री सहित प्रदेश के तमाम कांग्रेस के नेता आए दिन हर मंच पर यही रोना रोते हैं कि भाजपा ने केंद्र से यह नहीं मांगा केंद्र से वह नहीं मांगा केंद्र से यह नहीं लाए केंद्र से वह नहीं लाए। अब तो जनता भी यह सोच रही है कि अगर भाजपा के नेताओं ने ही सब कुछ करना था तो कांग्रेस को सत्ता की बागडोर सौंपने की जरूरत ही क्या थी। और अब तो प्रदेश के मुख्यमंत्री को भी भाजपा का डबल इंजन याद आना शुरू हो चुका है जिसका जिक्र उन्होंने हमीरपुर के गांधी चौक पर अपने संबोधन में भी किया है। हमीरपुर के लोग आस लगाए बैठे थे कि मुख्यमंत्री कब अपनी दी हुई 10 गारंटीयों के बारे में गांधी चौक पर बात करेंगे लेकिन मुख्यमंत्री तो और सब्ज़बाग दिखाकर चले गए की 10 वर्ष में हम समृद्ध हिमाचल बनाएंगे। जो पहले वादे किए हैं पहले उनको तो पूरा करके दिखा दो मुख्यमंत्री महोदय हमीरपुर की जनता यह कह रही है।

## खट्टर ने नाडा साहिब गुरुद्वारे में किया बहुमंजिला पार्किंग का उद्घाटन



**पंचकूला,** 27 नवम्बर (एजेंसियां)। हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने गुरु नानक देव के प्रकाश पर्व पर सोमवार को यहां नाडा साहिब स्थित ऐतिहासिक गुरुद्वारे में बहुमंजिला पार्किंग का उद्घाटन किया। श्री खट्टर ने इस अवसर पर गुरुद्वारे में शीश नवाकर आशीर्वाद लिया और देश और प्रदेशवासियों के कुशलक्षेम की कामना की और सभी को बधायी एवं शुभकामनायें दीं। उनके साथ हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता और हरियाणा गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के महासचिव रमनीक सिंह मान भी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर पत्रकारों से बातचीत में कहा कि देशभर में तीर्थ और धार्मिक स्थलों के समग्र विकास के उद्देश्य से प्रसाद योजना चलायी जा रही है। इसी योजना के तहत गुरुद्वारा नाडा साहिब में बहुमंजिला पार्किंग का निर्माण किया गया जिसका शिलान्यास उन्होंने 27 अक्तूबर 2020 को किया था। लगभग 9500 वर्ग मीटर में निर्मित इस पार्किंग के निर्माण पर 12.55 करोड़ रुपए से अधिक की लागत आई है। इसमें लगभग 300 वाहन पार्क किये जा सकेंगे। गरीब परिवारों की बेटियों के लिये कॉलेजों में निशुल्क शिक्षा की घोषणा को लेकर सवाल पर श्री खट्टर ने कहा कि राज्य में कला, विज्ञान और वाणिज्य के डिग्री कॉलेजों में 1.80 रुपये सालाना आय वाली गरीब परिवारों की बेटियों को निजी कॉलेजों में भी निशुल्क शिक्षा दी जायेगी। इनकी फीस राज्य सरकार वहन करेगी। इसके अलावा 1.80 लाख रुपए से तीन लाख रुपये सालाना आय वाले परिवारों की बेटियों की 50 प्रतिशत फीस राज्य सरकार वहन करेगी।

## चुनाव में मत प्रतिशत बढ़ाने के लिए किया जागरूक

**नई टिहरी,** 27 नवम्बर (देशबन्धु)। गत निर्वाचन में कम मतदान प्रतिशत वाले ग्राम मुखेम प्रतापनगर में श्रीदेव सुमन सांस्कृतिक नाट्य कला मंच के कलाकारों ने स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। आगामी लोक सभा सामान्य निर्वाचन- 2024 में मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर जिला प्रशासन टिहरी गढ़वाल ने जनपद स्तर पर सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता (स्वीप) के अन्तर्गत विभिन्न गतिविधियां आयोजित कर जन-जागरूकता हेतु व्यापक प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। इसी क्रम में जिला सूचना कार्यालय टिहरी गढ़वाल के तत्वाधान में श्रीदेव सुमन सांस्कृतिक नाट्य कला मंच चंबा के कलाकारों द्वारा गत निर्वाचन में विधान सभा प्रतापनगर क्षेत्रांतर्गत कम मतदान प्रतिशत वाले ग्राम मुखेम में मतदान को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान दल नायक रविंद्र सिंह गुसाईं ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुपालन में वर्तमान में 1 जनवरी, 2024 की अर्हता तिथि के आधार पर विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि 01 जनवरी, 2024 को 18 वर्ष या उससे अधिक आयु के हो रहे जिन युवाओं के नाम वर्तमान फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली में दर्ज नहीं है, नाम दर्ज करने हेतु फार्म-6 में आवेदन संबंधित बीएलओध्ईआरओध्एईआरओ को प्रस्तुत करें। कहा कि वर्तमान फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली में दर्ज किसी मतदाता की मृत्यु, स्थानान्तरण आदि कारणों से सामान्यत: निवासी न रहने के कारण नाम को मतदाता सूची से पृथक करने के लिए फार्म-7 है।

## कार्तिक पूर्णिमा पर लाखों ने लगाई आस्था की डुबकी



- देश विदेश से श्रद्धालु गंगा स्थान को पहुंचे धर्मनगरी
- शहर के होटल, लॉज और धर्मशाला हुए पैक
- गंगा आरती के समय घाट पर बैठने तक की जगह नहीं मिली

**हरिद्वार,** 27 नवम्बर (देशबन्धु)। कार्तिक पूर्णिमा स्नान पर सोमवार को लाखों की संख्या में श्रद्धालु सुबह से ही गंगा स्नान कर पुण्य लाभ कमा रहे हैं। धर्मनगरी में एक दिन पहले ही होटल, लॉज और धर्मशाला पैक हो गए थे। रविवार सुबह भी लाखों की संख्या में लोगों ने गंगा स्नान कर पुण्य लाभ कमाया। शक्तिपीठों में सभी ने दर्शन किए और देर शाम आरती में शामिल होकर मां गंगा से मनोवांछित फल की कामना की। रविवार और सोमवार को अवकाश के चलते दिल्ली, हरियाणा, पश्चिमी उत्तर प्रदेश, हिमाचल और अन्य जगहों से लोग शनिवार शाम से ही हरिद्वार पहुंचने लगे थे। इससे शहर के होटल, लॉज और धर्मशाला पैक हो गए हैं। रविवार सुबह ही गंगा घाटों पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ पहुंच गई। सभी ने स्नान दान के साथ अनुष्ठान किए। हरकी पैड़ी पर देर शाम भारी भीड़ दिखी। गंगा आरती के समय घाट पर बैठने तक की जगह नहीं मिल पाई। अधिकांश श्रद्धालुओं ने ब्रिज और सड़क से ही भव्य आरती के दर्शन किए। गंगा स्नान कर श्रद्धालुओं ने शक्तिपीठ मनसा देवी, चंडी देवी ओर माया देवी मंदिर में दर्शन किए। दिव्य दर्शन के साथ ही श्रद्धालुओं ने गंगा तट पर 365 दीपों की जोत जलाकर चतुर्थी की पूजा की।

कार्तिक पूर्णिमा स्नान पर्व और सोमवार के कारण कनखल स्थित दक्ष मंदिर, विल्वकेश्वर मंदिर, नीलेश्वर महादेव मंदिर आदि जगहों पर मंदिर प्रबंधन और पुलिस-प्रशासन की ओर से विशेष व्यवस्था की गई है। दक्ष मंदिर के महंत व अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष श्रीमहंत रविंद्रपुर महाराज ने बताया कि मंदिर में किसी प्रकार की समस्या श्रद्धालुओं को नहीं होगी। गंगा स्नान के बाद बड़ी संख्या में लोग भगवान शिव का जलाभिषेक करेंगे।

कार्तिक पूर्णिमा स्नान को लेकर शहर को जाम से बचाने के लिए जहां रूट डायवर्जन किया गया है। वहीं, रविवार को ऋषिकुल आयुर्वेदिक कॉलेज परिसर में नोडल, जोनल और सेक्टर मजिस्ट्रेट की बैठक भी की गई। एसपी सिटी स्वतंत्र कुमार ने बताया कि हाईवे से वाहनों को सुचारू रखने के लिए विशेष निर्देश दिए गए हैं।

### सुडोकू 6389 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 1 | 4 | 2 | 6 | 8 | 3 | 9 | 5 |
| 3 | 9 | 2 | 5 | 1 | 4 | 7 | 6 | 8 |
| 6 | 8 | 5 | 3 | 9 | 7 | 1 | 4 | 2 |
| 2 | 7 | 9 | 6 | 4 | 3 | 8 | 5 | 1 |
| 4 | 6 | 3 | 8 | 5 | 1 | 2 | 7 | 9 |
| 1 | 5 | 8 | 7 | 2 | 9 | 6 | 3 | 4 |
| 8 | 4 | 6 | 1 | 3 | 5 | 9 | 2 | 7 |
| 9 | 2 | 1 | 4 | 7 | 6 | 5 | 8 | 3 |
| 5 | 3 | 7 | 9 | 8 | 2 | 4 | 1 | 6 |

# प्रादेशिकी

## कार्तिक पूर्णिमा पर हजारों ने लगाई गंगा में आस्था की डुबकी

**फर्रुखाबाद,** 27 नवम्बर (देशबन्धु)। कार्तिक पूर्णिमा पर विभिन्न घाटों पर हजारों की संख्या में हजारों की संख्या में गंगा में आस्था की डुबकी लगाई। फर्रुखाबाद जनपद ही नहीं आसपास जनपदों से भी मां गंगा के भक्त मैनपुरी शाहजहांपुर हरदोई शिकोहाबाद आदि जनपदों से मां के भक्तों ने गंगा में आस्था की डुबकी लगाई और अपने जीवन को धन-धन्य किया। गंगा तट पर पुलिस की व्यवस्था रही। पुलिस अधीक्षक विकास कुमार ने गंगा घाट पर भीड़ को देखते हुए वाहनों के लिए रूट का डायवर्सन कर दिया गया। गंगा तट पर भीड़ रही। पुलिस के अलावा गोताखोरों को भी अलर्ट पर रखा गया। पालघाट बरगदिया घाट सिंगी रामपुर ढाई घाट आदि गंगा तट पर पुलिस फोर्स तैनात कर दिया गया। अनहोनी घटना घट सके इसके लिए गोताखोरों को भी अलर्ट कर दिया गया।

# सिख आज पूरी दुनिया में छाए हैं, मुगलों का कहीं अता–पता नहीं : योगी

**लखनऊ,** 27 नवम्बर (देशबन्धु)। सिख गुरुओं का बलिदान केवल खालसा पंथ के लिए न होकर हिन्दुस्तान और धर्म को बचाने के लिए था। उस दौर में जब बड़े–बड़े राजा महाराजा मुगल सत्ता की अधीनता स्वीकार कर रहे थे, तब सिख गुरु अपने दम पर देश और धर्म की रक्षा कर रहे थे। जिस देश और परंपरा में इस प्रकार का जुझारूपन हो उसे दुनिया की कोई ताकत झुका नहीं सकती। खालसा पंथ की स्थापना मुगल सल्तनत के पतन

- **श्री गुरु नानक देव जी महाराज के 554वें प्रकाश पर्व कार्यक्रम में शामिल हुए मुख्यमंत्री**
- **हिन्दुस्तान और देश-धर्म को बचाने के लिए गुरुओं ने दिया था सर्वोच्च बलिदान : योगी**

का कारण बना। आज सिख पूरी दुनिया में छाये हुए हैं, मगर मुगलों की सत्ता का कहीं अता–पता नहीं है। ये सत्य और धर्म का रास्ता है। ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को आशियाना स्थित गुरुद्वारे में श्री गुरु नानक देव जी महाराज के 554वें प्रकाश पर्व पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान अपने संबोधन में कही।

मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को गुरुपर्व की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रकाश पर्व हम सबके जीवन में गुरु कृपा से ज्ञान का प्रकाश देता है। उन्होंने कहा कि सिख गुरुओं का त्याग, बलिदान, भक्ति, शक्ति, साधना देश और धर्म के लिए अनुकरणीय है। भारत ही नहीं पूरी दुनिया में गुरु नानक जी का प्रकाश फैला है। उन्होंने लोक कल्याण और साधु सेवा में अपना जीवन समर्पित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि एक पक्ष भक्ति के माध्यम से साधना का है तो वहीं दूसरा पक्ष भक्ति के



माध्यम से लोक कल्याण और राष्ट्र कल्याण का मार्ग प्रशस्त करता है। भक्ति के माध्यम से गुरु नानक देव जी ने उस कालखंड में बाबर के अत्याचारों के खिलाफ आवाज बुलंद की थी। जात–पात और अन्य संकीर्ण विचारों से मुक्त रहकर कार्य करने की प्रेरणा हमें गुरु नानक देव जी से मिलती है।

मुख्यमंत्री ने मक्का की घटना का भी जिक्र किया, जब गुरु नानक देव ने एक मौलवी को %एक ओमकार% की सीख दी। सीएम योगी ने कहा कि सिख धर्म साधना के गूढ़ रहस्यों से भरा पड़ा है। इस परंपरा ने आगे चलकर गुरु तेग बहादुर, गुरु गोविंद सिंह, उनके चार साहबजादों और हजारों सिखों द्वारा देश और धर्म के लिए बलिदान का भी जिक्र किया। कहा कि उनका बलिदान देश को एक नई शक्ति और प्रेरणा देता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि खालसा केवल एक पंथ नहीं है, ये देश और धर्म की रक्षा के लिए गुरु कृपा से निकला हुआ प्रकाश पुंज है। इसने विपरीत परिस्थितियों में विदेशी ताकत को झुकने के लिए मजबूर किया। योगी ने कहा कि 2020 में साहबजादा दिवस के कार्यक्रम को मुख्यमंत्री आवास में करने का उन्हें सौभाग्य मिला। फिर 2022 में ये राष्ट्रीय स्तर का कार्यक्रम बना।

सच्चे संकल्प के साथ जब हम आगे बढ़ते हैं तो वो जरूर पूरे होते हैं। लखनऊ से निकली आवाज राष्ट्रव्यापी आवाज बन गई। दशकों से साहबजादा दिवस की मांग उठ रही थी, जिसे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 26 दिसंबर 2022 को साहबजादा बाल दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लेकर पूरा किया। हम सब मिलकर अपने इतिहास से प्रेरणा लें। साथ ही उन क्रूर और काले क्षणों को भी याद करें, जब अत्याचार और बर्बरता की सारी पराकाष्ठा को पार करते हुए निर्ममता ढाई गई। आज हम स्वतंत्र भारत में पूरी मजबूती के साथ रहकर कार्य कर रहे हैं, ये हमारे सिख गुरुओं के प्रति विनम्र श्रद्धांजलि है, जो हमे चुनौतियों से जूझने की प्रेरणा देता है। गुरु नानक जी द्वारा रखी गई इस नींव को और मजबूत करना हर सिख और हर भारतीय का दायित्व है। इसी में राष्ट्र की समृद्धि होगी।

इस अवसर पर मंत्री बलदेव सिंह ओलख, लखनऊ की महापौर सुषमा खर्कवाल, अध्यक्ष गुरुद्वारा साहेब प्रबंध कमेटी सरदार जसबीर सिंह चड्ढा, जसजीत सिंह बेदी, जसपाल सिंह दुग्गल, जगजीत सिंह, यूपी अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य परविंदर सिंह सहित बड़ी संख्या में सिख समुदाय के लोग शामिल रहे।

## काशी के आंगन में देवताओं ने मनाई दीपावली

**लखनऊ/वाराणसी।** देवताओं के दिव्य लोक में देव दीपावली की छटा कैसी रही होगी, यह तो देवता और ऋषि–मुनि ही जानें, लेकिन देवाधिदेव महादेव की काशी के घाटों पर सोमवार की सांझ की बेला में कार्तिक पूर्णिमा पर जब 21 लाख दीप एक साथ जले तो यहां भी देवलोक सा दृश्य लगा। कार्तिक मास की आखिरी सांझ में अद्भुत, अलौकिक, अनुपम छटा देख इस पल के साक्षी बने लोगों का रोम–रोम पुलकित हो उठा। मान्यता है कि काशी भगवान शंकर के त्रिशूल पर बसी है। ऐसी ही शिव की काशी के आंगन में देवताओं ने सोमवार को देव दीपावली मनाई। इसके साक्षी देश विदेश के आम नागरिकों के साथ ही 70 देशों के राजदूत, 150 डेलीगेट्स और उनके परिवारीजन बने।

- **देश विदेश के नागरिकों के साथ ही 70 देशों के राजदूत, 150 डेलीगेट्स बने इस अविस्मरणीय पल के साक्षी**
- **मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में हुआ अविस्मरणीय आयोजन, सरकार दे चुकी है प्रांतीय मेले का दर्जा**

देव दीपावली पर काशी नगरी में लगभग 21 लाख दीप प्रज्वलित किए गए। काशी के अर्धचंद्राकार घाटों पर ही 12 लाख से अधिक दीप जलाए गए। इनमे एक लाख दीप गाय के गोबर से बने थे। दीप पश्चिमी तट घाटों पर और पूर्वी तट की रेत पर जलाये गए थे। काशी के कुंडों, सरोवरों, गंगा–गोमती तट पर स्थित मार्कण्डेय महादेव, वरुणा नदी के शास्त्री घाट आदि स्थानों को लाखों दीयों से जगमग किया गया। देव दीपावली पर सरकार की ओर से 12 लाख ( एक लाख गोबर के दीप), स्वयंसेवी संस्था और जन सहभागिता से कुल 21 लाख से अधिक दीपों से काशी रोशन हुई। यह पहला मौका है, जब मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अगुआई में इतनी बड़ी संख्या में कई देशों के राजनायिकों ने इस अलौकिक, अद्भुत और अविस्मरणीय क्षण को अपनी आंखों के सामने देख खुद को गौरवान्वित महसूस किया। योगी सरकार इस वर्ष से देव दीपावली को प्रांतीय मेले का दर्जा दे चुकी है। इससे देव दीपावली की आभा पूरी दुनिया में फैल रही है। गोरक्षपीठाधीश्वर और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के करकमलों से देव दीपावली पर पहला दीपक जलाकर न सिर्फ इसका शुभारंभ किया गया, बल्कि देवताओं का स्वागत भी किया गया। धार्मिक, आध्यात्मिक और सांस्कृतिक नगरी काशी में सोमवार की गोधूलि बेला में भव्य देव दीपावली मनाई गई। सूर्यास्त के साथ ही उत्तरवाहिनी जाह्नवी के तट पर लाखों दीपों ने अद्भुत और अलौकिक छटा बिखेरी। काशी के धनुषाकार 85 घाटों पर मानो आकाशगंगा के सितारे उतर आए हों। पूरी काशी दीपों की रोशनी में नहाई दिख रही थी। सभी घाटों पर शंखनाद, भव्य महाआरती और घंट–घड़ियालों की ध्वनि से काशी की धरती पर देवताओं का स्वागत हुआ। काशी के चेत सिंह घाट पर लेजर शो और गंगा पार क्रैकर्स शो का अद्भुत नजारा दिखा। योगी सरकार देव दीपावली को दिव्य और भव्य बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मेहमानों का स्वागत किया और इनके साथ क्रूज पर सवार होकर देव दीपावली की अद्भुत छटा भी देखी।

### सार संक्षेप

## संविधान दिवस पर संविधान की प्रस्तावना का पाठन कराया

**मेरठ।** उच्च न्यायालय, इलाहाबाद द्वारा प्रेषित पत्र एंव उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ द्वारा जारी एक्शन प्लान 2023-2024 के अनुपालन में रविवार को जिला न्यायालय के अधिकारियों को जिला न्यायाधीश द्वारा संविधान की प्रस्तावना का पाठन कराया गया। राजकीय सम्प्रेक्षण गृह (किशोर) में सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा संविधान की प्रस्तावना का पाठन कराया गया। सभी बालकों को उनके मौलिक कर्तव्यों के सम्बन्ध में जागरुक किया गया।

## कर्ज में डूबे युवक ने पिया तेजाब, हालत गंभीर

**मेरठ।** थाना लिसाड़ी गेट क्षेत्र के उज्वाल गार्डन का रहने वाले अमजद ने कॉलोनी की रहने वाली एक महिला से जुआ खेलने के लिए ब्याज पर 18 हजार रुपये लिया था। अमजद रुपए को हार गया। अमजद की पत्नी का आरोप है कि महिला अमजद से ब्याज सहित रुपए लौटाने का दबाव बना रही थी। इसीलिए उसने तेजाब पी लिया। घटना की जानकारी मिलने पर पीड़ित अमजद के परिवार वालों में हड़कंप मच गया। पीड़ित के परिवार वाले आनन-फानन में उसे एक निजी अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। अमजद की पत्नी रिहाना का आरोप है कि पड़ोस के ही रहने वाले कुछ जारी उसे काम नहीं करने देते और जबरन जुआ खिलाते हैं। जिसके चलते उसके पति अमजद ने घर में मौजूद एलसीडी सिलेंडर सहित अन्य सामान भी बेच दिया है। अमजद की पत्नी रिहाना ने लिसाड़ी गेट थाने में तहरीर देकर महिला सहित पड़ोसी जुआरियों के खिलाफतहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। इसके बाद पुलिस आरोपियों की तलाश में जुड़ गई है।

## सीसीटीवी में दिखी लापता युवती, पूछताछ शुरू

**मेरठ।** लोहियानगर थाना क्षेत्र में लड़कों से बचकर भागती किशोरी का सुराग पुलिस को मिल गया है। पुलिस किशोरी को लेकर आ रही है। वहीं पुलिस ने किशोरी की तलाश के लिए पोस्टर निकालकर जगह-जगह लगवाए थे। ताकि उसकी पहचान कर उसे ढूंढ़ा जा सके। जो लड़के किशोरी का पीछा कर रहे थे, पुलिस उनसे पूछताछ भी कर रही है। 22 नवम्बर की रात को जाहिदपुर गांव से एक किशोरी लापता हो गई थी। अगले दिन सुबह परिजनों को इसकी जानकारी हुई। किशोरी के परिजनों ने तलाश की तो उसके पीछे भागते युवक नजर आए। जिस पर परिजनों ने थाने में दूसरे समुदाय के 4 युवकों को नामजद करते हुए किशोरी को बरामद करने की तहरीर दी थी। शुक्रवार को लापता किशोरी का लोकेशन किठौर क्षेत्र में मिली थी।


### सूचना

मेरा पुत्र पिन्टू व उसकी पत्नि श्रीमति रेनू, मेरे व मेरी पत्नि श्रीमति बाला के कहने में नही है और समझाने पर मानते नही है। इसलिये मैने अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से अपने पुत्र पिन्टू व पुत्रवधु श्रीमति रेनू को बेदखल कर दिया है।– ओमप्रकाश पुत्र स्व0 श्री जीराम निवासी ग्राम दायमपुर, थाना कंकरखेड़ा मेरठ।


## आउटरिच कम्यूनिटी क्लब के सदस्यों ने चलाया सड़क सुरक्षा अभियान

**मेरठ,** 27 नवम्बर (देशबन्धु)। मोदीपुरम के आउटरिच कम्यूनिटी क्लब के सदस्यो द्वारा सड़क सुरक्षा के अन्तर्गत एक जागरूकता अभियान चलाया गया। जिसमे वाहनों को रोककर चालको को यातायात के नियमों की जानकारी दी, उन्होंने बिना हेलमेट वाहन न चलाना, बिना बेल्ट के वाहन न चलाना, शराब पीकर वाहन न चलाना, फोन पर बात करते समय वाहन न चलाना, धुंध में हैड लाइट जलाकर एवं धीमी गति से वाहन चलाना, हैवी वाहन चालकों को धुंध में खासकर सड़कों के किनारे होने वाली दुर्घटनाओं के बारे में तुरंत पुलिस को सूचित करने की सलाह दी और उन्हें पुलिस सहायता केंद्र के नंबर भी बताइए। आउटरीच कम्यूनिटी क्लब की प्रेसिडेंट रीमा विकल ने कुछ दो पहिया वाहन चालकों को हेलमेट भी प्रस्तुत किया जो कि बिना हेलमेट वाहन चला रहे थे और उन्हें गुलाब का फूल दिया



- **बिना हेलमेट वाहन चला रहे लोगों को दिया गुलाब का फूल**
- **चालकों को यातायात के नियमों की जानकारी दी**

और भविष्य में बिना हेलमेट वाहन न चलाने के लिए प्रेरित किया उन्होंने कहा कि वाहन चलाते समय ट्रैफिक के नियम का पालन करना चाहिए क्योंकि ट्रैफिक के नियमों के पालन करने से अपनी जिंदगी के साथ–साथ दूसरों की जिंदगी की भी सुरक्षा होती है। क्लब के वाइस प्रेसिडेंट प्रवीन शर्मा ने लोगों नियमों का पालन करने के लिए जागरूक किया। इस दौरान निदेशक इंजी. विकास कुमार, प्राचार्या डॉ. अनुप्रीता शर्मा, कम्युनिटी आउटरीच क्लब की प्रेसिडेंट रीमा विकल वाइस प्रेसिडेंट प्रवीन शर्मा सदस्य रवीना, कविता बढ़ाना, पूजा शर्मा, नीतू विहान, विपिन कुमार, रंजीत सैनी एवं विधार्थीगण मौजूद रहे।

## पुलिस पर तहरीर में छेड़छाड़ का आरोप

**मेरठ,** 27 नवम्बर (देशबन्धु)। चौधरी चरण सिंह यूनिवर्सिटी के एक छात्र के साथ उसके दोस्तों ने बेरहमी से मारपीट की। उसके सिर और चेहरे पर पेशाब की। छात्र पर पेशाब पीने का दबाव बनाया और जान से मारने की धमकी दी। इतना ही नहीं, आरोपियों ने घटना का वीडियो बनाया। इसे वायरल करने की धमकी देते हुए पीड़ित छात्र को ब्लैकमेल करने लगे। दरअसल, कुछ दिन पहले पीड़ित छात्र की उसके दोस्तों से कहासुनी हो गई थी। इसके बाद वे लोग 13 नवम्बर को उसे किडनैप कर जागृति विहार एक्सटेंशन में ले गए। जहां उससे दरिंदगी की गई। घटना की सूचना मिलते ही 19 नवम्बर को पीड़ित छात्र के पिता ने मेडिकल थाने में 7 आरोपियों के खिलाफरिपोर्ट दर्ज कराई। मामले को लेकर पुलिस पहले तो टालमटोल करती रही, मगर आज यानी रविवार को जैसे ही घटना का वीडियो वायरल हुआ, तो आनन–फानन में एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

## राष्ट्रीय कैडेट कोर दिवस पर रक्तदान शिविर लगाया

**मेरठ,** 27 नवम्बर (देशबन्धु)। सोमवार को राष्ट्रीय कैडेट कोर दिवस के उपलक्ष्य में एक रक्तदान शिविर का आयोजन लाला लाजपत राय मेडिकल कॉलेज में किया गया। इस शिविर का आयोजन 71 बटालियन यूपी एनसीसी एवं चौधरी चरण सिंह विवि मेरठ की ओर से किया गया। इस कार्यक्रम में 71 बटालियन के विभिन्न यूनिट से एनसीसी के कैडेट्स ने आकर रक्तदान किया। बटालियन की ओर से सूबेदार हम बहादुर ने सभी कैडेट्स को एकत्र किया। रक्तदान शिविर कैंप के दौरान चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय , मांछारा डिग्री कॉलेज, डी न परतापुर कॉलेज ,एन ए एस डिग्री कॉलेज तथा अन्य कॉलेज के छात्रों ने बढ़–चढ़कर रक्तदान शिविर कैंप में हिस्सा लिया और रक्तदान किया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय से एनसीसी ऑफिसर्स लेफ्टिनेंट डॉक्टर अनिल कुमार यादव, लेफ्टिनेंट डॉक्टर संजय कुमार, डीएनपी परतापुर से लेफ्टिनेंट कपिल कुमार के निर्देशन में हुआ।



## पत्रकारिता एवं शिक्षण विषय पर एल्यूमनी लेक्चर का हुआ आयोजन



**मेरठ,** 27 नवम्बर (देशबन्धु)। स्वामी विवेकानन्द सुभारती विश्वविद्यालय के गणेश शंकर विद्यार्थी पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग द्वारा बहुउद्देशीय हॉल में श्पत्रकारिता में उच्च शिक्षण विषय पर पूर्व छात्र व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य वक्ताओं के रुप में विभाग की पूर्व छात्राओं लवी शर्मा एवं पूजा सहानिया ने विभाग में विद्यार्थी जीवन के रूप में बिताए अपने पलों को याद करते हुए अपने अनुभवों को साझा किया। पुरातन छात्रा द्वय ने पत्रकारिता के पाठ्यक्रम को पूरा करने के बाद इसी क्षेत्र में शिक्षण संभावनाओं के बारे में विस्तार से बताया। इस दौरान वक्त ाओं ने पत्रकारिता के क्षेत्र में शिक्षण करने के लिए किन बातों का ध्यान रखा जाए और क्या क्या योग्यताएं होनी चाहिए एक शिक्षक के पास इस बारे में बताया।

दोनों ही पुरातन छात्राएं विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की महत्वपूर्ण परीक्षा नेट पास करते पीएच. डी. कर रही हैं। उन्होंने वर्त्तमान छात्रों की कई जिज्ञासाओं को शांत किया। कुल मिलाकर यही कहा कि अपनी पढ़ाई को गंभीरतापूर्वक लें और मास कंम्यूनिकेशम के बहुविध क्षेत्रों के बारे में अद्यतन जानकारी रखना जरूरी है।

## गंगा मेले में अखिल भारतीय कवि सम्मेलन आयोजित

**मेरठ/अमरोहा,** 27 नवम्बर (देशबन्धु)। ऐतिहासिक गंगा मेला के कल्चरल ग्राउंड में आयोजित देर रात तक हजारों लोगों की ऊर्जामई उपस्थित के बीच शिक्षक विधायक डॉ. हरि सिंह ढिल्लों, जिलाधिकारी, एसपी सीडीओ, एडीएम एसडीएम, सीएमओ, निवर्तमान विधायक कमल मलिक समेत प्रदेश के दो दर्जन से अधिक जनप्रतिनिधियों, पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में इस अखिल भारतीय कवि सम्मेलन को ऐतिहासिक बना दिया। देश के प्रख्यात कवि डॉ दिनेश रघुवंशी, सुविख्यात कवियत्री अनामिका जैन अंबर,लाफ्टर चौलेंज के विजेता हास्य कवि प्रताप फौजदार, यश भारती से सम्मानित कवित्री डॉक्टर सरिता शर्मा, श्रृंगार रस की बड़ी कवित्री डॉ सपना सोनी, व्यंग के बड़े कवि सर्वेश अस्थाना, ओज के नामचीन कवि अनिल अनल, समेत देश के विभिन्न हिस्सों से आए एवं स्थानीय कवियों ने एक से एक बढ़कर शानदार प्रस्तुतियां देखकर सुबह 4 बजे तक भीड़ को बांधे रखा। ऐतिहासिक गंगा मेला के साथ–साथ संविधान दिवस होने के उपलक्ष में जिलाधिकारी अमरोहा राजेश कुमार त्यागी, पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह, सीडीओ अश्वनी मिश्र, मेलाअधिकारी मायाशंकर यादव आदि ने प्रति कुलाधिपति डॉ राजीव त्यागी के साथ मिलकर देश के विभिन्न हिस्सों से आए



- **देश के प्रख्यात कवियों ने की शिरकत**
- **पगड़ी, पटका संविधान की पुस्तक एवं अशोक स्तंभ भेंट कर किया सम्मानित**

नामचीन कवियों को पगड़ी, पटका संविधान की पुस्तक एवं अशोक स्तंभ भेंट कर सम्मानित किया। वेंकटेश्वरा संस्थान द्वारा आयोजित अखिल भारतीय कवि सम्मेलन को देश के नामचीन कवि सर्वेश अस्थाना, ओज के बड़े कवि अनिल अनल, सरिता शर्मा, प्रवीण राही, कशिश मुरादाबदी एवं राहुल शर्मा समेत एक दर्जन से अधिक कवियों ने संबोधित किया। इस अवसर पर मेलाधिकारी माया शंकर यादव, एसपी सिंह, वेंकटेश्वरा समूह के प्रधान सलाहकार प्रोफेसर वीपीएस अरोड़ा, सीईओ अजय श्रीवास्तव, प्रभारी कुलपति डॉराकेश यादव, कुलसचिव पीयूष पांडे, अरुण, बघेल, गुरदयाल सिंह, मेरठ परिसर निदेशक डॉ.प्रताप सिंह, मीडिया प्रभारी विश्वास राणा आदि लोग उपस्थित रहे।

# पितरों की आत्मा की शांति के लिए हजारों ने किया गंगा में दीपदान

## गंगा किनारे उमड़ा आस्था का सैलाब, बसा तंबूओं का अस्थाई नगर

**मवाना/हस्तिनापुर,** 27 नवम्बर (देशबन्धु)। कार्तिक पूर्णिमा स्नान से पूर्व मखदूमपुर गंगा आस्था का जन सैलाब उमड पड़ा। मखदूमपुर गंगा स्नान मेले में श्रद्धालुओं का भारी संख्या में पंहुचने का सिलसिला देर रात्रि तक चलता रहा। गंगा किनारे रेतीले मैदान में भारी तादाद में पहुंचे श्रद्धालुओं द्वारा लगाए गए टैंटों व तंबूओं का अस्थाई नगर बस गया है। शाम के समय लोगों ने अपने पितरों की आत्मा की शांति के लिए पिंडदान व दीपदान किया। वहीं दिन में नव विवाहित जोडों ने बैंडबाजों के साथ गंगा पूजन किया।

ब्लाक क्षेत्र के गांव मखदूमपुर में लगने वाला गंगा स्नान मेला मेरठ जनपद का एक मात्र गंगा स्नान मेला है। तीन दिन से गंगा घाट पर श्रद्धालुओं के पहुंचने का क्रम जारी था। रविवार सुबह से ही भैंसा बुग्गी, टैक्टर ट्रालियों, ऊंट गाडी, कार व दुपहिया वाहन तथा जुगाड आदि में भरकर गंगा पुंच रहे हैं। रविवार को दिन में नवविवाहित जोड़ों ने बैंडबाजों के साथ जोडे से परपंरागत तरीके से मां गगें की पूजा अर्चना की। वहीं गंगा किनारे



- **बैंडबाजों के साथ नव विवाहित जोड़ों ने किया गंगा पूजन**
- **श्रद्धालुओं के देर शाम तक गंगा किनारे पहुचनें का सिलसिला रहा जारी**

बच्चों का मुंडन संस्कार भी कराया गया। इस मौके पर महिलाओं ने पारम्परिक तरीके से लोकगीत गाकर गंगा पूजन की किया। शाम के समय लोगों ने गंगा में स्नान कर मां गगें की पूजा अर्चना की और अपने पूर्वजों की आत्मा की शांति के लिए पिंडदान व दीपदान किया। गंगा में तैरते दीपों की कतार रात के समय अजीब ही दृश्य उत्पन्न कर रही थीं। गंगा किनारे मेला स्थल पर रविवार देर शाम तक लगभग एक लाख से अधिक श्रद्धालु ने पहुंचकर मां गगें की पूजा अर्चना की। गंगा किनारे के माहौल में श्रद्धालु पूरी तरह से रम गए थे। रात को ठंड आदि से बचने के लिए लगाए गए तंबूओं की कतारों को देख लग रहा था कि मानों गंगा किनारे पर तंबूओं का नगर बस गया हो। जिला पंचायत द्वारा गंगा स्नान के लिए बनाया गया घाट श्रद्धालुओं की संख्या को देखते हुए छोटा पड़ता नजर आया। महिलाओं को घाट छोटा होने के कारण पुरुषों के साथ ही नहाना पघ। जिससे कारण उन्हे भारी पशानी हुई। गंगा को पालीथीन व प्रदूषण से बचाने के जिला पंचायत के तमाम प्रयास बुधवार को धराशाई होते नजर आए। दुकानदार लालच के कारण पालीथीन में सामान बेचने से बाज नहीं आ रहे है। मखदूमपुर गंगा घाट पर प्रसाद बेचने वाले तमाम दुकानदारों ने पालीथीन का जमकर प्रयोग किया। श्रद्धालुओं ने पालीथीन में से प्रसाद चखाकर उसके वहीं, फेंक दिया। जिससे गंगा किना गंदगी पसर गई। मेला प्रभारी पी के सिंह ने बताया कि मेला में आने वाले श्रद्धालु की सुरक्षा को देखते हुए पर्याप्त संख्या में पुलिस बल तैनात है। तथा पुलिस मेले में लगातार गश्त कर रहीं है। उन्होने बताया कि किसी भी अनहोनी से बचने के लिए खास तैराक बुलाए गए है। जो चौबीस घंटे गंगा घाट पर ही तैनात है। इसके अलावा जिला पंचायत द्वारा उपलब्ध कराई गई नाव में भी पुलिस कर्मी तैनात किए गए हैं। गंगा स्नान मेले में जहां लोगों ने पूजा अर्चना कर मेले का आन्नद उठाया। वहीं मेंले में शराबियों ने भी जमकर धमाल मचाया। शराब गंगा स्नान को जाने वाले लोगों पर इस कदर हावी थी कि प्रत्येक तीसरे तंबू में एक शराबी का औसत रहा।

### पेट पालने को पहुंचे आस पास के गांवों के छोटे बच्चे

जहा एक और जनपद व आस पास से आये लाखों श्रद्वालु गंगा मेले का लुफ्त उठा रहे थे। वही दुसरी और गंगा किनारे स्थित आस पास के गांवों से आए दर्जनों बच्चे गंगा में दीपक और बिनकर अपने पेट पालने के प्रयास में जुटें थे। मखदूमपुर निवासी विपिन और सौरभ का कहना था कि वे दोनों कक्षा पांच के छात्र है। उनके लिए तो रोज ही यहां मेला सा रहता है। लेकिन इस मेले में वह दीपदान के लिए दीप व फूल प्रसाद बेचने के लिए आते है। ताकि घर के खर्च में अपने पिता का कुछ हाथ बंटा सके।

# दुनिया रंग-बिरंगी

देशबन्धु | नई दिल्ली, मंगलवार, 28 नवम्बर, 2023, डाक पंजीयन संख्या :- DL (ND)-11/6176/2015-16-17

## शाहरुख खान स्टारर 'चक दे इंडिया' मेरी पसंदीदा स्पोर्ट्स ड्रामा फिल्म है : शरद केलकर

**मुंबई।** 'स्लम गोल्फ' में कोच राणे की भूमिका निभा रहे एक्टर शरद केलकर ने अपने फेवरेट स्पोर्ट्स ड्रामा के बारे में खुलकर बात की। वेब सीरीज 'स्लम गोल्फ' एक युवा लड़के पवन की प्रेरणादायक कहानी है, जो अपने सपने को पूरा करने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ता और समाज की सभी बाधाओं से लड़ता है। यह सीरीज उन स्पोर्ट्समैन की सच्ची कहानियों पर आधारित है, जो गोल्फ प्लेयर बन गए, विशेष रूप से बॉम्बे प्रेसीडेंसी गोल्फ कोर्स के अनिल माने, जिन्हें 'स्लम गोल्फ' को लोकप्रिय बनाने का श्रेय दिया जाता है। शरद ने कहा कि मुझे इनसाइड एज का पहला सीज़न पसंद है, जो प्राइम वीडियो पर था। इसके अलावा, जब स्पोर्ट्स ड्रामा की बात आती है, तो ऐसा लगता है कि इसका चयन सीमित है।

## महिलाओं को मजबूत किरदार के रूप में पेश करने की कोशिश : रानी मुखर्जी

**पणजी,** 27 नवम्बर (एजेंसियां)। बॉलीवुड अभिनेत्री रानी मुखर्जी ने कहा कि उन्होंने हमेशा भारतीय महिलाओं को मजबूत किरदार के रूप में पेश करने की कोशिश की है। गोवा में रविवार को 54वें भारतीय



अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (आईएफएफआई) में रानी मुखर्जी के साथ 'सम्मोहक प्रदर्शन देने' की थीम पर एक सत्र आयोजित किया गया। गलाट्टा प्लस के प्रधान संपादक और राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता फिल्म समीक्षक बरद्वाज रंगन द्वारा संचालित चर्चा में रानी मुखर्जी के जीवन और शानदार करियर पर प्रकाश डाला गया।

अभिनेत्री ने कहा कि भारत के बाहर, फिल्मों और उनके पात्रों को हमारी भारतीय संस्कृति के प्रति खिड़की के रूप में देखा जाता है। हमेशा मजबूत फिल्मों और भूमिकाओं के साथ खड़े रहना महत्वपूर्ण है। कभी-कभी आपको उस अवधि में दर्शकों की स्वीकृति नहीं मिल पाती है, लेकिन सिनेमा के इतिहास में ऐसी फिल्मों और किरदारों को जगह मिलेगी।

उन्होंने कहा कि यदि कोई अभिनेता बहुमुखी है, तो वह जीवन के विभिन्न पहलुओं को चित्रित कर सकता है। मैं अपने किरदारों को जितना अधिक विविधतापूर्ण बना सकती हूं, यह दर्शकों और मेरे लिए उतना ही दिलचस्प होगा। किरदारों में यह विविधता मुझे भी प्रेरित करती है।

रानी मुखर्जी ने साझा किया कि विशेष भूमिकाएं करने के लिए अभिनेता अक्सर अपनी शारीरिक विशेषताओं को सही करने के लिए वास्तविक जीवन के लोगों से मिलते हैं। लेकिन यह जानना भी महत्वपूर्ण है कि वे किन भावनाओं से गुजर रहे हैं।

### शोधकर्ताओं ने पायरेथ्रोइड्स नामक कीटनाशकों में साबुन मिलाने का किया परीक्षण

## साबुन मलेरिया फैलाने वाले मच्छरों से लड़ने में कर सकता है मदद



- मलेरिया एक विनाशकारी मच्छर जनित बीमारी
- उप-सहारा अफ्रीका, एशिया और लैटिन अमेरिका ज्यादा प्रभावित
- मलेरिया में बुखार, थकान, सिरदर्द और ठंड जैसे लक्षण

**न्यूयॉर्क,** 27 नवम्बर (एजेंसियां)। एक शोध के अनुसार मलेरिया के खिलाफ दशकों से चली आ रही लड़ाई का समाधान साबुन से मिल सकता है। एल पासो में टेक्सस विश्वविद्यालय (यूटीईपी) के वैज्ञानिकों ने पाया कि कीटनाशकों के कुछ वर्गों में तरल साबुन की थोड़ी मात्रा उनकी क्षमता को दस गुना से अधिक बढ़ा सकती है।

यूटीईपी में जैविक विज्ञान विभाग में सहायक प्रोफेसर और मुख्य लेखक कोलिन्स कामडेम ने कहा कि यह खोज एक आशाजनक खबर है क्योंकि मलेरिया फैलाने वाले मच्छरों में वर्तमान कीटनाशकों के प्रति बढ़ती प्रतिरोधक क्षमता दिखाई देती है।

कामडेम ने कहा कि पिछले दो दशकों में मच्छर अधिकांश कीटनाशकों के प्रति प्रतिरोधी हो गए हैं। अब कार्रवाई के नए तरीकों के साथ वैकल्पिक मिश्रण को विकसित करने की दौड़ चल रही है।

यूटीईपी में अनुसंधान सहायक प्रोफेसर कैरोलिन फौएट ने कहा कि प्रयोगशाला परीक्षणों और क्षेत्र परीक्षणों दोनों से पता चला है कि नियोनिकोटिनोइड्स, कीटनाशकों का एक विशेष वर्ग, मौजूदा कीटनाशकों के प्रति प्रतिरोध दिखाने वाली लक्षित आबादी के लिए एक आशाजनक विकल्प है।हालांकि, नियोनिकोटिनोइड्स मच्छरों की कुछ प्रजातियों को तब तक नहीं मार सकते जब तक कि उनकी क्षमता को बढ़ाया न जाए।

इस मामले में फौएट ने कहा कि साबुन शक्ति बढ़ाने वाला पदार्थ है। मलेरिया एक विनाशकारी मच्छर जनित बीमारी है जो उप-सहारा अफ्रीका, एशिया और लैटिन अमेरिका में प्रचलित है, जिससे बुखार, थकान, सिरदर्द और ठंड लगती है। यह रोग घातक हो सकता है। रोग नियंत्रण केंद्र के अनुसार, 2020 में दुनिया भर में मलेरिया के अनुमानित 241 मिलियन मामले थे, जिसके परिणामस्वरूप 627,000 मौतें हुईं। पीएलओएस नेग्लेक्टेड ट्रॉपिकल डिजीज में शुक्रवार को प्रकाशित एक नए अध्ययन में, टीम ने तीन कम लागत वाले अलसी तेल आधारित साबुन का चयन किया जो उप-सहारा अफ्रीका में प्रचलित हैं। टीम ने अध्ययन में लिखा है कि सभी मामलों में, कीटनाशकों ने क्षमता में काफी वृद्धि की है।कैमरून के याउंडे विश्वविद्यालय के पहले लेखक और डॉक्टरेट छात्र आशु फ्रेड ने कहा कि साबुन के सभी तीन ब्रांड कीटनाशकों का उपयोग करने की तुलना में मृत्यु दर को 30 प्रतिशत से 100 प्रतिशत तक बढ़ाते हैं। टीम ने पायरेथ्रोइड्स नामक कीटनाशकों के एक वर्ग में साबुन मिलाने का भी परीक्षण किया। हालांकि, उन मामलों में, उन्हें कोई लाभ नहीं मिला। टीम को उम्मीद है कि कीटनाशकों को बढ़ाने के लिए कितने साबुन की आवश्यकता है, यह स्थापित करने के लिए अतिरिक्त परीक्षण किया जाएगा। कामडेम ने कहा कि हम एक साबुन-कीटनाशक फॉर्मूलेशन बनाना पसंद करेंगे जिसका उपयोग अफ्रीका में घर के अंदर किया जा सके और उपयोगकर्ताओं के लिए स्वस्थ हो।

## गर्भवती महिला की गर्भाशय की दीवारों से चिपकी प्लेसेंटा की सफल सर्जरी

**मुंबई,** 27 नवम्बर (एजेंसियां)। बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) के वीएन देसाई अस्पताल में डॉक्टरों और नर्सों की एक महिला टीम ने एक गर्भवती महिला की गर्भाशय की दीवारों से चिपकी प्लेसेंटा के साथ जटिल सिजेरियन सेक्शन सर्जरी सफलतापूर्वक पूरी की। 16 नवम्बर को एक 32 वर्षीय महिला को अंधेरी में बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) के वीएन देसाई अस्पताल में प्रसव के लिए ले जाया गया था।

टीम प्रमुख, वरिष्ठ सलाहकार और डीएनबी शिक्षिका डॉ. कोमल चव्हाण ने कहा कि जो सामान्य सीजेरियन सेक्शन लग रहा था, वह प्रसूति रोग विशेषज्ञ के लिए सबसे बुरा सपना साबित हुआ, जिसके मां-बच्चे दोनों के लिए संभावित घातक परिणाम हो सकते हैं। डॉ. चव्हाण ने बताया कि यह लगभग पूरे 40 सप्ताह की गर्भावस्था थी और रोगी के दो सिजेरियन पहले हो चुके थे। महिला का प्लेसेंटा नीचे की ओर झुका था और ब्लड प्रेशर बहुत हाई था। महिला के पहले दो बेटे हैं।

गर्भाशय की दीवार की तुलना में प्लेसेंटा की स्थिति की जांच करने के लिए एक स्कैन कराया गया। लेकिन,



सोनोग्राफी रिपोर्ट में प्लेसेंटा के अटके होने की बात खारिज होने के बाद, महिला की सिजेरियन डिलीवरी के लिए 17 नवम्बर तय की किया।

डॉ. चव्हाण ने अपनी टीम के साथियों, डॉ. स्नेहल शिंदे, डॉ. नेहा पनवार, डॉ. सुभानी महापात्रा, डॉ. सपना वाधवानी और वरिष्ठ नर्स सयाली गुरव के साथ सर्जरी शुरू की और उन्होंने 4 किलोग्राम वजन वाली एक स्वस्थ बच्ची को जन्म देने में मदद की।

## फील्ड मार्शल व आर्मी पर आधारित फिल्म सैम बहादुर के प्रमोशन के लिए पहुंचे विक्की कौशल

**ग्रेटर नोएडा,** 27 नवम्बर (देशबन्धु)। फिल्म अभिनेता विक्की कौशल और शान्या मल्होत्रा अपनी पूरी टीम के साथ अपनी आने वाली फिल्म सैम बहादुर का प्रमोशन करने जीएल बजाज कॉलेज पहुंचे। फिल्म का टीज़र ट्रैलर कॉलेज में लॉन्च किया गया। फिल्म के टाईटल सॉन्ग 'बढ़े चलो' पर सभी कलाकार छात्रों के साथ जमकर थिरके।



इस बीच कारगिल वॉरियर सूबेदार आज़ाद सिंह ने कार्यक्रम में शामिल होकर 18 ग्रेनिडियर्स की विजय गाथा के बारे में बताया। इस दौरान कॉलेज प्रांगण देश के जयघोष से गुंजायमान हो गया। विक्की कौशल ने छात्रों के उत्साह की तारीफ करते हुए कहा कि आप सभी ने हमारी हर फिल्म को सराहा है उसी तरह से इस फिल्म को भी प्यार दें और मूवी जरूर देखने जाएं। अंत में दोनों कलाकारों ने फिल्म से जुड़े सवालों के जवाब दिए और बताया कि यह फिल्म बहुत ही स्पेशल है, क्योंकि यह फिल्म देश के पहले फील्ड मार्शल और आर्मी पर आधारित है। इस फिल्म में सेना के रियल जवानों ने अदाकारी भी की है। यह फिल्म 1 दिसम्बर को रिलीज हो रही है। फिल्म का निर्देशन मेघना गुलज़ार ने किया है। फिल्म का निर्माण रोनी स्क्रूवाला ने किया है। फिल्म की कहानी सैम मानिकशॉ की कार्यशैली और बहादुरी के ईद गिर्द घूमती है।

## चिकित्सकों के नोट्स को सटीक रूप से तैयार करने के लिए नया चैटजीपीटी जैसा एआई टूल

**न्यूयॉर्क,** 27 नवम्बर (एजेंसियां)। एक स्टडी के अनुसार, नया आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) कंप्यूटर प्रोग्राम डॉक्टरों के नोट्स इतनी अच्छी तरह से तैयार कर सकता है कि दो चिकित्सक अंतर नहीं बता सकते।

इस प्रूफ-ऑफ-कॉन्सेप्ट स्टडी में, चिकित्सकों ने पेशेंट नोट्स की समीक्षा की, जिनमें से कुछ वास्तविक डॉक्टरों द्वारा लिखे गए थे, जबकि अन्य नए एआई प्रोग्राम द्वारा बनाए गए थे और चिकित्सकों ने केवल 49 प्रतिशत मामलों में ही सही लेखक की पहचान की।

एनवीडिया और फ्लोरिडा विश्वविद्यालय के 19 शोधकर्ताओं की एक टीम ने एक नए मॉडल, गेटोरट्रॉन जीपीटी के आधार पर मेडिकल रिकॉर्ड तैयार करने के लिए सुपर कंप्यूटर को प्रशिक्षित किया, जो चैटजीपीटी के समान कार्य करता है।

फ्लोरिडा विश्वविद्यालय के स्वास्थ्य परिणाम और बायोमेडिकल सूचना विज्ञान विभाग के प्रमुख लेखक योंगहुई वू के अनुसार, गेटोरट्रॉन मॉडल के फ्री वर्जन को एक ओपन-सोर्स एआई वेबसाइट हगिंग फेस से 4,30,000 से ज्यादा डाउनलोड मिले हैं। गेटोरट्रॉन मॉडल क्लिनिकल रिसर्च के लिए साइट पर उपलब्ध एकमात्र मॉडल हैं। वू ने कहा कि स्वास्थ्य देखभाल में हर कोई इन मॉडलों के बारे में बात कर रहा है। गेटोरट्रॉन और गेटोरट्रॉन जीपीटी यूनिक एआई मॉडल हैं, जो चिकित्सा अनुसंधान और स्वास्थ्य देखभाल के कई पहलुओं को सशक्त बना सकते हैं। फिर भी, उन्हें बनाने के लिए बड़े पैमाने पर डेटा और व्यापक कंप्यूटिंग शक्ति की आवश्यकता होती है।

हम स्वास्थ्य सेवा में एआई की क्षमता का पता लगाने के लिए एनवीडिया के इस सुपर कंप्यूटर, हाइपरगेटर के लिए आभारी हैं।

एनपीजे डिजिटल मेडिसिन जर्नल में प्रकाशित इस रिसर्च के लिए, टीम ने लार्ज लैंग्वेज मॉडल डेवलप किया जो कंप्यूटर को नेचुरल ह्यूमन लैंग्वेज की नकल करने की अनुमति देता है।

ये मॉडल स्टैंडर्ड राइटिंग या कन्वर्सेशन के साथ अच्छी तरह से काम करते हैं, लेकिन मेडिकल रिकॉर्ड अतिरिक्त बाधाएं लाते हैं, जैसे मरीजों की गोपनीयता की रक्षा करने की आवश्यकता और अत्यधिक तकनीकी होना। डिजिटल मेडिकल रिकॉर्ड को गूगल पर सर्च या विकिपीडिया पर शेयर



**गेटोरट्रॉन और गेटोरट्रॉन जीपीटी यूनिक एआई मॉडल**

नहीं किया जा सकता है।

इन बाधाओं को दूर करने के लिए, शोधकर्ताओं ने 82 बिलियन उपयोगी चिकित्सा शब्दों को रखते हुए दो मिलियन मरीजों के स्वास्थ्य चिकित्सा रिकॉर्ड का उपयोग किया। इस सेट को 195 बिलियन शब्दों के दूसरे डेटासेट के साथ जोड़कर, उन्होंने जीपीटी-3 आर्किटेक्चर, या जेनेरेटिव प्री-ट्रेंड ट्रांसफार्मर, न्यूरल नेटवर्क आर्किटेक्चर का एक रूप, के साथ मेडिकल डेटा का विश्लेषण करने के लिए गेटोरट्रॉन जीपीटी मॉडल को प्रशिक्षित किया। इसने गेटोरट्रॉन जीपीटी को मेडिकल डॉक्टरों के नोट्स के समान क्लीनिकल टेक्स्ट लिखने की अनुमति दी।

मेडिकल जीपीटी के कई संभावित उपयोगों में से एक विचार में एआई द्वारा रिकॉर्ड किए गए और प्रतिलेखित नोट्स के साथ दस्तावेज़ीकरण के टेडियम को बदलना शामिल है। ह्यूमन राइटिंग के साथ ऐसी समानता तक पहुंचने के लिए एआई उपकरण के लिए, प्रोग्रामर अरबों शब्दों के आधार पर क्लीनिकल शब्दावली और भाषा के उपयोग के साथ सुपर कंप्यूटर की प्रोग्रामिंग में कई सप्ताह बिताते हैं।

### अभिनेता रोहित रॉय ने किया खुलासा

## अमिताभ बच्चन का है गहरा प्रभाव



**मुंबई,** 27 नवम्बर (एजेंसियां)। अभिनेता रोहित रॉय ने कहा है कि उनके एक्टिंग करियर पर मेगास्टार अमिताभ बच्चन का गहरा प्रभाव है और अपने दोस्त और बिग बी के बेटे अभिषेक बच्चन से ईर्ष्या होने के कारण का खुलासा किया।

रोहित ने बिग बी के प्रति अपनी गहरी प्रशंसा व्यक्त करते हुए कहा कि मैं अमिताभ बच्चन का बहुत बड़ा फैन हूं। उनकी स्क्रीन उपस्थिति और वास्तविक जीवन मुझे आकर्षित करता है। जिस तरह से वह खुद को स्क्रीन पर पेश करते हैं वह मुझे पसंद है और आज मैं उनकी वजह से एक अभिनेता हूं। मुझ पर पड़े उनके प्रभाव ने मुझे उनके जैसा अभिनेता बनने के लिए प्रेरित किया। एक्टर ने अपने ड्रीम रोल पर चर्चा करते हुए कहा कि मेरे मन में कोई स्पेशल रोल नहीं है। बचपन में, मैं 'जंजीर' में अमिताभ जी का किरदार निभाने की इच्छा रखता था।

## नानी बेहद विनम्र और बहुत पसंदीदा नाम हैं : अंगद बेदी

**मुंबई,** 27 नवम्बर (एजेंसियां)। अंगद बेदी की साउथ की पहली फिल्म 'हाय नन्ना' का पहला लुक जारी कर दिया गया है और वह तेलुगु स्टार नानी के साथ स्क्रीन स्पेस शेयर करने के लिए तैयार हैं। अंगद ने कमेंट किया कि 'हाय नन्ना' का हिस्सा बनना एक रोमांचक जर्नी है, इस फिल्म के जरिए मैं तेलुगु इंडस्ट्री में एंटर कर रहा हूं। नानी जैसे बहुमुखी अभिनेता के साथ काम करना एक शानदार एक्सपीरियंस रहा। नानी बेहद विनम्र और बहुत पसंद किया जाने वाला नाम है और यह मेरे लिए एक रोमांचक सहयोग है।

अंगद एक बार फिर मृणाल ठाकुर के साथ काम करते दिखेंगे। इससे पहले दोनों 'लस्ट स्टोरीज' में दिखाई दिए। अंगद ने शेयर किया कि मृणाल के साथ दूसरी बार टीम बनाने से प्रोजेक्ट



में एक स्पेशल टच जुड़ गया है। नानी और मेरी जोड़ी के साथ हमारा सौहार्द, दर्शकों के लिए एक सिनेमाई मनोरंजन का वादा करता है। हाय नन्ना का निर्देशन नवोदित शौरयुव ने किया है। इसका निर्माण व्यारा एंटरटेनमेंट्स के तहत मोहन चेरुकुरी (सीवीएम), विजेंदर रेड्डी टीगाला और मूर्ति केएस द्वारा किया गया है।

## छह दिवसीय रामायण मेले में सजेगा दस दिवसीय राम बाजार

### अवधी संस्कृति, शिल्प व कला का प्रतिबिंब बनेगा बयालीसवां रामायण मेला

- ग्राम शिल्प को उभारने के लिए हो रही है मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सराहना
- 'खर खोदर' के उपयोग से बनी सुंदर सुंदर वस्तुएं मिलेंगी 'राम बाजार' में

■ ओम प्रकाश सिंह

**अयोध्या,** 27 नवम्बर (देशबन्धु)। अयोध्या में आयोजित होने वाला रामायण मेला बयालीस वर्ष का हो चुका है। राममंदिर प्राणप्रतिष्ठा के पहले चौदह से उन्नीस दिसम्बर तक रामकथा पार्क में होने वाले इस मेले की परिकल्पना डाक्टर लोहिया ने किया था। छह दिवसीय मेले में दस दिवसीय राम बाजार प्रमुख आकर्षण होगा। रामायण मेला की पत्रिका तुलसी दल में अयोध्या के विकास व रामायण मेला की भूमिका भी समाहित होगी।



हम जरा सी असुविधा के चलते गांव को उजाड़कर शहर भाग आये। आज जब 'लौट चलो गांव की ओर का नारा' लगाते हैं तो गांव में बनी वस्तुओं की ये बाजारें गांव लौट चलने को बाध्य करती हैं। गांव ने हर जरूरत का समाधान अपने आस-पास खोज लिया, उन्हें उजड़ने, बसने और लौटने की जरूरत न पड़ी। 'खर-खोदर' यानि घास व पतवार के उपयोग से सुंदर-सुंदर वस्तुएं राम बाजार में मिलेंगी। गजानन माधव मुक्तिबोध अपनी कविता में लिखते हैं कि मैं हर टहनी में डंठल में, एक-एक स्वप्न देखता हुआ,पहचान रहा प्रत्येक जतन से जमा रहा, टोकरी उठा मैं चला जा रहा हूं। टोकरी उठाना चलन नहीं, वह फैशन के विपरीत, इसलिए निगाहें बचा बचा आड़े तिरछे चलता हूं। अब निगाह चुराने की जरूरत नहीं क्योंकि टहनियों से बनी वस्तुएं फैशन बन गई हैं।

जुल्फ संवारने के लिए नीम की लकड़ी से बनी नक्काशीदार कंघियां, बालों को बिखरने से बचाने के लिए क्लैचर, भोजन करने के लिए खूबसूरत चम्मच, चाबी छल्ले मेले का आकर्षण होंगे। गुड़ की सोंधी महक बाजार में गमकेगा। बैठने के लिए मोढ़े, पेन रखने का स्टैंड, मूंज से बने सजावटी सामान, बेंत नरकुल की कुर्सियां के माध्यम से गांव के हुनर का जलवा बिखरेगा। कंघियों के संदर्भ में आरज़ू लखनवी का वो शेर याद आता हैं जिसमें उन्होंने बड़े ही प्यार और मोहब्बत से कहा कि पूछा जो उनसे चांद निकलता है किस तरह, जुल्फ़ों को रूख पे डाल के झटका दिया कि यूं। ये गेसुओं की घनी छांव हैं मेरी ख़ातिर, ये होंठ और ये बाहें मेरी अमानत हैं। हर मोहबत का दीवाना अपनी महबूबा की जुल्फों की छांव में रहना चाहता हैं, उसे संवारना चाहता है और उससे खेलना चाहता हैं। यह मेला दीवानों की हसरत भी पूरी करेगा। जुल्फों को संवारने के लिए नीम की लकड़ी से बनी नक्काशीदार कंघियां यह अहसास दिलाएंगी कि आधुनिक युग हो या पाषाण युग, जुल्फों का साया तो हमेशा संवरता रहा है।

जन्म काल से लेकर टीनएज तक रामायण मेला अपने उद्देश्यों की खुशबू देश दुनिया में बिखेर रहा था। पिछले दो दशक से यह मेला औपचारिक बन गया था लेकिन विगत वर्ष जब इसकी कमान आशीष मिश्र के हाथों आई तो यह निखर उठा। मेला के वैश्विक प्रचार प्रसार के लिए आशीष की रणनीति में पर्यटन की दुनिया से जुड़े ट्रैवल ऑपरेटर, टूर ऑपरेटर, ब्लॉगर, यूट्यबर्स, चैनल, प्रिंट मीडिया, पत्रिका के प्रमुखों को अयोध्या बुलाना शामिल है। रामायण मेला के माध्यम से गांव का हुनर रामकथा पार्क में निखरेगा। इसे राम बाजार का नाम दिया गया है। रामायण मेला छह दिन चलेगा लेकिन राम बाजार दस दिन तक खुला रहेगा।


ग्राम शिल्प के प्रति रुचि व उनकी प्रतिभाओं की राष्ट्रीय ख्याति दिखाने की मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्रतिबद्धता सराहनीय है। योगी आदित्यनाथ ने अयोध्या में टूरिज्म बढ़ाने के कई कदम उठाए हैं, क्योंकि सरकार बाजार की दृष्टि से भी विकास को देख रही है। राम बाजार में भारत सरकार के वस्त्र हस्तशिल्प मंत्रालय एवं राज्य सरकार की तरफ से एक जनपद एक योजना के अनेकों स्टाल लगाए जाएंगें। यहां साज सज्जा, गृह उपयोग की ऐसी वस्तुओं का संग्रह होगा जो आपका मनमोह लेंगी।

मणिराम दास छावनी में महंत नृत्य गोपाल दास की अनुमति से रामायण मेला समिति अयोध्या के कार्यवाहक अध्यक्ष महंत कमलनयन दास की अध्यक्षता में बयालीसवें रामायण मेला की बैठक हुई। जिसमें रामायण मेला की अवधि चार दिवस से बढ़ाकर छह दिवस किया गया। रामायण मेला समिति के संरक्षक पूर्व कांग्रेसी सांसद डॉ. निर्मल खत्री ने कहा राम मंदिर निर्माण के साथ ही अयोध्या की संस्कृति एवं वैभव को विश्व स्तर पर ले जाने में रामायण मेला को बृहद एवं विस्तार रूप इस वर्ष प्रदान किया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि रामायण मेला के अवसर पर प्रकाशित होने वाली पत्रिका तुलसी दल में इस वर्ष रामायण मेले की अयोध्या के विकास मे चार दशकों रही भूमिका तथा अयोध्या धाम के धार्मिक व सांस्कृतिक महत्व के सभी प्रमुख स्थानों पर विशेष प्रकाश डालने का प्रस्ताव है।

## तिगरीधाम मेले में तीस लाख से अधिक ने लगाई हाजिरी

**अमरोहा,** 27 नवम्बर (एजेंसियां)। उत्तरी भारत के धार्मिक महत्व के प्रसिद्ध तिगरीधाम गंगा स्नान मेले में आज़ तीस लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाई। लगभग दस किलोमीटर दूर तक फैले कार्तिक पूर्णिमा गंगा स्नान मेले में रविवार देर शाम लगभग चार बजे गंगा तट पर दीप-दान आरंभ हो गया था। मान्यता है कि महाभारत युद्ध के पश्चात भगवान श्रीकृष्ण के कहने पर पांडवों ने अपने सगे संबंधियों की आत्मा की शांति के लिए दीप-दान किया था। महाभारत कालीन परंपरा का निर्वहन आज़ भी श्रद्धा और विश्वास से निरंतर जारी है। रविवार शाम को दीपदान शुरू होते ही पतित पावनी, मोक्षदायिनी मां गंगा के तट जगमगा उठे।

गौरतलब है कि 18 नवम्बर से ही ट्रैक्टर ट्रालियों में सगे संबंधियों तथा परिवारों सहित से किसानों ने मेला स्थल, गंगा की रेती पर तंबू गाड़ दिए थे, जबकि मेले का विधिवत शुभारंभ 23 नवम्बर को कमिश्नर आन्जनेय कुमार सिंह और पुलिस महानिरीक्षक मुरादाबाद मुनीराज जी द्वारा संयुक्त रूप से किया गया था। मेले में धूलरहित चौड़ी सड़कें, बेहतरीन पुलिसिंग, फागिंग मशीन द्वारा कीटनाशक छिड़काव, साफ-सफाई, सांस्कृतिक कार्यक्रमों की संचालिका मुख्य अध्यापिका मंजू पंवार द्वारा श्रोताओं की भीड़ को बांधे रखने की शैली, गंगा की रेती पर धूनी रमाए साधुओं की मंडली, दस दिन तक जीवन के तमाम झंझावातों को भूलकर उल्लास और और उमंग से लबरेज श्रद्धालुओं का सैलाब, राष्ट्र की खुशहाली और परलोक को संवारने की कामना को लेकर गंगा स्नान, दिन-रात पूजा ध्यान, दान पुण्य, अखंड पाठ भंडारे, खेल तमाशे, जीवन को उल्लास और उमंग के साथ जीने की आस लिए ब्रह्ममुहुर्त के समय से स्नान के बाद श्रद्धालुओं का कारवां घर वापस लौटते समय सारे दिन हर हर गंगे हर हर महादेव गूंजायमान रहा।



# [अर्थ जगत]

### पेट्रोल और डीजल की कीमतें यथावत



**नई दिल्ली,** 27 नवम्बर (एजेंसियां)। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में जारी गिरावट के बीच घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम आज यथावत रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 89.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 94.27 रुपए प्रति लीटर पर रहा।

### सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| भारती एयरटेल | 1.48 प्रतिशत |
| एचसीएल टेक | 1.18 प्रतिशत |
| विप्रो | 1.16 प्रतिशत |
| टेक महिन्द्र | 0.61 प्रतिशत |
| टीसीएस | 0.48 प्रतिशत |

### सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| बजाज फाइनेंस | 2.11 प्रतिशत |
| एम एंड एम | 1.91 प्रतिशत |
| अल्ट्रा टेक | 1.37 प्रतिशत |
| बजाज फिनसर्व | 1.05 प्रतिशत |
| टाटा मोटर्स | 1.02 प्रतिशत |

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 47,310 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 31,400 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 70,096 |
| वायदा | 70,183 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 870 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 67.77 | 78.57 |
| पौंड स्टर्लिंग | 90.94 | 105.45 |
| यूरो | 76.54 | 88.78 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दड़ा | 2500-2600 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

### चावल

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 3640-3740 |
| चीनी एम | 3800-3900 |
| मिल डिलीवरी | 3520-3620 |
| गुड़ | 4300-4400 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 6450-6550 |
| दाल चना | 7450-7550 |
| मसूर काली | 7800-7900 |
| उड़द दाल | 10600-10700 |
| मूंग दाल | 9900-10000 |
| अरहर दाल | 10400-10500 |

## रियल एस्टेट शेयर करीब 15 साल के उच्चतम स्तर पर

**नई दिल्ली**, 27 नवम्बर (एजेंसियां)। मजबूत बिक्री और आरबीआई की दरों में बढ़ोतरी पर रोक के बाद रियल्टी इंडेक्स मार्च 2019 के निचले स्तर से 89 फीसदी ऊपर है। जेफ़रीज़ ने एक रिपोर्ट में कहा है कि सेक्टर वैल्यूएशन (पीबीएक्स) अब 2021 के पीक के करीब है, जिससे रीरेटिंग हेडरूम, विदेशी ब्रोकरेज कम हो गया है। ग्राहक प्रतिक्रिया का मतलब है कि पूर्व-बिक्री अनुमानों में अपग्रेड अभी भी संभव है। रिपोर्ट में कहा गया है कि हालांकि लगभग 15 साल के उच्चतम स्तर पर प्रोपर्टी शेयरों में गड़बड़ी की गुंजाइश कम है। इसमें कहा गया है कि मार्च 2023 में आरबीआई की दर पर रोक के बाद सेक्टर का मूल्यांकन 2021 के चरम स्तर तक पहुंच गया। त्योहारी सीजन में उछाल के कारण अक्टूबर 2023 में बिक्री शीर्ष-7 शहरों में सालाना आधार पर 20 फीसदी बढ़कर 50,000 से अधिक यूनिट के स्तर पर पहुंच गई है। इन्वेंट्री स्तर में अभी भी गिरावट आ रही है, और मूल्य निर्धारण मजबूत है।



दूसरी तिमाही में मजबूत प्रदर्शन ने हमारे 10-सूचीबद्ध डेवलपर नमूने की बिक्री को 1एच में प्लस 35 प्रतिशत तक बढ़ा दिया है। नवंबर 2023 में मजबूत लॉन्च के साथ, हमारा मानना है कि रिकॉर्ड तीसरी तिमाही की संभावना है। अक्टूबर 2023 के लिए प्रोपेक्विटी के आंकड़ों के हमारे विश्लेषण से पता चलता है कि रिकॉर्ड दूसरी तिमाही के बाद मजबूत तीसरी तिमाही की अच्छी शुरुआत हुई है। शीर्ष-7 शहरों में वॉल्यूम (बेचा गया क्षेत्र) के हिसाब से साल-दर-साल प्रीसेल प्लस 25 प्रतिशत है, 10 प्रतिशत सालाना मिश्रित मूल्य निर्धारण लाभ के साथ।

### गुरुग्राम में 70 प्रतिशत तक बढ़ सकते हैं संपत्ति के दाम

गुरुग्राम में संपत्ति की कीमतों में अभूतपूर्व 70 फीसदी की बढ़ोतरी हो सकती है क्योंकि जिला प्रशासन ने वर्ष 2024 के लिए नए कलेक्टर रेट प्रस्तावित किए हैं। अधिकारियों ने कहा कि प्रस्तावित दरों पर लोगों से 7 दिसम्बर तक आपत्तियां मांगी गई हैं। जिला प्रशासन ने ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में प्रस्तावित नए कलेक्टर रेट जिला प्रशासन की वेबसाइट पर पोस्ट कर दिए हैं। कलेक्टर रेट पर लोग अपनी आपत्तियां और सुझाव 7 दिसंबर तक दे सकेंगे। दावे और आपत्तियों की सुनवाई के बाद प्रशासन की ओर से कलेक्टर रेट सरकार को भेजे जाएंगे। जिला राजस्व अधिकारी पूनम बब्बर ने बताया कि दर्ज आपत्तियों पर आए सुझावों पर विचार किया जाएगा। उन्होंने कहा, 'इसके लिए अलग-अलग समितियां काम करेंगी। सभी सुझावों को ध्यान में रखते हुए नई प्रस्तावित दरें और सुझाव राज्य सरकार को भेजे जाएंगे। सरकार द्वारा नियुक्त समिति अपनी प्रक्रिया पूरी करेगी और प्रशासन को जानकारी भेजेगी।' प्रशासन के सुझाव के अनुसार, बादशाहपुर में कृषि और वाणिज्यिक भूमि की दरों में 40 से 80 प्रतिशत की वृद्धि प्रस्तावित की गई है। फर्रुखनगर में कृषि भूमि के लिए 87 प्रतिशत और वाणिज्यिक भूमि के लिए 35 प्रतिशत तक बढ़ी हुई कीमतें प्रस्तावित की गई हैं। वजीराबाद तहसील क्षेत्र में आवासीय और वाणिज्यिक भूमि की दरों में 61 से 70 प्रतिशत तक बदलाव का प्रस्ताव किया गया है।

## अगस्त से भारत के मिडकैप शेयरों में पैसे नहीं डाल रहे हैं एफआईआई

**नई दिल्ली,** 27 नवम्बर (एजेंसियां)। विदेशियों के भारत के मिडकैप फंडों में निवेश 13 सितंबर को समाप्त सप्ताह में चरम पर था। एलारा सिक्योरिटीज की एक रिपोर्ट के अनुसार, उन्होंने पिछले दो महीनों से मिडकैप में कोई खास निवेश नहीं किया है।

सभी निवेश लार्ज कैप फंडों में जा रहे हैं। मिड और स्मॉलकैप निवेश सपाट हैं। हालांकि, घरेलू स्मॉल कैप निवेश के चलते मिड/स्मॉल कैप मजबूत प्रदर्शन कर रहे हैं। मिडकैप फंडों के लार्जकैप से बेहतर प्रदर्शन करने के बावजूद, हमने देखा है कि एफआईआई उस क्षेत्र में निवेश नहीं कर रहे हैं। रिपोर्ट में कहा गया है, हालांकि, चूंकि प्रदर्शन मजबूत बना हुआ है, इसलिए हमें कोई आउटफ्लो दबाव भी नहीं दिख रहा है। भारत के कुल मार्केट कैप में निफ्टी के मार्केट कैप का अनुपात अक्टूबर 2020 से नीचे गिर रहा है और ऐतिहासिक निचले स्तर पर आ गया है। ऐसी कम रीडिंग पहले जनवरी 2004, सितंबर 2007, नवंबर 2010 और जनवरी 2018 में देखी गई थी। रिपोर्ट में कहा गया है कि हर बार, निचले स्तर से इस अनुपात में विस्तार के साथ बाजार में सुधार हुआ। निचले स्तर से उलटफेर के चरण में, निफ्टी में सुधार पूरे बाजारों की तुलना में छोटा है। मौजूदा चक्र में, हमने इस अनुपात को सितंबर 2022 में निचले स्तर पर पहुंचते देखा (जहां हमने स्मॉल कैप सुधार का एक मजबूत दौर देखा)। हालांकि घरेलू छोटे निवेश में मजबूत पुनरुद्धार ने अप्रैल 2023 के बाद से अनुपात को फिर से नीचे खींच लिया। जैसे ही अनुपात अगस्त 2023 के निचले स्तर पर पहुंचा, हमने देखा कि भारत के मिडकैप फंडों में एफआईआई का प्रवाह रुक गया है। तब से, सभी एफआईआई तरलता लार्ज कैप में जा रही है।




## इंडिगो ने पूछताछ, टिकट बुकिंग के लिए जीपीटी-4 तकनीक के साथ एआई चैटबॉट पेश किया

**नई दिल्ली,** 27 नवम्बर (एजेंसियां)। इंडिगो ने जीपीटी-4 तकनीक द्वारा संचालित एक एआई चैटबॉट, 6ईस्काई लॉन्च किया है, जिसका उद्देश्य 10 अलग-अलग भाषाओं में यात्रियों के प्रश्नों के जवाब देना और संपूर्ण नेटवर्क पर देश भर में टिकट बुकिंग के लिए अपनी तरह का पहला प्लेटफॉर्म पेश करना है।

एयरलाइन के प्रवक्ता ने कहा कि माइक्रोसॉफ्ट के निकट सहयोग से इंडिगो की डिजिटल टीम द्वारा पूरी तरह से इन-हाउस विकसित, एआई चैटबॉट एयरलाइन के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। इस सफलता के साथ, इंडिगो यात्रियों के अनुभव को बढ़ाने के लिए अत्याधुनिक एआई तकनीक का उपयोग करने वाली क्षेत्र की पहली कुछ एयरलाइनों में से एक बन गई है। प्रवक्ता ने कहा, 'सॉफ्ट लॉन्च के शुरुआती नतीजों से ग्राहक सेवा एजेंट के कार्यभार में उल्लेखनीय 75 प्रतिशत की कमी का संकेत मिलता है, जो बॉट की दक्षता और प्रभावशीलता को दर्शाता है।' प्रवक्ता ने कहा, एआई बॉट प्रभावशाली 1.7 लाख करोड़ मापदंडों का दावा करता है, जो इसे आम तौर पर पूछे जाने वाले विभिन्न प्रकार के प्रश्नों का आसानी से उत्तर देने की अनुमति देता है। इंडिगो के डेटा वैज्ञानिकों की टीम ने जेनरेटिव प्रीट्रेंड ट्रांसफार्मर (जीपीटी) पर गहन शोध किया है और व्यापक प्रॉम्प्ट इंजीनियरिंग का उपयोग करके बॉट को प्रोग्राम किया है। यह मानव व्यवहार की नकल करता है, भावनाओं पर प्रतिक्रिया देता है और यहां तक कि बातचीत में हास्य शामिल कर अपने यात्रियों के लिए अधिक आकर्षक और मनोरंजक अनुभव सुनिश्चित करता है।' प्रवक्ता ने आगे कहा कि 6 ईस्काई कई प्रकार के कार्य करने में सक्षम है, जिसमें टिकट बुक करना, प्रमोशनल छूट लागू करना, ऐडऑन बुक करना, वेब चेक-इन करना, सीट चयन में मदद करना, यात्रा की योजना बनाना, अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्नों का उत्तर देना और ग्राहकों को एक एजेंट के साथ जोड़ना शामिल है। इसके अलावा, बॉट न केवल लिखित या टाइप की गई भाषा को समझने में सक्षम है, बल्कि स्पीच-टू-टेक्स्ट मॉडल का उपयोग करके मौखिक निर्देशों को भी समझने में सक्षम है। इंडिगो के इफ्लाई विभाग और कस्टमर एक्सपीरियंस की सीनियर वाइस प्रेसिडेंट सुम्मी शर्मा ने कहा, 'ग्राहक अनुभव को बेहतर बनाने के लिए हमारी चल रही प्रतिबद्धता के हिस्से के रूप में हम अपने एआई-संचालित चैट असिस्टेंट 6ईस्काई को पेश करते हुए रोमांचित हैं।' शर्मा ने कहा, 'यह अभिनव उपकरण हमारे यात्रियों को निर्बाध सहायता प्रदान करेगा, उनकी यात्रा आवश्यकताओं के लिए त्वरित और व्यक्तिगत सहायता प्रदान करेगा, जो तकनीकी प्रगति और ग्राहक-केंद्रित सेवाओं के प्रति इंडिगो के समर्पण को दर्शाता है।'




### सार संक्षेप

#### टिकटॉक की मूल कंपनी बाइटडांस ने गेमिंग डिवीजन में बड़े पैमाने पर छंटनी की शुरू

**सैन फ्रांसिस्को।** टिकटॉक की पैरेंट कंपनी बाइटडांस ने अपने गेमिंग डिवीजन में बड़े पैमाने पर छंटनी शुरू कर दी है, जिसके चलते 'नुवर्स' कर्मचारियों के बीच हलचलें तेज हो गई हैं। टेकक्रंच के अनुसार, दो साल के सुस्त प्रदर्शन के बाद नुवर्स नामक गेमिंग डिपार्टमेंट अपने परिचालन को काफी हद तक कम कर रहा है। बाइटडांस के प्रवक्ता ने टेकक्रंच को बताया, 'हम नियमित रूप से बिजनेस रिव्यू करते हैं और लॉन्ग-टर्म स्ट्रेटेजी ग्रोथ एरिया पर फोकस करते हैं। हालिया रिव्यू के बाद, हमने अपने गेमिंग बिजनेस को पुनर्गठित करने का मुश्किल फैसला लिया है।' 2021 में नुवर्स में लगभग 3,000 लोग थे और पिछले कुछ सालों में कर्मचारी संख्या उसी स्तर पर बनी हुई है। बाइटडांस ने 4 बिलियन डॉलर के डील में शंघाई-गेमिंग स्टूडियो मूनटन टेक्नोलॉजी का अधिग्रहण किया। यह जुलाई 2016 में रिलीज हुए मोबाइल मल्टीप्लेयर ऑनलाइन बैटल एरेना (एमओबीए) गेम मोबाइल लीजेंड्स, बैंग बैंग के लिए जाना जाता है। ऐसी रिपोर्ट भी सामने आई कि बाइटडांस मूनटन को बेचने के विकल्प तलाश रहा है। रिपोर्टों के अनुसार, बाइटडांस डेवलपमेंट के तहत गेमिंग प्रोजेक्ट्स को बंद कर देगा और संभावित रूप से नुवर्स में मौजूदा गेमिंग टाइटल बेच देगा। नुवर्स का सबसे अच्छा गेम ऑनलाइन कार्ड गेम 'मार्वल स्नैप' है, जिसे यूएस स्टूडियो सेकेंड डिनर द्वारा विकसित किया गया है। अन्य टाइटल 'वन पीसः द वॉयज' और 'क्रिस्टल ऑफ एटलैंड' हैं।

#### अनिल गोयल के जाने के बाद बायजू ने जिनी थाटिल को सीटीओ नियुक्त किया

**नई दिल्ली।** एडटेक क्षेत्र की प्रमुख कंपनी बायजू ने अनिल गोयल के कंपनी छोड़ने के बाद सोमवार को जिनी थाटिल को अपना मुख्य प्रौद्योगिकी अधिकारी (सीटीओ) नियुक्त करने की घोषणा की। गोयल तीन साल बाद कंपनी छोड़ रहे हैं। कंपनी ने कहा, थाटिल, जो इंजीनियरिंग के वरिष्ठ उपाध्यक्ष के रूप में कार्यरत हैं, उनके पास इंजीनियरिंग टीमों के निर्माण और विस्तार, व्यवसाय और ग्राहक परिणाम देने और कई उत्पाद लाइनों तथा प्लेटफार्मों में नवाचार लाने का व्यापक अनुभव है। बायजू के भारत सीईओ अर्जुन मोहन ने एक बयान में कहा, 'हमें जिनी थाटिल को बायजू के सीटीओ के रूप में पदोन्नत करते हुए खुशी हो रही है। उनका व्यापक अनुभव और नेतृत्व कौशल उन्हें इस महत्वपूर्ण भूमिका के लिए आदर्श उम्मीदवार बनाता है क्योंकि हम अधिक दक्षता और स्थिरता के लिए पुनर्निर्माण जारी रखते हैं।' कंपनी के अनुसार, यह परिवर्तन परिचालन दक्षता को और बढ़ाने के लिए बायजू के चल रहे रणनीतिक पुनर्गठन और अपनी नेतृत्व टीम के पुनर्संरचना का हिस्सा है। सॉफ्टवेयर उद्योग में 25 वर्षों से अधिक के करियर वाले थाटिल ने ई-कॉमर्स, विज्ञापन, एनालिटिक्स, भुगतान, ऑनलाइन बैंकिंग, व्यक्तिगत वित्त, बिजनेस इंटेलिजेंस, हेल्थकेयर और परिवहन सहित विविध डोमेन में नेतृत्व और गहरी समझ का प्रदर्शन किया है।

## पूर्वांचल के युवाओं को हुनरमंद बनाने के लिए गीडा में खुलेगा स्किल डेवलपमेंट सेंटर

**गोरखपुर,** 27 नवम्बर (एजेंसियां)। पूर्वी उत्तर प्रदेश के युवाओं को इसी अंचल के उद्योगों की आवश्यकताओं के अनुरूप कुशल बनाकर रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा। इसके लिए गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण (गीडा) में स्किल डेवलपमेंट सेंटर खोला जाएगा। गीडा की पहल पर यह सेंटर राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (नाइलिट) द्वारा खोला और संचालित किया जाएगा।

गीडा के स्थापना दिवस समारोह 30 नवंबर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के समक्ष इस स्किल डेवलपमेंट सेंटर के लिए एमओयू का आदान-प्रदान किया जाएगा। समारोह में प्लास्टिक पार्क के उद्यमियों को कच्चा माल उपलब्ध कराने के लिए गैस ऑथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (गेल) के साथ भी समझौता करार का हस्तांतरण होगा।



गीडा के मुख्य कार्यपालक अधिकारी अनुज मलिक का कहना है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा कौशल विकास प्रशिक्षण देकर इस क्षेत्र के युवाओं को यहीं रोजगार उपलब्ध कराने की है। इसके दृष्टिगत नाइलिट के साथ एमओयू किया जा रहा है। इस एमओयू का आदान-प्रदान गीडा दिवस पर सीएम योगी के सामने किया जाएगा।

मुख्य कार्यपालक अधिकारी के मुताबिक स्किल डेवलपमेंट सेंटर के लिए गीडा की तरफ से नाइलिट को 9,280 वर्ग मीटर स्थान में निर्मित भवन निशुल्क उपलब्ध कराया जायेगा। यहां स्थानीय युवाओं को उद्योगों की मांग के अनुरूप रोजगारपरक प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस केंद्र में नए सेक्टर जैसे इंफॉर्मेशन एंड टेक्नोलॉजी (आईटी), आर्टीफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), मशिन लर्निंग आदि के लिए भी ट्रेनिंग दी जाएगी।

उन्होंने बताया कि गीडा के स्थापना दिवस पर महत्वाकांक्षी प्लास्टिक पार्क प्रोजेक्ट को और गति मिलेगी। प्लास्टिक पार्क में लगने वाली यूनिट्स को परियोजना स्थल पर ही गेल की तरफ से कच्चा माल सुलभ होगा। इसके लिए 30 नवंबर को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सामने एमओयू का आदान-प्रदान संपन्न होगा। गीडा की तरफ से प्लास्टिक पार्क प्रोजेक्ट गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे के किनारे सेक्टर-28 में 88 एकड़ विकसित किया गया है। यहां प्लास्टिक उद्योग की 92 इकाइयों के लिये स्थान एवं समस्त आवश्यक अवस्थापना सुविधाएं उपलब्ध होगी। इसमें लगभग 5,000 व्यक्तियों को रोजगार मिल सकेगा। प्लास्टिक पार्क में 35 उद्यमियों को भूखंड आवंटन की कार्यवाही की जा चुकी है। इस आवंटन में लगभग 165 करोड़ रुपये का निवेश प्रस्तावित है।

## तीसरी तिमाही में सबसे बड़ी सेमीकंडक्टर फर्म बनी एनवीडिया, इंटेल, सैमसंग, टीएसएमसी को पछाड़ा

**सैन फ्रांसिस्को,** 27 नवम्बर (एजेंसियां)। ग्राफिक्स चिप की दिग्गज कंपनी एनवीडिया इस साल की तीसरी तिमाही में इंटेल, सैमसंग और ताइवान सेमीकंडक्टर मैन्युफैक्चरिंग कंपनी (टीएसएमसी) को पछाड़कर सबसे अधिक मुनाफा कमाने वाली सेमीकंडक्टर कंपनी बन गई है। ताइपे स्थित वित्तीय विश्लेषक डैन निस्टेड ने 2021 की पहली तिमाही के बाद से सभी तिमाहियों के लिए इंटेल, एनवीडिया, सैमसंग सेमीकंडक्टर और टीएसएमसी से वित्तीय परिणाम संकलित किए और आंकड़ों से पता चला कि एनवीडिया दुनिया की सबसे अधिक लाभदायक चिप कंपनी बनने के लिए अन्य सभी को पीछे छोड़ चुकी है।



निस्टेड्ट ने एक्स पर पोस्ट किया, 'एनवीडिया ने टीएसएमसी, इंटेल और सैमसंग को पछाड़ते हुए तीसरी तिमाही में चिप इंडस्ट्री के राजस्व का ताज अपने नाम कर लिया, क्योंकि जेनेरिक एआई प्रवृत्ति लगातार मजबूत हो रही है।' उन्होंने कहा, एनवीडिया 2023 में इंटेल और सैमसंग को पछाड़कर पूरे साल के चिप राजस्व में दूसरा स्थान हासिल कर सकता है, जबकि टीएसएमसी खिताब लेने की राह पर है।' यह खबर सबसे पहले सैममोबाइल द्वारा रिपोर्ट की गई। इस साल की तीसरी तिमाही में एनवीडिया का राजस्व 18.12 बिलियन डॉलर था, 10.42 बिलियन डॉलर के लाभ के साथ, 206 प्रतिशत (वर्ष-दर-वर्ष) की वृद्धि, डेटा केंद्रों के लिए एआई चिप्स के साथ अधिकांश लाभ हुआ। इसकी तुलना में, दुनिया की सबसे बड़ी कॉन्ट्रैक्ट चिप निर्माता कंपनी टीएसएमसी ने 17.28 अरब डॉलर का राजस्व और 7.21 अरब डॉलर का मुनाफा कमाया। 2023 की तीसरी तिमाही में इंटेल का राजस्व 14.16 बिलियन डॉलर था, लेकिन उसे 8 मिलियन डॉलर का नुकसान हुआ। सैमसंग सेमीकंडक्टर, सैमसंग की चिप डिजाइनिंग और विनिर्माण शाखा का राजस्व 12.52 बिलियन डॉलर था लेकिन घाटा 2.86 बिलियन डॉलर था।

## जिंसों में टिकाव

**नई दिल्ली,** 27 नवम्बर (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर उठाव कमजोर पड़ने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल समेत सभी जिंसों में टिकाव रहा।



तेल-तिलहन: वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में दिसंबर का पाम ऑयल वायदा 15 रिंगिट फिसलकर 3767 रिंगिट प्रति टन पर आ गया। वहीं, दिसंबर का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.66 सेंट की तेजी के साथ 50.95 सेंट प्रति पौंड बोला गया।

इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

गुड़-चीनी: मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे।


दाल-दलहन: दाल-दलहन बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के भाव टिके रहे।

अनाज : अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम में कोई बदलाव नहीं हुआ।

## सैमसंग ने नए व्यावसायिक अवसर तलाशने के लिए नई यूनिट का किया अनावरण

**सोल,** 27 नवम्बर (एजेंसियां)। मेमोरी चिप्स और स्मार्टफोन बनाने वाली दुनिया की सबसे बड़ी निर्माता सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स ने सोमवार को कहा कि उन्होंने अपने टॉप-लेवल के अधिकारियों के वार्षिक फेरबदल के हिस्से के रूप में नए व्यावसायिक अवसरों को एक्सप्लोर करने के लिए एक यूनिट की स्थापना की है। कंपनी ने एक बयान में कहा, 'फ्यूचर बिजनेस प्लानिंग डिवीजन' नामक यूनिट का नेतृत्व लंबे समय से सैमसंग के कार्यकारी जून यंग-ह्यून करेंगे, जो वर्तमान में सैमसंग समूह की डिस्प्ले यूनिट सैमसंग एसडीआई कंपनी के उपाध्यक्ष हैं।

वार्षिक फेरबदल में सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स के दो सह-सीईओ हान जोंग-ही और क्यूंग के-ह्यून ने अपने पद बरकरार रखे, जो कंपनी के नेतृत्व को स्थिर करने के लिए एक स्पष्ट कदम था, चेयरमैन ली जे-योंग के पदभार संभालने के लगभग एक साल बाद। चेयरमैन ली जे-योंग के पदभार संभालने के लगभग एक साल बाद, वार्षिक फेरबदल में सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स के दो सह-सीईओ हान जोंग-ही और क्यूंग के-ह्यून ने कंपनी के नेतृत्व को स्थिर करने के लिए एक स्पष्ट कदम में अपने पदों को बरकरार रखा। सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स ने बयान में कहा, यह यूनिट को उसके मौजूदा परिचालन से परे नए व्यावसायिक अवसरों को एक्सप्लोर करने के लिए बनाया गया। फेरबदल के तहत दो उपाध्यक्षों को भी पदोन्नत किया गया। योंग सेओक-वू, जिन्होंने कंपनी के डिस्प्ले डिवीजन में विभिन्न पदों पर काम किया है, को अध्यक्ष के रूप में पदोन्नत किया गया और वह डिस्प्ले डिवीजन के प्रभारी होंगे।





किम वोन-क्योंग, जो 2012 में सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स में शामिल हुए थे, को अध्यक्ष के रूप में पदोन्नत किया गया और वह वैश्विक सार्वजनिक मामलों पर कंपनी के प्रभाग का नेतृत्व करेंगे। सैमसंग के लेटेस्ट फेरबदल का दायरा पिछले फेरबदल की तुलना में छोटा था। पिछले साल, कुल सात अधिकारियों को अध्यक्ष पद पर पदोन्नत किया गया था, जिसमें कंपनी की पहली महिला अध्यक्ष ली यंग-ही भी शामिल थीं। इस फेरबदल को एक संकेत के रूप में भी देखा जा रहा है कि सैमसंग टॉप लेवल के कार्यकारी पदों के लिए अधिक युवा प्रतिभाओं को आकर्षित करने के लिए आगे बढ़ रहा है, जिसमें योंग 1970 के दशक में पैदा हुए पहले कंपनी अध्यक्ष बने हैं। यह फेरबदल ऐसे समय में हुआ है, जब लंबे समय से चली आ रही वैश्विक आर्थिक मंदी और संघर्षरत सेमीकंडक्टर उद्योग ने सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स के तिमाही प्रदर्शन पर संकट के बादल मंडरा दिए हैं। इस साल की पहली और दूसरी तिमाही में, सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स ने क्रमशः 640.2 बिलियन वॉन (491 मिलियन डॉलर) और 668.5 बिलियन वॉन का परिचालन लाभ दर्ज किया, जो 2009 की पहली तिमाही के बाद से सबसे कम तिमाही आय है।

# खेल जगत

## विश्व कप के दौरान बाहर बैठना बुरा लगा : ईशान

**तिरुवनंतपुरम,** 27 नवंबर (एजेंसियां)। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ लगातार अर्धशतक बनाने के बाद विकेटकीपर-बल्लेबाज ईशान किशन वर्ल्ड कप 2023 के दौरान प्लेइंग-11 से बाहर होने पर थोड़ा बुरा महसूस करने के बाद वह अपने अवसरों का ज्याद से ज्यादा लाभ उठा रहे हैं। एक बार जब शुभमन गिल डेंगू से उबर गए, तो ईशान किशन को विश्व कप के दो मैच खेलने के बाद प्लेइंग-11 से बाहर कर दिया गया। टूर्नामेंट में भारत का दमदार प्रदर्शन रहा लेकिन फाइनल में टीम को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हार मिली। विशाखापत्तनम में टी20 श्रृंखला के शुरुआती मैच में 39 गेंदों में 58 रन बनाने के बाद, किशन ने तिरुवनंतपुरम में दूसरे मैच में 32 गेंदों में 52 रन बनाए। मैच खत्म होने के बाद ईशान ने जियो सिनेमा से कहा, मुझे लगता है कि यह सब भूख है। विश्व कप में हम एक चैंपियन टीम की तरह खेले और मैं चूक गया। मुझे थोड़ा बुरा लग रहा था, लेकिन आप इसमें कुछ नहीं कर सकते।



# भारत ने दूसरी टी-20 मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया को 44 रनों से हराया



**तिरुवनंतपुरम** 26 नवम्बर (एजेंसियां) भारतीय खिलाड़ियों ने बल्ले के बाद गेंद से बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए ऑस्ट्रेलिया को दूसरे टी-20 मुकाबले में आज 44 रनों से हरा दिया। भारत की ओर से जायसवाल,गायकवाड़ और किशन ने अर्धशतकी पारी खेल कर बड़ा स्कोर खड़ा किया। वहीं रवि बिश्नोई और प्रसिद्ध कृष्णा ने तीन-तीन विकेट लेकर ऑस्ट्रेलिया को कमर तोड़ दी। इसी के साथ भारत ने पांच मैचों की श्रृंखला में 2-0 की बढ़त बना ली है। 236 रनों के लक्ष्य का पीछ करने उतरी ऑस्ट्रेलिया की शुरुआत खराब रही है और तीसरे ही ओवर में उसने सलामी बल्लेबाज मैथ्यू शॉर्ट 19 का विकेट खो दिया। इसके बाद पांचवें ओवर में बिश्नोई ने जोश इंग्लिस दो रन को पवेलियन भेज दिया। अक्षर पटेल ने छठें ओवर में ग्लेन मैक्सवेल 12 रन को जयसवाल के हाथों कैच आउट कराया। मार्कस स्टॉयनिस 45 रन और टिम डेविड 37 रन ने अच्छी साझेदारी करते हुए कुछ बेहतरीन शॉट लगाये। मार्कस स्टॉयनिस को मुकेश ने अक्षर के हाथों कैच आउट कराया। वहीं टिम डेविड, बिश्नाई की गेंद पर गायकवाड़ के हाथों लपके गये। शॉन ऐबट एक रन और नेथन एलिस एक रन को पी कृष्णा ने बोल्ड आउट कर ऑस्ट्रेलिया की कमर तोड़ दी। 17वें ओवर में अर्शदीप ने जम्पा को एक रन बोल्ड कर ऑस्ट्रेलिया का नौवां विकेट गिरा दिया। ऑस्ट्रेलिया के कप्तान मैथ्यू वेड 23 गेंदों में 42 रन बनाकर तथा तनवीर संघा दो रन बनाकर नाबाद रहे। ऑस्ट्रेलिया की टीम निर्धारित 20 ओवरों में नौ विकेट पर 191 रन ही बना सकी। भारत की ओर से रवि बिश्नोई और प्रसिद्ध कृष्णा के तीन-तीन विकेट लिये। वहीं अर्शदीप सिंह, अक्षर पटेल और मुकेश कुमार ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

इससे पहले सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल 53 रन, ऋतुराज गायकवाड़ 58 रन और उसके बाद इशान किशन 52 रनों के अर्धशतकों तथा रिकूं के नौ गेंदों में 31 रनों की बेहतरीन पारी की बदौलत भारत ने पांच टी-20 मैचों की श्रृंखला में दूसरे मुकाबले में रविवार को ऑस्ट्रेलिया को जीत के लिए 236 रनों का लक्ष्य दिया है। आज यहां ग्रीनफील्ड अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर भारत को पहले बल्लेबाजी का न्योता दिया। बल्लेबाजी करने उतरी भारत की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 5.5 ओवरों में 77 रन जोड़ कर टीम को जोरदार शुरुआत दी। एलिस ने जम्पा के हाथों कैच कराकर यशस्वी जायसवाल 53 रन को पवेलियन भेज कर भारत को पहला झटका दिया। जायसवाल ने 25 गेंदों में नौ चौके और दो छक्कों की मदद से 53रन बनाये। उसके बाद बल्लेबाजी करने आये इशान किशन ने आक्रामक रूख अख्तियार करते हुए 32 गेंदों में तीन चौकों और चार छक्कों की मदद से 52 रन ठोक डाले। उन्हें स्टॉयनिस ने एलिस के हाथों कैच आउट कराया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये कप्तान सूर्यकुमार यादव ने दो छक्कों की मदद से 10 गेंदों में 19 रन बनाये। उन्हें एलिस की गेंद पर स्टॉयनिस ने कैच आउट किया। 20 ओवर की दूसरी गेंद पर ऋतुराज गायकवाड़ 58 रन पर चौथे विकेट के रूप में आउट हुये। उन्होंने अपनी पारी में तीन चौके और दो छक्के लगाये। रिंकू सिंह नौ गेदों में 31 रन बनाकर नाबाद रहे। उन्होंने अपनी आतिशी पारी में चार चौके और दो छक्के लगाये। तिलक वर्मा सात रन बनाकर नाबाद रहे।

भारत ने टी-20 मुकाबले के निर्धारित 20 रनों में 235 रनों का ऐतिहासिक स्कोर खड़ा किया है।

## सभी खिलाड़ी काफी अच्छा खेल रहे है : सूर्यकुमार

तिरुवंतपुरम। भारतीय टी-20 टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव ने कहा कि सभी खिलाड़ियों के अच्छा खेलने से कप्तान के रूप में मेरे ऊपर दबाव नहीं बनने दे रहे है। सूर्यकुमार यादव ने कल टी-20 श्रृंखला का दूसरा मुकाबला जीतने के बाद कहा, सभी खिलाड़ी काफी अच्छा कर रहे हैं। साथ ही वह मेरे ऊपर एक कप्तान के तौर पर ज्यादा दबाव नहीं बनने दे रहे हैं। मैंने पहले ही अपने खिलाड़ियों से कह दिया था कि पहले बल्लेबाजी करने के लिए तैयार रहें और उसी हिसाब से तैयार करें। पिछले मैच में भी हमने रिंकू सिंह को देखा था और इस मैच में भी उन्होंने काफी अच्छा खेला। रिंकू सिंह ने कहा, मैंने पहले भी कहा है कि मैं काफ़ी समय से इस पोज़िशन पर खेल रहा हूं। मैं पूरा प्रयास करता हूं कि स्वयं को शांत रखूं। मैं ज्यादा कुछ नहीं सोचता, बसी यही चाहता हूं कि जैसा गेंद आए, वैसा शॉट खेला जाए। हमारे ड्रेसिंग रूम का माहौल काफ़ी अच्छा है। मुझे फ़िनिश करने का काम दिया गया है और मैं अपने दिमाग में भी वही रखता हूं। मैं अभ्यास भी उसी तरह से करता हूं कि मुझे अंतिम के पांच-छह ओवर में बल्लेबाज़ी करने को मिलेगा।

## भारत का बेस्ट फिनिशर बनने के लिए तैयार हैं रिंकू सिंह



**तिरुवनंतपुरम,** 27 नवम्बर (एजेंसियां)। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच खेली जा रही पांच मैचों की टी20 सीरीज में रिंकू सिंह धूम मचा रहे हैं। पहले मैच में 14 गेंदों में नाबाद 22 रन बनाकर भारत की सफल जीत के आखिरी क्षणों में अहम भूमिका निभाने के बाद, रिंकू सिंह एक बार फिर नौ गेंदों पर नाबाद 31 रन बनाकर स्क्रिप्ट को अंतिम रूप देने में सफल रहे। इसमें 19वें ओवर में सीन एबॉट पर लगाए गए तीन चौके और दो छक्के शामिल हैं।

आईपीएल 2023 में अपनी तूफानी बल्लेबाजी से लाइमलाइट में आने वाले रिंकू सिंह आज टीम इंडिया के बेस्ट फिनिशर बन चुके हैं।

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू टी20 सीरज में वो अपनी फिनिशिंग टच से फैंस का दिल जीत रहे हैं। सीरीज के पहले मैच में चेज करते हुए उन्होंने अंतिम ओवरों में टीम की जीत पक्की की। फिर, दूसरे मैच में अंतिम ओवरों में तूफानी पारी खेलकर टीम को एक विशाल स्कोर तक पहुंचटा दिया।

उनकी पारी ने सुनिश्चित किया कि भारत को 235/4 का स्कोर मिले, जो रविवार रात ग्रीनफील्ड इंटरनेशनल स्टेडियम में ऑस्ट्रेलिया पर 44 रन से जीत दिलाने के लिए पर्याप्त था। रिंकू ने फिनिशर के रूप में अपनी सफलता का श्रेय शांति और अपने बल्लेबाजी स्थान के प्रति सचेत रहने को दिया।

मैच के बाद उन्होंने कहा, मैं इस नंबर पर काफी बल्लेबाजी करता हूं। इसलिए, मैं इस स्थिति को जानकर निश्चिंत हूं। मैं प्रत्येक गेंद को उस स्थान के अनुसार खेलना पसंद करता हूं जहां वह गिरती है। मैं यह देखने की कोशिश करता हूं कि यह धीमी गेंद है या तेज और मैं उसी के अनुसार प्रतिक्रिया देता हूं।

रिंकू ने यह भी बताया कि वह मैचों के दौरान फिनिशर के रूप में अपनी भूमिका के लिए कैसे तैयारी करते हैं।

रिंकू ने कहा, मुझे पता है कि मुझे खेल ख़त्म करने के लिए कभी-कभी 5-6 ओवर या शायद कभी-कभी 2 ओवर मिलेंगे। मैं बिल्कुल इसी तरह अभ्यास करता हूं जैसे कि मैं अंतिम ओवरों में बल्लेबाजी कर रहा हूं। वीवीएस सर ने भी मुझे नेट्स में खेलने के लिए यही कहा है।

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी20 के लिए भारत के कप्तान सूर्यकुमार यादव ने रिंकू की फिनिशिंग क्षमताओं की प्रशंसा की।

सूर्यकुमार ने यह भी संकेत दिया कि रिंकू की फिनिशिंग क्षमताएं उन्हें किसी खास खिलाड़ी की याद दिलाती हैं जो भारत के लिए ऐसा ही करते थे। लेकिन उन्होंने नाम उजागर नहीं करने का फैसला किया।

हालांकि, हर कोई जानता है कि भारत के लिए यह किसने किया है और सूर्या एमएस धोनी की बात कर रहे थे। भारत अब पांच मैचों की श्रृंखला में 2-0 से आगे है।

## बंगलादेश की बदली हुई टीम न्यूजीलैंड के खिलाफ मुकाबले को बनाएगी रोमांचक : हथुरुसिंघा



इस सीरीज में कई वरिष्ठ खिलाड़ी विभिन्न कारणों से श्रृंखला से बाहर हो रहे हैं, टीम एक नए रूप में होगी। शाकिब अल हसन उंगली की चोट के कारण नहीं खेल पाएंगे, लिटन दास को पितृत्व अवकाश पर है और तस्कीन अहमद को कंधे की चोट के कारण बाहर रहेंगे: हथुरुसिंघा

**सिलहट,** 27 नवम्बर (एजेंसियां)। बंगलादेश और न्यूजीलैंड के बीच होने वाली आगामी टेस्ट श्रृंखला में युवाओं के समायोजन वाली बदली हुई टीम मुकाबले को रोमांचक बनायेगी।

बंगलादेश के मुख्य कोच चंडिका हाथुरुसिंघा का मानना है कि न्यूजीलैंड के खिलाफ आगामी टेस्ट श्रृंखला युवाओं के लिए एक रोमांचक अवसर है।

आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप के निराशाजनक अभियान के बाद न्यूजीलैंड के साथ घरेलू मैदान पर होने वाले दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला के लिए टीम प्रारूप में बदलाव करेगा।

इस सीरीज में कई वरिष्ठ खिलाड़ी विभिन्न कारणों से श्रृंखला से बाहर हो रहे हैं, टीम एक नए रूप में होगी। शाकिब अल हसन उंगली की चोट के कारण नहीं खेल पाएंगे, लिटन दास को पितृत्व अवकाश पर है और तस्कीन अहमद को कंधे की चोट के कारण बाहर रहेंगे। इसके अलावा सीनियर ओपनर तमीम इकबाल भी दावेदारी से बाहर हैं।

आईसीसी की एक रिपोर्ट के अनुसार हाथुरुसिंघा ने पत्रकारों के साथ बातचीत में कहा कि इतना अनुभव खोना बंगलादेश के लिए एक बड़ा झटका है।

उन्होंने कहा, किसी भी टीम से विशेषकर बंगलादेश के लिए इतना अनुभव खोना चुनौतीपूर्ण है। वे लोग 15 साल से अधिक समय से हर प्रारूप में टीम का हिस्सा रहे हैं इनमें से कुछ दस साल से टीम में है।

उन्होंने कहा कि इसका मतलब केवल यह है कि बंगलादेश की उभरती क्रिकेट प्रतिभाओं के लिए अवसर खुल गए हैं। हथुरुसिंघा ने कहा, हालांकि यह आगे देखने वाली बात है कि युवा क्या कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि यह बदलाव का भी समय है।

उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि अब समय आ गया है कि हमें कुछ ऐसे खिलाड़ियों से आगे बढ़ने की ज़रूरत है जो लंबे समय से खेल रहे हैं। वे हमेशा वहां नहीं रहने वाले हैं।

उन्होंने कहा, चुनौती यह है कि इन लोगों ने अभी तक पर्याप्त क्रिकेट नहीं खेला है। इसलिए आगे बढ़ने के लिए हमारी योजना इससे थोड़ी बेहतर होनी चाहिए और गेंदबाजी और बल्लेबाजी में हर स्थिति के लिए खिलाड़ियों का एक बड़ा पूल उपलब्ध कराना होगा।

बंगलादेश और न्यूजीलैंड के बीच पहला टेस्ट मंगलवार से सिलहट में खेला जायेगा।

## हम जू. महिला हॉकी विश्व कप में सकारात्मक नतीजो के साथ पदक जीतने को बेताब : सुनीलिता टोपो

**नई दिल्ली,** 27 नवम्बर (देशबन्धु)। ओडिशा की 16 बरस की तेज तर्रार स् ट्राइकर सुनीलिता टोपो बुधवार से सांतियागो (चिली) में शुरु हो रहे एफआईएच जूनियर हॉकी विश्व कप 2023 में फुलबैक प्रीति की अगुआई में शिरकत करने जा रही भारतीय महिला हॉकी टीम की सबसे कम उम्र की खिलाड़ी हैं। सुनीलिता भारत की ओर से दुनिया के सबसे बड़े मंच पर खेल कर अपने कौशल को दिखाने के लिए बेहद रोमांचित हैं। सुनीलिता टोपो भी ओडिशा की उसे हॉकी उर्वर अंचल सुंदरगढ़ से आती हैं जिसने भारत को हॉकी इंडिया के मौजूदा अध्यक्ष चार ओलंपिक में भारत की नुमाइंदगी कर चुके फुलबैक दिलीप टिर्की जैसे बेहतरीन फुलबैक और नमिता टोपो, दीप ग्रेस एक्का जैसी बेहतरीन हॉकी खिलाड़ी दी हैं।

सुनीलिता ने भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम के लिए इसी साल जूनियर महिला एशिया कप में खेल कर आगाज किया। मात्र केवल 16 बरस की होने के बावजूद 2023 में सुनीलिता के शानदार खेल के कारण उन्हे भारतीय सीनियर महिला हॉकी शिविर के लिए भी बुलावा आया। सुनीलिता बताती हैं, % मैं एफआईएच जूनियर महिला हॉकी विश्व के लिए भारतीय जूनियर टीम का हिस्सा बन फख्र महसूस कर रही हूं। मेरे यह जूनियर महिला हॉकी विश्व कप बड़े मंच पर अपने देश की नुमाइंदगी का मौका है। हमारी जूनियर भारतीय महिला हॉकी टीम में कई ऐसी बेहतरीन खिलाड़ी हैं,जिन्होंने बीते एक बरस में देश के लिए बेहतरीन प्रदर्शन किया है। हमें देश के लिए विभिन्न टूर्नामेंट में खेल कर बेशकीमती अनुभव मिला। हमें पूरा भरोसा है कि इस अनुभव के साथ हम जूनियर महिला हॉकी विश्व कप में अपनी पूरी क्षमता से प्रदर्शन कर पाएंगी। हम जूनियर महिला हॉकी विश्व कप में दुनिया की शीर्ष टीमों के खिलाफ अपना कौशल दिखाने को बेताब हैं। हम जूनियर महिला हॉकी विश्व कप में सकारात्मक नतीजों के साथ पदक जीतने को बेताब हैं।'



■ हम दुनिया की शीर्ष टीमों के खिलाफ अपना कौशल दिखाने को बेताब

सुनीलिता ने साई ट्रेनिंग सेंटर (एसटीसी) में हॉकी खेलने शुरू की, जहां की लड़कियों के वहीं रहकर हॉकी सहित कई खेलों के प्रशिक्षण की व्यवस्था है। 2018 में सुनीलिता को हॉकी खेलते हुए कंधे में चोट लग गई लेकिन तब सपोर्ट स्टाफ उनकी मदद को आगे आया और उन्हें बताया कि चोट से कैसे बचा जा सकता है। ओडिशा की गुजरात 2022 के राष्ट्रीय खेलों में हॉकी में बढ़िया प्रदर्शन के बाद सुनीलिताा का राष्ट्रीय हॉकी शिविर के लिए चयन हुआ।

सुनीलिता टोपो बताती हैं। %जब मैने अपने गांव के उत्सव में जब पहली बार महिलाओं को हॉकी खेलते देखा तभी उसे हॉकी की बाबत मालूम पड़ा। मैंने तब अपने पिता को हॉकी खेलने की इच्छा की बाबत बताया। मेरे पिता ने तब उन्होंने मेरा परिचय मेरे गांव के करीब के एक कोच से कराया। जब मैंने पहले पहल हॉकी खेलना शुरू किया तब मेरे पास हॉकी खेलने के लिए ढंग की हॉकी स्टिक नहीं थी। तब मुझे बांस से बनी हॉकी से हॉकी खेलनी पड़ी। तब हॉकी खेलने के मेरे जुनून को जानकर मेरे करीब के रिश्तेदार मेरी मदद को आए और हॉकी खेलने के लिए हॉकी स्टिक जैसा जरूरी सामान मुहैया कराया।'

## मुंबई ने ट्रेड विंडो के जरिए हार्दिक को अपनी टीम में शामिल किया

**मुंबई,** 27 नवंबर (एजेंसियां)। आईपीएल ने सोमवार को एक बयान में कहा कि गुजरात टाइटंस (जीटी) के कप्तान हार्दिक पांड्या दोनों फ्रेंचाइजी के बीच ट्रेड के बाद अपनी पहली फ्रेंचाइजी मुंबई इंडियंस में वापस जाने के लिए तैयार हैं। स्टार ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या ने गुजरात टाइटन्स के साथ दो महत्वपूर्ण वर्ष बिताए और उनके अभियान का आत्मविश्वास के साथ नेतृत्व किया। 2022 में जीटी के पहले सीज़न में हार्दिक ने एक शानदार शुरुआत की, जिसमें टीम ने प्रतिष्ठित ट्रॉफी जीती। जबकि, वे दूसरे सीजन में एक रोमांचक फाइनल में आखिरी गेंद पर



खिताब से चूक गए और उपविजेता रहे। एक अन्य ट्रेड में मुंबई इंडियंस ने कैमरन ग्रीन को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के हाथों ट्रेड कर दिया है। मुंबई इंडियंस ने पिछली आईपीएल नीलामी के दौरान 17.50 करोड़ रुपये बोली लगाकर कैमरन ग्रीन को खरीदा था। अब मुंबई ने हार्दिक को अपने साथ जोड़ने के लिए यह बड़ा फेरबदल किया है। ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी ने आईपीएल में शानदार शुरुआत की। ग्रीन ने एक नाबाद शतक और दो अर्धशतक लगाए जबकि छह विकेट भी लिए। दोनों ट्रेड मौजूदा खिलाड़ी की फीस के अनुसार किए गए हैं।

## गुजरात टाइटंस ने शुभमन गिल को बनाया टीम का नया कप्तान

नई दिल्ली। गुजरात टाइटंस ने शुभमन गिल को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 के लिए टीम का नया कप्तान बनाया है। गुजरात फ्रेंचाइजी की आधिकारिक घोषणा के अनुसार शुभमन गिल आईपीएल के अगले सत्र के लिए टीम के कप्तान होंगे। गिल पहली बार आईपीएल में किसी टीम का नेतृत्व करेंगे। गिल ने गुजरात टाइटंस की कप्तानी मिलने पर कहा, मुझे गुजरात टाइटंस की कप्तानी संभालने पर खुशी और गर्व है और इतनी अच्छी टीम का नेतृत्व करने के लिए मुझ पर भरोसा करने के लिए फ्रेंचाइजी को धन्यवाद देता हूं। उन्होंने कहा, हमारे पास दो असाधारण सीज़न हैं और मैं क्रिकेट के हमारे रोमांचक ब्रांड के साथ टीम का नेतृत्व करने को लेकर उत्साहित हूं। उल्लेखनीय है कि रविवार को गुजरात टाइटंस के कप्तान हार्दिक पंड्या मुंबई इंडियंस में चले गए थे। मुंबई ने आईपीएल इतिहास की सबसे बड़ी ट्रेड करते हुए 15 करोड़ में हार्दिक को अपनी टीम में शामिल किया था।



## अक्षर व बिश्नोई ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई : प्रसिद्ध

**तिरुवनंतपुरम,** 27 नवंबर (एजेंसियां)। भारत के तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा ने अक्षर पटेल और रवि बिश्नोई की स्पिन-गेंदबाजी जोड़ी की प्रशंसा की, जिन्होंने 44 रनों की जीत के दौरान अपने महत्वपूर्ण विकेटों से टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई। दरअसल, ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरा टी-20 मुकाबला तिरुवनन्तपुरम में खेला गया, जिसमें भारतीय टीम ने 236 रनों का लक्ष्य दिया था। इसके जवाब में कंगारू टीम 191 रन ही बना सकी।

भारत की ओर से तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा और स्पिनर रवि बिश्नोई मैच में छाए रहे। दोनों को 3-3 विकेट भी मिले। जबकि, अक्षर, अर्शदीप और मुकेश कुमार ने 1-1 विकेट लिया। प्रसिद्ध ने मैच के बाद कहा, अक्षर और बिश्नोई ने जिस तरह से ओस पड़ने के बावजूद गेंदबाजी की वो शानदार था। उन्होंने बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने यह भी खुलासा किया कि भारत विशाखापत्तनम में टी-20 सीरीज के शुरुआती मैच से ही ओस से निपटने की योजना बना रहा था। इसका प्रभाव तिरुवनंतपुरम में शुरू हुआ जब मुकेश कुमार आठवां ओवर फेंक रहे थे।

प्रसिद्ध ने कहा, हम विजाग में भी ओस से निपटने की योजना बना रहे थे। लेकिन, सौभाग्य से हमें ऐसा नहीं करना पड़ा। हम जानते थे कि ओस एक बड़ी भूमिका निभाएगी। यह वास्तव में गीला था, यहां तक कि आठवें ओवर में जब मुकेश गेंदबाजी कर रहे थे, उन्होंने मुझे बताया कि बहुत अधिक ओस थी। यह भारत में खेलने की चुनौती का हिस्सा है। एक गेंदबाजी इकाई के रूप में हमें इससे निपटना सीखना होगा। पीठ में स्ट्रेस फ्रैक्चर के कारण एक साल की अनुपस्थिति के बाद प्रसिद्ध ने प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी की और उन्हें हार्दिक पांड्या के प्रतिस्थापन के रूप में वनडे विश्व कप टीम में देर से शामिल किया गया।

## सार संक्षेप

### इटली ने 47 साल बाद जीता डेविस कप खिताब

**मलागा।** यानिक सिनर के शानदार प्रदर्शन की बदौलत इटली ने फाइनल मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया को हराकर 47 साल बाद डेविस कप 2023 का खिताब जीत लिया। स्पेन के मलागा में रविवार को टेनिस में दुनिया की चौथी वरीयता प्राप्त सिनर ने एलेक्स डि मिनोर को फाइनल के दूसरे एकल मुकाबले में 6-3, 6-0 से हराकर इटली की 2-0 से जीत सुनिश्चत की। मातियो अर्नाल्डी ने पहले एकल मुकाबले में एलेक्सेई पोपिरिन को 7-5, 2-6, 6-4 से हराकर इटली को 1-0 की बढ़त दिलाई थी। उल्लेखनीय है कि शनिवार को सेमीफाइनल मुकाबले में सिनर ने दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी नोवोक जोकोविच को एकल और युगल दोनों मुकाबलों में पराजित किया था। डेविस कप को टेनिस का विश्वकप कहा जाता है।

### बीबीएल सीजन 13 में वापसी करेंगे स्टीव स्मिथ

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाज स्टीव स्मिथ ने एक बार फिर सिडनी सिक्सर्स की मैजेंटा जर्सी पहनकर बिग बैश लीग (बीबीएल) में अपनी वापसी का खुलासा किया है। सिडनी क्रिकेट ग्राउंड (एससीजी) में 8 दिसंबर को बीबीएल सीजन 13 का पहला मैच होगा, जहां सिडनी सिक्सर्स का मुकाबला मेलबर्न रेनेगेड्स से होगा। क्रिकेट.कॉम.एयू के हवाले से स्मिथ ने कहा कि फ्रेंचाइजी के साथ वापस आना बहुत अच्छा है और वह आगामी सीज़न में अपनी छाप छोड़ने के लिए उत्सुक हैं। स्मिथ ने कहा, सिक्सर्स शर्ट में वापस आना बहुत अच्छा है। मेरे पास सिक्सर्स के लिए खेलने की कुछ बहुत अच्छी यादें हैं। इसलिए मैं फिर से वहां जाने के लिए उत्सुक हूं। हालांकि, बीबीएल 13 में स्मिथ की उपस्थिति की संख्या अनिश्चित बनी हुई है। रेनेगेड्स के खिलाफ शुरुआती मुकाबले में उनकी उपस्थिति सुनिश्चित है। बहुप्रतीक्षित खेल में स्मिथ अपने विश्व कप विजेता टीम के साथी एडम ज़म्पा से भिड़ सकते हैं, जो हाल ही में स्टार्स से रेनेगेड्स में स्थानांतरित हुए हैं। संयुक्त राज्य अमेरिका और कैरेबियन में होने वाले आगामी टी20 विश्व कप को ध्यान में रखते हुए स्मिथ ने हाल ही में सलामी बल्लेबाज की भूमिका निभाई है, जो कि टी20 में ऑस्ट्रेलिया के लिए इस स्थिति की गारंटी देने की उनकी महत्वाकांक्षाओं के अनुरूप एक सोचा-समझा कदम है।